YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-259 | शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



कांग्रेस के शासन में कर्नाटक में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से विफल और ध्वस्त हो गई है। प्रदेश में अब महिलाएं अपने घर में भी सुरक्षित नहीं हैं। बेंगलुरु में तीन लोगों ने जबरन घुसकर एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया। — शहजाद पूनावाला

त्योहारों पर भीड़ नियंत्रण के लिए 76 रेलवे स्टेशनों पर बनेंगे होल्डिंग एरियाः रेल मंत्री 11

उत्तराखंड को विश्व बैंक से मिलेगा 680 करोड़ रुपये का सहयोग 11

# आसियान शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेंगे पीएम मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 22 वें आसियान -भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेने के निर्णय से उनकी मलेशिया यात्रा तथा वहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात की संभावनाओं को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) -भारत शिखर सम्मेलन 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालंपुर में हो रहा है।

गुरूवार को पहले प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वयं यह जानकारी दी और बाद में विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 26 अक्टूबर को इस



❒ ट्रंप से मुलाकात की अटकलों पर लगा विराम

सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे।

वक्तव्य में कहा गया है कि श्री मोदी और आसियान नेता संयुक्त रूप से आसियान-भारत संबंधों में प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की पहलों पर चर्चा करेंगे। भारत का कहना है कि आसियान के साथ संबंधों को मजबूत करना उसकी एक्ट ईस्ट नीति और हमारे हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ है। साथ ही वक्तव्य में कहा गया है कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 27 अक्टूबर को कुआलालंपुर में 20वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने तथा क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विकास पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगा। इससे पहले श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष और मेजबान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से बात कर यह ● शेष पेज 11 पर

# ‘बांग्लादेशी घुसपैठियों का बड़ा अड्डा बन रहा लखनऊ‘

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक और वर्तमान में भाजपा से राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बांगलादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या और इनके अपराधिक कृत्यों पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने लखनऊ में रह रहे इन बांग्लादेश के नागरिकों को देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए खतरा बताते हुए मुख्यमंत्री से इन्हें वापस भेजने की अपील की है।

पूर्व पुलिस महानिदेशक और भाजपा सांसद बृजलाल ने आज अपने फ़ेसबुक पेज पर एक लंबी चौड़ी पोस्ट लिखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है। पूर्व डीजीपी ने सुबह टहलने के दौरान ऐसे कुछ महिलाओं और पुरुषों से बातचीत कर उनके मूल निवास के बारे में जानकारी भी करने की बात कही है। यह

❒ पूर्व डीजीपी व भाजपा नेता बृजलाल की चिंता

❒ अपने फ़ेसबुक पेज पर एक लंबी चौड़ी पोस्ट लिखकर मुख्यमंत्री से की अपील

❒ भारत में बांग्लादेशी, रोहंगिया की घुसपैठ एक अंतरराष्ट्रीय साज़िश

लोग खुद को असम का निवासी होने का दावा कर रहे थे, जबकि एक जमाने में खुद पीएसी बटालियन का नेतृत्व करते हुए उन्होंने असम में लंबा समय बिताय था। उन्हें वहां की भौगोलिक स्थित के बारे में पूरी तरह से जानकारी है। बृजलाल ने इन लोगों बांग्लादेश का नागरिक बताते हुए नगर निगम लखनऊ और स्थानीय पुलिस प्रशासन की मंशा पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ही इस पर सख्त फैसला लेकर इन बांग्लादेशियों को वापस भेज सकते हैं।

अब पढ़िए क्या कुछ लिखा है- मैं



गोमतीनगर विस्तार में जब सुबह वॉक करता हूँ तो मुझे ये बांग्लादेशी सफ़ाई करते हुए मिलते हैं। ये अपने को असम का निवासी बताते हैं, परंतु ये सब है अनाधिकृत रूप से रह रहे बांग्लादेशी। पूरे लखनऊ में ये झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रहते हैं। दुखद यह है कि लखनऊ नगर निगम ने इन्हें सफ़ाई कर्मी के रूप में तैनात कर रखा है। गोमतीनगर विस्तार में ख़ाली ज़मीनों और गोमती नदी की तलहटी, नालों के किनारे इनकी बहुत सी झोपड़ियाँ मिल जायेंगी। इनके बारे में न तो लखनऊ पुलिस को चिंता है और न नगर निगम को। नगर निगम ने तो इन्हें सफ़ाईकर्मी बनाकर अलग से मान्यता दे रखी है। ये अपने को असम के बोंगाई गांव का निवासी बताते हैं और कुछ नलबाड़ी, बरपेटा और नौगांव का। असम में यह वही स्थान हैं जहां कंाग्रेस सरकारों में इन्हें वोट-बैंक के तौर पर योजनाबद्ध तरीक़े से बसाया गया था। इंदिरा गांधी इन्ही बांग्लादेशियों के सहारे 1983 का असम चुनाव जीतना चाहती थीं, जिनकी संख्या उस समय लगभग 40 लाख थी। आल असम स्टूडेंट यूनियन , आल असम गण संग्राम की मांग थी कि पहले इन विदेशियों को बाहर करो, तब विधानसभा का चुनाव कराओ। इंदिरा अपनी ज़िद पर अड़ी रहीं, जिसके परिणामस्वरूप 12 फ़रवरी 1983 को नेल्ली दंगा हुआ, जिसने तीन - चार हजार लोग मारे गये थे। उन्होंने लिखा, ''लखनऊ ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा और समृद्धि के लिए मिलकर काम करेंगे भारत और भूटान

**नयी दिल्ली।** भारत और भूटान ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा और समृद्धि के लिए मिलकर काम करने का संकल्प दोहराया है। दोनों देशों के बीच सीमा प्रबंधन और सुरक्षा पर भूटान की राजधानी थिम्पू में हुई 14वीं भारत-भूटान बैठक में यह सहमति बनी। पिछले सप्ताह हुई इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गृह मंत्रालय के सीमा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. राजेंद्र कुमार ने किया जबकि भूटान का नेतृत्व गृह मंत्रालय के सचिव सोनम वांग्येल ने किया। बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग और सीमा प्रबंधन से संबंधित मुद्दों जैसे मोबाइल सिग्नल स्पिलओवर, एकीकृत चेकपोस्टों के लिए भविष्य की रूपरेखा, सीमाओं पर लगे खंभों का रखरखाव और सीमा पार आवागमन की समीक्षा की। उन्होंने भूटान पुलिस के क्षमता निर्माण पर भी बातचीत की। दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने सौहार्दपूर्ण और रचनात्मक चर्चाओं पर संतोष व्यक्त किया और एक सुरक्षित, संरक्षित तथा समृद्ध सीमा क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का अपना संकल्प दोहराया।

### ‘एसआईआर‘ तैयारी पर निर्वाचन आयोग का दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न

**नयी दिल्ली।** राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन राजधानी दिल्ली के भारतीय अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में गुरुवार को संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस अवसर पर चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद थे। सम्मेलन में देश भर के राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने भाग लिया। ज्ञानेश कुमार ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को अपने-अपने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिये। एसआईआर प्रक्रिया पर आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रस्तुतीकरण के बाद, मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के प्रश्नों का भी समाधान किया गया।

### अमेरिका ने रूस की सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। इन प्रतिबंधों का उद्देश्य मास्को पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बनाना है। अमेरिका का यह कदम महीनों से अटकी कूटनीति और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रूख से बढ़ती निराशा के बाद उठाया गया है। श्री ट्रम्प ने नाटो महासचिव मार्क रूट की मेजबानी करते हुए व्हाइट हाउस में पत्रकारों को बताया, ''आज एक बहुत बड़ा दिन है। देखिए, ये बहुत बड़े प्रतिबंध हैं। ये उसकी दो बड़ी तेल कंपनियों के खिलाफ हैं। हमें उम्मीद है कि युद्ध अब समाप्त हो जाएगा।

# तीनों सेनाओं के लिए 79 हजार करोड़ से खरीदे जाएंगे हथियार

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं की जरूरतों को देखते हुए हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए 79 हजार करोड़ रुपये को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लिए गए इन फैसलों से सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम मार्क-2 खरीदने से दुश्मन के लड़ाकू वाहनों को बेअसर करने की क्षमता बढ़ेगी।

साउथ ब्लॉक में बैठक के दौरान लगभग 79 हजार करोड़ रुपये की राशि के विभिन्न सेवाओं के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। भारतीय सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम मार्क-2, ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ईएलआईएनटी सिस्टम (जीबीएमईएस) और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ हाई मोबिलिटी व्हीकल्स (एचएमवी) की खरीद के लिए आवश्यकता की स्वीकृति




❒ डीएसी की बैठक में लिए गए फैसलों से सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा

(एओएन) प्रदान की गई। नाग मिसाइल सिस्टम से भारतीय सेना की दुश्मन के लड़ाकू वाहनों, बंकरों और अन्य क्षेत्रीय किलेबंदी को बेअसर करने की क्षमता बढ़ेगी, जबकि जीबीएमईएस दुश्मन के बारे में 24 घंटे इलेक्ट्रॉनिक खुफिया जानकारी देगा। एचएमवी को शामिल करने से विविध भौगोलिक इलाकों में सशस्त्र बलों को रसद सहायता में काफी सुधार होगा। भारतीय नौसेना के लिए लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स (एलपीडी), 30 मिमी नेवल सरफ़ेस गन (एनएसजी), एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो (एएलडब्ल्यूटी), इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इंफ्रा-रेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और 76 मिमी सुपर रैपिड गन माउंट के लिए स्मार्ट गोला-बारूद खरीदा जाना है। एलपीडी की खरीद से भारतीय नौसेना को भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के साथ उभयचर अभियान संचालन करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा भारतीय नौसेना को शांति अभियानों, मानवीय सहायता और आपदा राहत आदि में भी आसानी होगा। डीआरडीओ के नौसेना विज्ञान और तकनीकी प्रयोगशाला में स्वदेशी रूप से विकसित एएलडब्ल्यूटी पारंपरिक, परमाणु और छोटी पनडुब्बियों को निशाना बनाने में सक्षम है। डीएसी की बैठक में भारतीय वायु सेना के लिए लंबी दूरी तक लक्ष्य साधने वाली विनाश प्रणाली और अन्य प्रस्तावों के लिए एओएन प्रदान किया गया। यह प्रणाली स्वचालित टेक-ऑफ, नेविगेशन, लक्ष्य का पता लगाने और पेलोड पहुंचाने में सक्षम है, जिससे वायु सेना को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

### रक्षा खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए नियमावली जारी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने और कार्य प्रणाली में एकरूपता लाने के लिए नयी रक्षा खरीद नियमावली 2025 गुरूवार को जारी कर दी। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि नई नियमावली प्रक्रियाओं को सरल बनाने के साथ-साथ कार्यप्रणाली में एकरूपता लाएगी और सशस्त्र बलों को संचालन संबंधी तैयारियों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में मदद करेगी। यह नियमावली आगामी एक नवम्बर से लागू होगी और इससे तीनों सेनाओं तथा रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा की जाने वाली लगभग एक लाख करोड़ रुपये की राजस्व खरीद को सुगम बनाएगी। रक्षा मंत्री ने नियमावली में संशोधन के लिए रक्षा मंत्रालय और एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे रक्षा विनिर्माण ● शेष पेज 11 पर

# फोकस सेक्टर डेस्क से प्रदेश में निवेश को मिल रही नई उड़ान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, केमिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश की खुली राह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भारत की सबसे तेजी से उभरती निवेश भूमि बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इंवेस्ट यूपी द्वारा किए जा रहे नवाचारपूर्ण प्रयासों ने प्रदेश को निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बना दिया है। फोकस सेक्टर डेस्क की स्थापना से केवल निवेश प्रक्रिया को सरल बनाया है। फोकस सेक्टर डेस्क टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश को जुटाने में सफल रही है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में फोकस सेक्टर डेस्क की रणनीति ने न केवल निवेश प्रक्रिया को गति दी है, बल्कि ‘विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में ठोस आधार भी तैयार किया है। भारतीय तकनीकी वस्त्र संघ (आईटीटीए), परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई।), भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) और उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (एनआईटीआरए) की साझेदारी से इस सेक्टर में ग्रासिम, ट्राइडेंट, रिलायंस, जीईएसएल और श्याम संस जैसी बड़ी कंपनियां प्रदेश में निवेश कर रही हैं। उनके प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स, एसीएमए, एसएमईवी और एआरएआई जैसी संस्थाओं के सहयोग से प्रदेश में ऑटोमोबाइल उद्योग को नई रफ्तार मिल रही है। अशोक लीलैंड, मिंडा और टाटा मोटर्स (विस्तार परियोजना) जैसे दिग्गज निवेश के लिए तैयार हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज और दीपक नाइट्राइट जैसी कंपनियां बड़े निवेश की योजना पर काम कर रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में डिक्सन, एम्बर, एचसीएल-फॉक्सकॉन, हायर और एलजी जैसी कंपनियों की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, जिससे प्रदेश भारत का अगला टेक मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में अग्रसर है। नैसकॉम के सहयोग से एडोब, एएमडी और जेपी मॉर्गन जैसी वैश्विक कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हैं।

# भारत को पुनः सीओपी 10 ब्यूरो का उपाध्यक्ष चुना गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में 20-22 अक्टूबर 2025 तक आयोजित खेलों में डोपिंग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (सीओपी 10) के दसवें सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह बैठक इस सम्मेलन की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जो विश्व स्तर पर खेलों में डोपिंग को समाप्त करने और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय साधन है।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल में सचिव (खेल) हरि रंजन राव और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के महानिदेशक अनंत कुमार शामिल थे। उन्होंने 190 से अधिक सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अफ्रीकी संघ, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, विश्व ● शेष पेज 11 पर

# बिहार चुनाव में तेजस्वी महागठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा

एजेंसी

पटना। तमाम अतकलो पर विराम लगाते हुए महागठबंधन ने बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव को अपना मुख्यमंत्री चेहरा घोषित कर दिया है।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने गठबंधन की तरफ से आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आज यहां राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया। इस घोषणा के समय



घटक दलों के प्रमुख नेता भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा-माले) के दीपंकर भट्टाचार्य, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के ललन चौधरी और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के मुकेश सहनी उपस्थित थे। वीआईपी) के मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया गया।

श्री गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि उपमुख्यमंत्री पद के लिए और भी नाम सामने आ सकता है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने घोषणा करते हुए कहा कि यह फैसला पार्टी के शीर्ष नेताओं राहुल गांधी और मलिकार्जुन खड़गे के साथ अन्य घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने मिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी के नेतृत्व में महागठबंधन ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था और महज कुछ हजार वोटों के अंतर से सरकार बनाने का मौका गंवा दिया था। ● शेष पेज 11 पर

### विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग की विशेष यूनिट गठित होना जरूरी : मुख्यमंत्री

# एक्सप्रेस-वे पर हर 100 किमी पर छोटी फायर चौकी स्थापित की जाये: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक तथा जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को यहां एक बैठक में अग्निशमन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री केनिर्देशों के बाद विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 तथा अराजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे जनपद, रीजनल और मुख्यालय स्तर पर



फायर सर्विस की कार्यक्षमता और जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बॉयोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं तथा सुपर हाईराइज बिल्डिंग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हो। मुख्यमंत्री ने फायर सर्विस को अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित जनशक्ति से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउंट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही, राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेंडर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन ऑवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारंभ किया जा सके। बैठक में बताया गया कि नई ऑपरेशनल इकाइयों के रूप में कुशीनगर, आजमगढ़, श्रावस्ती, कानपुर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट और सोनभद्र एयरपोर्ट पर अग्निशमन सेवाओं की समुचित जनशक्ति पहले ही तैनात की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फायर सर्विस जनता के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जो हर परिस्थिति में त्वरित, कुशल और उत्तरदायी प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्र जनता तक पहुँच सके।

### बसपा नेता समसुद्दीन रायनी पार्टी से निष्कासित

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने पार्टी में गुटबाजी और अनुशासनहीनता के मामलों पर सख्त रुख अपनाया है। पार्टी की अनुशासन समिति की सिफारिश पर उन्होंने कद्दावर मुस्लिम नेता समसुद्दीन रायनी को बसपा से निष्कासित कर दिया है। रायनी पर पार्टी विरोधी गतिविधियों और गुटबाजी में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के स्तर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि रायनी को कई बार संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया। पार्टी हितों के विपरीत आचरण और अनुशासनहीनता के चलते उन्हें संगठन से बाहर किया गया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि मायावती अब संगठन में सक्रिय और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को आगे लाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। निष्क्रिय और गुटबाजी करने वाले नेताओं पर एक के बाद एक कार्रवाई की जा रही है।

# गौशाला में अगल बगल मृत पड़े गौवंश,कुत्तो को मिल रहा आहार

**चन्नी गौशाला में भूसा न होने से आराम फरमा रहे गौवंश, आये दिन हो रही मौत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव, प्रयागराज। एक तरफ योगी सरकार गौवंश सरक्षण के नाम पर लाखों रुपये पानी की तरह बहा रही लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बया कर रही । ब्लाक कोराव के अंतर्गत बेलहट गाव में अस्थाई गौशाला बना हुआ सैकड़ो से अधिक गौवंश गौशाला में रह रहे लेकिन लगता है गौ पालक या जिम्मेदार द्वारा भरपेट भूसा चारा पानी मुहैया नही कराया जाता चुकी जंगल पहाड़ में बना गौशाला में पत्थर चाट रहे कई ऐसे पशु वहाँ देखे गए नियमित गौ पालक भी नही रहते आवारा कुत्ते गौशाला के अंदर घुसकर छोटे छोटे बछड़े को काटते नोचते है गौशाला के अंदर जो बड़े मवेसी है जब भूसा आता है उनके आगे कमजोर छोटे मवेसी भूसा चारा भी नही खा पाते साथ ही आसपास मवेशियों के हड्डी का जखीरा है जो मवेसी मृत हो जाते है उन्हें एक ढेलिया से आसपास ही फ़ेक दिया जाता है फिर उन्हें कुत्ते आदि जानवर नोच - नोच खाकर अपनी हवस पूरा करते है हड्डी को एक बाहर का एक आदमी आता है उसे उठा ले जाता है सुनसान जंगल होने के कारण लगता है कोई गौशाला चेक करने नही जाता जिस कारण अब्वस्था का आलम है गौशाला के आसपास दो तीन महीने से भेड़ चरा रहे भवरहा गाव के रहने वाले दया शंकर पाल ने बताया कि मैं दो महीने से देख रहा हु लगभग दो दर्जन गौवंश मर चुके है भरपेट भूसा ब्यवस्था नही दिया जाता आयेदिन मौत होती रहती है वही किहुनी में बना अस्थाई गौशाला में कुछ भूसा बारिश में भीग जाने के कारण खराब हो गया उसी खराब पड़ा भूसा को गौवंश को दिया जा रहा साथ ही आधा दर्जन के लगभग छोटे - छोटे बछड़े व गौवंश को फोड़ा हो गया है वह फोड़ा फुट फुट कर खून निकल रहा उसी के कारण कुछ की मौत भी हो चुकी है डॉ द्वारा इलाज मुहैया नही कराया जा रहा वहाँ पर मौजूद गौ पालक ने बताया कि भूसा बारिश में भीग गया था लगभग 15 दिन से डॉ भी गौशाला में नही आये न जाने कौन सी बीमारी हो गई है आयेदिन पशुओ की मौत हो रही साथ ही इसी प्रकार पसना में मुख्य गेट पर लिखा है बिना आज्ञा के अंदर बहन आना जाना सख्त मना आज्ञा से ग्राम प्रधान यह हाल इस सरकार में है कि यदि किसी को गौशाला में जाना होगा तो पहले ग्राम प्रधान से अनुमति लेना होगा इस यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि गौशाला में ब्यवस्था कितना अच्छा हो सकता है आसपास के लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गौशाला में मनमानी बहुत है लेकिन गाव के लोग डर के कारण शिकायत नही करते है पशुओ को नियमित समय से भूसा व अन्य पौष्टिक आहार उपलब्ध नही कराया जाता जिस कारण गौवंश काफी कमजोर होते जा रहे सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए औचक निरीक्षण व जाँच कार्रवाही की माँग की है खण्ड विकास अधिकारी कोराव मनोज कुमार सिह ने कहा मैं दिखवाता हू। वही चीफ वेटनरी आफिसर नारायण यादव ने बताया कि गौशाला संचालन समिति द्वारा कोई सूचना नही मिला है फिर भी कल मैं दिखवाता हू।

## त्योहार पर यात्रियों के लिए दो विशेष ट्रेनों का संचालन, उत्तर मध्य रेलवे ने जारी किया शेड्यूल

प्रयागराज । त्योहारों के मद्देनज़र यात्रियों की बढ़ती सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने दो विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इन ट्रेनों में एक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनसऽहावड़ा विशेष अनारक्षित ट्रेन और दूसरी रानी कमलापतिऽदानापुर छठ पूजा साप्ताहिक विशेष ट्रेन शामिल है।01065 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनसऽहावड़ा वन वे अनारक्षित विशेष ट्रेन 23 अक्टूबर 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रात 00:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 24 अक्टूबर को शाम 6:20 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 00:42 बजे पहुंचेगी और 00:47 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन में कुल 18 कोच (16 सामान्य और 2 एसएलआर) लगाए गए हैं।इसके अलावा 01663/01664 रानी कमलापति, दानापुर, रानी कमलापति छठ पूजा साप्ताहिक विशेष एक्सप्रेस का संचालन भी किया जाएगा। यह ट्रेन 24 अक्टूबर को रानी कमलापति से चलेगी और 25 अक्टूबर को दानापुर से वापसी करेगी। ट्रेन में 23 कोच होंगे।

# फरार वांछित अभियुक्त के घर पर हुई उद्घोषणा की कार्यवाही



**थाना सोहागी यूपी एमपी बॉर्डर का मुलजिम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज । यूपी एमपी बॉर्डर के थाना कोरांव एवं सोहागी में फरार अभियुक्त ग्राम सभा चिरांव थाना कोरांव निवासी अयोध्या सिंह पुत्र राम सनेही सिंह पटेल के विरुद्ध पंजीकृत मुकद्दमा अपराध संख्य 379/2025 धारा 308 (4) 238 बी एन एस में फरार चलने पर अंतर्गत धारा 84 बी एन एस में संबंधित न्यायालय में उपस्थित होने के लिए मध्य प्रदेश सासन द्वारा उद्घोषणा जारी की गई है।इस सम्बन्ध में थाना सोहागी जिला रीवा द्वारा बृहस्पतिवार 23 अक्टूबर 2025 को कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम चिरांव में अभियुक्त अयोध्या सिंह पुत्र राम सनेही सिंह पटेल के घर पर उद्घोषणा तामिल कराई गई। तामिला कार्यवाही में एस आई प्रभारी संजीव शर्मा ने दल बल के साथ मौजूद रहे।

## मादक पदार्थो की तस्करी में दो युवक गिरफ्तार पच्चीस लाख का गांजा बरामद




प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले स्थित गंगानगर के सोरांव थाना एवं एसओजी व सर्विलांस सेल ने गुरूवार को गांजा की अवैध तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने तस्करों के कब्जे से लगभग 25 लाख का गांजा एवं एक ट्रक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के भोजपुर जिले के कुष्णगढ़ थाना क्षेत्र के फरादा बिहार गांव निवासी आशीष पाण्डेय पुत्र रघुवीर और कौशाम्बी जिले के सैनी थाना क्षेत्र में स्थित धमावा चकिया गांव निवासी विजय कुमार पुत्र बच्चा हैं। डीसीपी गंगानगर ने बताया कि गुरूवार की भोर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अवैध गांजा से लोड एक डम्फर प्रयागराज से होते हुए प्रतापगढ़ जा रहा है। इस सूचना पर सोरांव थाना व गंगा नगर की एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू कर दिया। इस दौरान प्रयागराज प्रतापगढ़ हॉइवे स्थित भावापुर टोल प्लाजा के पास रूकवाकर तलाशी की गई तो उक्त डम्फर से 234 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। जिसकी बाजार में आनुमानित कीमत 25 लाख रूपये है। पुलिस टीम ने ट्रक के साथ उक्त दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया।पूछताछ के दौरान आरोपित आशीष पाण्डेय ने बताया कि वह वाहन सं0-गख्र 06 इ 9508 का चालक है तथा अपने एक अन्य साथी खलासी विजय कुमार के साथ अपने ट्रक मालिक राजेश सोनकर पुत्र कमलेश सोनकर निवासी ग्राम चकिया धमावा पोस्ट रामपुर जनपद कौशाम्बी के साथ मिलकर गांजा असम से तस्करी कर लाते हैं व ट्रक मालिक के बताये हुए स्थान पर डिलीवरी करते हैं। आज हम लोग गांजा पहुंचाने चाकवन टोल प्लाजा (कौशाम्बी) जा रहे थे तभी रास्ते में पुलिस ने पकड़ लिया। उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि ट्रक मालिक राजेश सोनकर उपरोक्त तथा आशुतोष मिश्र उर्फ अनुज मिश्र पुत्र स्वर्गीय अशोक मिश्र निवासी पयासी का पूरा कुढा थाना नवाबगंज प्रयागराज मिलकर गांजा असम से बिहार होते हुए कौशाम्बी लाने का कार्य करते हैं।

## प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर खंड में चला विशेष टिकट चेकिंग अभियान

प्रयागराज । प्रयागराज मण्डल में गुरूवार को चले चेकिंग अभियान में बिना टिकट यात्रा करने वाले 102 यात्रियों से 79,320 रुपए जुर्माना एवं अनियमित यात्रा करने वाले 9 यात्रियों से 4300 रुपये तथा गंदगी फैलाने वाले 8 यात्रियों से 800 रुपये जुर्माना वसूल किया गया।यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि प्रयागराज मण्डल अपने सभी यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग हिमांशु शुक्ला के निर्देशन में विविध तरह के अभियान चलता रहता है। इसी कड़ी में आज मुख्य वाणिज्य निरीक्षक प्रयागराज छिवकी ओमप्रकाश ने 4 चेकिंग स्टाफ की टीम के साथ प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन तथा प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर खंड में अनबुक्ड लगेज, अनियमित टिकट, गंदगी, अवैध वेंडिंग के खिलाफ अभियान चलाया।पीआरओ ने बताया कि इस अभियान में गाड़ी 12362 आसनसोल सुपरफास्ट एक्सप्रेस, गाड़ी 13201 मुम्बई लोकमान्य तिलक, जनता एक्सप्रेस, गाड़ी 12176 हावड़ा चंबल एक्सप्रेस, गाड़ी 01143 दानापुर फ़ेस्टिवल स्पेशल (लोकमान्य तिलक-दानापुर) को चेक किया गया। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन अपने सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलगाड़ी तथा रेल परिसर में गन्दगी न फैलाएं तथा वैध टिकट के साथ यात्रा करें।

## कायस्थ पाठशाला की जीत में आदित्य चमके

प्रयागराज । कायस्थ पाठशाला क्लब ने कालिदास क्लब को 161 रन से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में वामहस्त स्पिनर आदित्य यादव की अचूक गेंदबाजी (8-1-27-5) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। केपी कॉलेज मैदान पर गुरूवार को खेले गए मैच में कायस्थ पाठशाला क्लब ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 237 रन (मयंक दुबे 51, तेजस मिश्र 37, हर्षित नारायण तिवारी 36, देवांश पाठक 26, विश्वास सक्सेना 23, अभिनव तिवारी 19, विवान राज 2/24, सिद्धार्थ वर्मा 2/34, विशेष आनंद 2/35) बनाए।जवाब में कालिदास क्लब की पूरी टीम 21 ओवर में 76 रन (अनस अहमद व मोहम्मद अरमान 17-17, सलमान खान 13, आदित्य यादव 5/27, अभिनव तिवारी 2/08, आदर्श पांडेय व मयंक मिश्रा ने एक-एक विकेट) बना लिए। मैच में हितेश श्रीवास्तव व विपिन यादव अम्पायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

## कायस्थ समाज सदैव नैतिकता बुद्धि और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का करता है निर्वाहन : पवन श्रीवास्तव



प्रयागराज । कायस्थ समाज सदैव नैतिकता बुद्धि और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करता है। यह बात गुरुवार को भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन अर्चन का कार्यक्रम पूरी भव्यता एवं दिव्यता के साथ धूमनगंज स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व पार्षद व भाजपा प्रवक्ता पवन श्रीवास्तव ने कही।उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी के आशीर्वाद से कायस्थ समाज में अनेक विभूतियों क्रमशः स्वामी विवेकानन्द, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस, जय प्रकाश नारायण, लाल बहादुर शास्त्री, डॉक्टर हरिवंश राय बच्चन, अभिनेता अमिताभ बच्चन, गायक मुकेश कुमार, कवित्री महादेवी वर्मा, गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे अनेक लोगों ने जन्म लेकर कायस्थ समाज को शीर्ष पर पहुंचाते हुए समाज का मान बढ़ाया है।भाजपा नेता पवन श्रीवास्तव के अगुवाई में पूरे मनोयोग से जयंती समारोह श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भगवान श्री चित्रगुप्त की कथा का श्रवण करते हुए कलम दवात की पूजा की।मुख्य यजमान कायस्थ समाज के वरिष्ट नेता डॉक्टर शुशील सिन्हा ने कहा कि कायस्थ समाज को धर्म से जोड़ते हुए संगठित करना ही मेरे जीवन का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को अभियान बनाकर नगर के सभी मोहल्लों में भगवान श्री चित्रगुप्त जी के मंदिर के निर्माण एवं पूर्व के मंदिरों का सौन्दर्यीकरण करने का संकल्प भी लिया।उक्त अवसर पर वीर कृष्ण श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, देवेश श्रीवास्तव, कुशाग्र श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# प्रयागराज नगर निगम की नई व्यवस्था अब आठ की जगह चार जोन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। नगर निगम मुख्यालय के चक्करों से अब लोगों को राहत मिलने जा रही है। शासन ने स्थानीय प्रशासनिक ढांचे को सशक्त और जनसुलभ बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में अब आठ की जगह केवल चार जोन बनाए जाएंगे। शासनादेश के अनुसार, प्रत्येक जोन में 25-25 वार्ड शामिल किए जाएंगे और वहां अनुभवी अधिकारियों की तैनाती की जाएगी, जो नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित करेंगे।नगर आयुक्त साई तेजा ने बताया कि शासनादेश प्राप्त होने के बाद नगर निगम शीघ्र ही कार्य योजना पर काम शुरू करेगा। नई व्यवस्था को अगले छह महीनों के भीतर लागू करने का लक्ष्य रखा गया है।नई नीति के तहत प्रत्येक जोन कार्यालय में जलकर और गृहकर भुगतान, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गमन सहित अन्य नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। किसी भी समस्या की स्थिति में नागरिक सीधे जोनल अधिकारी से संपर्क कर समाधान पा सकेंगे।नगर निगम प्रशासन का कहना है कि इस जोन पुनर्गठन से लोगों के अधिकांश कार्य नजदीकी स्तर पर ही निपटाए जा सकेंगे, जिससे मुख्यालय पर निर्भरता घटेगी और सेवा वितरण अधिक प्रभावी होगा।

# पेट्रोल पंप कांड में धूमनगंज थाना प्रभारी निलंबित सात अभियुक्तों पर 25-25 हजार का इनाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । धूमनगंज थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर हुई घटना के मामले में पुलिस विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस आयुक्त प्रयागराज ने घटना में लापरवाही बरतने के आरोप में थाना प्रभारी धूमनगंज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही, घटना के शीघ्र अनावरण के लिए सात टीमों का गठन किया गया है जो लगातार दबिश देकर आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

बता दें कि प्रयागराज में मुंडेरा चुंगी पर दिनदहाड़े रोडवेज ड्राइवर मुन्ना पासी की ईंट-पत्थर से पीटकर हत्या कर दी गई थी जिसके बाद इलाके मे हड़कंप मच गया था और जीटी रोड पर चक्का जाम कर दिया गया था। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने प्रयागराजऽकानपुर हाईवे जाम कर पथराव और तोड़फोड़ भी किया गया था ।घटना को लेकर पुलिस आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों और गठित टीमों के साथ बैठक की। बैठक में पुलिस उपायुक्त नगर ने बताया कि घटना में नामजद सभी सात अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिए कि घटना में किसी भी स्तर पर की गई लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।पुलिस उपायुक्त नगर द्वारा बताया गया कि निलंबित थाना प्रभारी के विरुद्ध विभागीय जांच भी प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही, पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि अभियुक्तों को शरण देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ हत्या के अभियुक्त को शरण देने के अपराध में कठोर कार्यवाही की जाएगी।इस बीच गठित पुलिस टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं और पुलिस को उम्मीद है कि अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी कर घटना का पर्दाफाश जल्द किया जाएगा।

# सो रहा है प्रशासन, सजी है झोलाछाप डॉक्टरों की मंडी

**स्वास्थ्य विभाग पर मोटी रकम लेकर नजरअंदाज करने का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। जहां सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं प्रयागराज जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। क्षेत्र में दर्जनों अवैध नर्सिंग होम और झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम गरीब और असहाय मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि शंकरगढ़ की राम भवन मार्केट सहित आसपास के इलाकों में बिना डिग्री और पंजीकरण वाले डॉक्टर मरीजों का इलाज और यहां तक कि ऑपरेशन तक कर रहे हैं। कई मरीज गलत इलाज के चलते अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं।कैनविज टाइम्स संवाददाता अमरनाथ झा ने जब इस संबंध में प्रयागराज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की, तो उनसे बात नहीं हो पाई। लोगों का आरोप है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के संरक्षण में ही यह फर्जी नर्सिंग होम फल-फूल रहे हैं।स्थानीय जनता ने शासन से मांग की है कि शंकरगढ़ क्षेत्र में संचालित सभी अवैध नर्सिंग होम और झोलाछाप डॉक्टरों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। अगर जल्द ही कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो गरीब मरीजों का शोषण इसी तरह जारी रहेगा और सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं पर पानी फिरता रहेगा।

# जीएसटी अधिकारी बनकर रंगबाजी करने वाले दो शराबी पकड़े गए

**युवती से छेड़छाड़ के आरोप में सिविल लाइंस पुलिस ने किया गिरफ्तार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। सिविल लाइंस क्षेत्र में मंगलवार रात दो शराबी युवकों ने खुद को क्व्ट्ठ अधिकारी बताकर दुकानों में रंगबाजी की और एक युवती से अभद्रता करने लगे। स्थानीय लोगों ने जब विरोध किया तो आरोपी धमकाने लगे।सूचना मिलते ही सिविल लाइंस पुलिस तत्काल मौके पर बसड्डा क्षेत्र में पहुंची और दोनों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस ने शराब के नशे में धुत्त दोनों युवकों को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों युवक काफी देर से एक युवती के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे और खुद को सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को गुमराह कर रहे थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के विरुद्ध उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# सरदार पटेल की जयंती पर भाजपा आयोजित करेगी विभिन्न कार्यक्रम : संजय गुप्ता

**सरदार पटेल की जंयती पर ‘रन फॉर यूनिटी’ का होगा आयोजन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । भाजपा महानगर की आगामी होने वाले कार्यक्रम की बैठक भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में गुरूवार को हुई। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्र के गौरव थे और उनकी अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिसके कारण भारत ‘एक भारत, श्रेष्ठ भारत’ बन कर उभरा। उनकी जयंती पर ‘रन फॉर यूनिटी’ का आयोजन होगा।महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरदार पटेल के विराट व्यक्तित्व को लेकर रन फॉर यूनिटी का आयोजन करने जा रही जो सरदार पटेल की विराट व्यक्तित्व दर्शन डालेगी। जिसको लेकर भाजपा प्रयागराज महानगर द्वारा 25 अक्टूबर को शाम 4 बजे भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में जिला कार्य समिति के बैठक करेगी। 25 एवं 26 अक्टूबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन करेगी, 31 अक्टूबर सरदार पटेल की जन्म जयंती पर सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मारक समिति अलोपी बाग स्थित सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा।उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी कार्यकर्ता सरदार पटेल का स्मरण करते हुए हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर एकता की दौड़ लगाएंगे। इसके अलावा प्रयागराज महानगर के सभी 1216 बूथों पर सरदार पटेल की तस्वीर पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा स्कूल कॉलेज और सार्वजनिक पार्कों में रनिंग का कार्यक्रम का आयोजन और श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। एक से 7 नवम्बर के मध्य स्कूल कॉलेज में सरदार पटेल पर आधारित निबंध, रंगोली, कला, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा और महानगर के तीनों विधानसभा में विधानसभा स्तर पर 8 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि सभी कार्यक्रमों को लेकर महानगर एवं विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम संयोजक सह संयोजक नियुक्त किए गए हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20413-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.11.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14224-SLR-F2-BSB-RGD-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.11.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14235-SLR-F2-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.11.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14235-SLR-F1-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.11.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14235-SLR-R1-BSB-BE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 07.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.11.2025 समय 12:10 बजे |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3284/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ठाकुरगंज के राधाग्राम में युवक पर चली गोली, युवक घायल, आरोपी फरार

**शाहरूख ने उमेश को मारी गोली, गंभीर रूप से घायल, हालत नाजुक**

**असलहा लहराते हुए हमलावर मौके से फरार**


कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। एकता नगर में हुई गोलीबारी का मामला शांत भी नहीं पड़ा था कि ठाकुरगंज क्षेत्र स्थित मल्लाही टोला के राधा ग्राम में बुधवार को किसी बात को लेकर सलीम कबाड़ी के बेटे शाहरूख राधा ग्राम निवासी उमेश को फिल्मी अंदाज में गोली मार दी। गोली लगते ही उमेश खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। गोली चलने की खबर मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक ठाकुरगंज क्षेत्र स्थित मल्लाही टोला राधा ग्राम निवासी उमेश परिवार के साथ रहते हैं। बताया जा रहा है कि वहीं के रहने वाले सलीम कबाड़ी के बेटे शाहरूख और उमेश के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि बेखौफ शाहरूख असलहे से उमेश के ऊपर गोलियों की बौछार कर दी। गोली की आवाज सुनकर लोगों में भगदड़ मच गई और गोली लगने से घायल उमेश लड़खड़ाकर वहीं गिर पड़े। पुलिस घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर असलहा लहराते हुए मौके से भाग निकला। पुलिस के मुताबिक पीड़ित परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# घर से निकली और लौट न सकी रानी ट्रेन हादसे में दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। थाना दुबग्गा क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतका की पहचान रानी (उम्र 44 वर्ष) पत्नी नरेश कुमार, निवासी मौलवी खेड़ा मजरा अमेठिया सलेमपुर थाना दुबग्गा के रूप में हुई है।

सुबह करीब 8 बजे आरपीएफ की ओर से सूचना मिली कि काकोरी फाटक के पास एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक दुबग्गा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान अमेठिया सलेमपुर के पति मिथिलेश कुमार ने बताया कि मृतका रानी का मानसिक संतुलन कुछ समय से ठीक नहीं था। जिसके चलते वह सुबह घर से बिना बताए निकल गई थीं। थोड़ी देर बाद ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर उसका शव देखा।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है और मामले में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।




## समेसी गांव में चोरी का प्रयास, एक चोर हत्थे चढ़ा तीन फरार

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के समेसी गांव में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। बाउंड्री दीवाल तोड़कर चोर आंगन में घुसकर कमरे की कुंडी तोड़कर चोरी का प्रयास कर रहे थे तभी खटपट की आवाज सुन परिजन जाग गए। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने एक युवक किशन तिवारी को लोहे के बेलचे समेत पकड़ लिया, जबकि उसके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पकड़े गए युवक को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी पूर्व में भी दो बार चोरी का प्रयास कर चुका है। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया वहीं अन्य चोरों की तलाश की जा रही है।

# भारत का चेहरा बनकर उभरी अयोध्या : गिरीशपति त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या की ब्रांड वैल्यू निरंतर बढ़ रही है। यहां पिछले वर्ष 22 करोड़ पर्यटक आए थे और इससे साफ है कि अयोध्या पूरे भारत का चेहरा बन कर उभरी है।



महापौर त्रिपाठी पाटेश्वरी मंदिर परिसर में बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे अयोध्या जिले के छात्रों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। 137 देशों ने भगवान राम को स्वीकार किया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि बाहर पढ़ाई करने के कारण आप सब अयोध्या के सांस्कृतिक दूत हैं।

महंत त्रिपाठी ने बनारस और मथुरा वासियों की तरह क्षेत्रीय लगाव की चर्चा करते हुए इंटरनेट प्लेटफार्म एक्स, फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप के इस्तेमाल का सुझाव दिया। भाजपा नेता रवि तिवारी ने सुझाव दिया कि अध्यात्म के क्षेत्र में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर अयोध्या में प्रोफ़ेशनल उद्योग को बढ़ावा देने की जरूरत है। प्रतिष्ठित सीए सजन अग्रवाल ने जिले का नामकरण अयोध्या के नाम पर करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया ।

इस अवसर पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर आयुष सिंह , अस्तित्ववत्स पांडे, वनस्थली की छात्रा मानसी पांडे, दीक्षा आदि ने अपने अपने विचार रखे और सुझाव भी दिए। कार्यक्रम का आयोजन पार्षद प्रतिनिधि अजय पांडे ने किया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद संतोष सिंह, रामशंकर निषाद, अनूप श्रीवास्तव, सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, अवनीश पांडे, पार्षद हरिश्चंद्र गुप्त, विशाल पाल, देवेंद्र सिंह, विपिनेश पांडे, ओमप्रकाश सिंह नाहर, भाजपा नेता हेमंत जायसवाल, आलोक द्विवेदी, पवनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में संभ्रांत नागरिक एवं छात्र मौजूद थे। इससे पूर्व मेधावी छात्रों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# यूपी में धान की सरकारी बिक्री के लिए पौने दो माह में 1.37 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । योगी सरकार की नीतियों को अन्नदाता किसानों का साथ मिल रहा है। आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। खरीद सत्र 2025-26 में धान बिक्री के लिए पहली सितम्बर से किसानों द्वारा पंजीकरण शुरू किया गया। 23 अक्टूबर (दोपहर 12 बजे) तक 1,37,166 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। योगी सरकार ने 4000 क्रय केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 3790 क्रय केंद्र स्थापित हो गए हैं। यह केंद्र किसानों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर यह खरीदारी कर रही है।

--1.37 लाख से अधिक किसानों ने करा लिया पंजीकरणखाद्य व रसद विभाग के मुताबिक धान बिक्री के लिए किसान तेजी से पंजीकरण करा रहे हैं। 23 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे तक 1.37 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। और मोबाइल ऐप यूपी किसान मित्र पर पंजीकरण किया जा रहा है। धान की बिक्री के लिए ओटीपी आधारित सिंगल पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। किसान मोबाइल पर एसएमएस से मिले ओटीपी को भरकर पंजीकरण करा सकते हैं। किसानों को भुगतान सीधे आधार लिंक्ड बैंक खाते में किया जा रहा है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23 दिन में 35.63 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई खरीदपहली अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़,

**23 दिन के भीतर पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसानों से हुई 35.63 हजार मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद**

झांसी संभाग में खरीद हो रही है। वहीं लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में भी धान खरीद हो रही है।

योगी सरकार ने 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। 23 दिन में इन संभागों में 35.63 हजार मीट्रिक टन से अधिक की खरीद की जा चुकी है। --डबल इंजन सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य में की वृद्धिप्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि डबल इंजन सरकार ने इस वर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि भी की है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (कॉमन)-2369 और (ग्रेड ए) का 2389 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। योगी सरकार ने 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान का निर्देश दिया है। क्रय केंद्र सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक खुले हैं। 17 प्रतिशत नमी तक का धान खरीदा जा सकता है। योगी सरकार ने धान खरीद के लिए कैबिनेट बैठक में प्रदेश में 4000 क्रय केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा था। इसमें से अब तक 3790 क्रय केंद्र स्थापित किये जा चुके हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के संभागों में पहली नवम्बर से धान खरीद होगी। यह खरीद पूर्वी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर व प्रयागराज संभाग में होगी। इसके साथ ही लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में भी पहली नवम्बर से खरीद होगी, जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी।

# लखनऊ के हर्ष और आरुष का रोलबॉल नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन


कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में होने वाली अंडर-14 नेशनल रोलबॉल चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में लखनऊ के हर्ष पांडेय और आरुष मिश्रा का चयन किया गया है। रोलबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि आगामी 25 से 28 अक्टूबर तक आगरा में अंडर-14 रोलबॉल नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए उत्तर प्रदेश टीम में लखनऊ के उदयीमान खिलाड़ी हर्ष पांडेय और आरुष मिश्रा का चयन हुआ है, जो लखनऊ के लिए गर्व की बात है। उल्लेखनीय है कि गत 11 से 13 अक्टूबर तक मेरठ में आयोजित हुई 18वी सब जूनियर स्टेट रोलबॉल चैंपियनशिप में लखनऊ की टीम ने हर्ष और आरुष के दमदार खेल की बदौलत तीसरा स्थान हासिल किया था। दोनों खिलाड़ियों को शानदार खेल का पुरस्कार प्रदेश की टीम में चयन के रूप में मिला है। लखनऊ रोलबॉल के कोच नीरज श्रीवास्तव ने हर्ष और आरुष के चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि दोनों ही खिलाड़ी बहुत होनहार है और निश्चित ही इनके खेल से उत्तर प्रदेश की टीम नेशनल विजेता बनेगी।

# जीआरपी चारबाग पुलिस की बड़ी लापरवाही उजागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जीआरपी चारबाग थाने के बाहर से एक हेड कॉन्स्टेबल की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के बाद भी पुलिस चोर तक नहीं पहुंच सकी है। घटना को एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक न तो मोटरसाइकिल बरामद हुई है और न ही आरोपी की पहचान हो पाई है। जानकारी के मुताबिक ड्यूटी पर जाते समय हेड कॉन्स्टेबल ने अपनी मोटरसाइकिल थाने के बाहर खड़ी की थी, तभी अज्ञात चोर वाहन चोरी कर फरार हो गया। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हुई है, इसके बावजूद जीआरपी पुलिस अब तक चोर को पकड़ने में नाकाम रही है। लोगों का कहना है कि जब थाने के बाहर से पुलिसकर्मी की ही मोटरसाइकिल सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता की संपत्ति की सुरक्षा का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

# नई दिल्ली के गुरुद्वारा मोती बाग साहिब से आज शुरु हुई है यात्रापवित्र 'जोड़ा साहिब' को पटना के गुरुद्वारा में दर्शन के लिए रखा जाएगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। पवित्र जोड़ा लेकर दिल्ली से शुरु हुई चरण सुहावे गुरु चरन यात्रा कई शहरों से होते हुए 27 अक्टूबर को लखनऊ में रात्रि विश्राम करेगी। इसके बाद यात्रा कानुपर के लिए प्रस्थान करेगी और बाद में पटना में इस यात्रा का समापन होगा। गुरु गोबिंद सिंह महाराज (दाहिने पैर का जूता, साइज़ 11'' ब 3'') और माता साहिब कौर जी (बाएँ पैर का जूता, साइज़ 9'' ब 3'') का पवित्र जोड़ा साहिब सिख समुदाय के लिए अत्यंत श्रद्धा व पावन का प्रतीक है । दसम पिता गुरु गोबिंद सिंह महाराज (खालसा पंथ के संस्थापक) और माता साहिब कौर के पवित्र जूते (जोड़ा साहिब) का यह जोड़ा तीन सौ साल से भी पहले 1704 ईस्वी में आनंदपुर साहिब में पुरी परिवार के पूर्वजों को सौंपा गया था। तब से यह पुरी परिवार के पास रहा है, जिसे पीढ़ियों से सुरक्षित रखा गया है और सम्मान दिया गया। 'जोड़ा साहिब' के अंतिम संरक्षक सरदार जसमीत सिंह पुरी थे, जो करोल बाग में रहते थे। जिस गली में 'जोड़ा साहिब' रखे गए थे, उस घर की ओर जाने वाली गली का नाम, स्थान की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए गुरु गोबिंद सिंह मार्ग रखा गया था।


सरदार जसमीत सिंह पुरी के निधन के बाद, उनकी पत्नी मनप्रीत सिंह पुरी ने सरदार हरदीप सिंह पुरी (जो पुरी परिवार के सबसे बड़े पुरुष सदस्यों में से एक थे), से 'जोड़ा साहिब' को सुरक्षित रखने और भविष्य में सार्वजनिक श्रद्धा के लिए प्रदर्शित करने का अनुरोध किया। पवित्र 'जोड़ा साहिब' की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए, सरदार हरदीप सिंह पुरी ने भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से संबंधित विशेषज्ञों से इसकी जांच कराने का अनुरोध किया था। संस्कृति मंत्रालय के सिख विद्वान की रिपोर्टों ने निष्कर्ष निकाला था कि यह वास्तव में विभिन्न ऐतिहासिक दस्तावेज़ों में उल्लिखित पवित्र 'जोड़ा साहिब' है और यह प्रामाणिक है । इस पवित्र जोड़ा साहिब का उल्लेख प्रसिद्ध सिख विद्वान भाई काहन सिंह नाभा ने वर्ष 1930 में लिखे गए गुरशबद रत्नाकर महान कोष में भी है। बाद में पवित्र जोड़ा साहिब की प्रामाणिकता स्थापित करने के लिए आईजीएनसीए ने कार्बन परीक्षण भी किया गया था। इसके बाद सरदार हरदीप सिंह पुरी ने पवित्र जोड़ा साहिब पर सही कार्रवाई की सिफ़ारिश करने के लिए प्रख्यात सिखों की एक समिति का भी गठन किया गया था। समिति ने विस्तार से विचार-विमर्श किया और सिफ़ारिश की कि पवित्र जोड़ा साहिब को सार्वजनिक दर्शन के लिए पटना साहिब गुरुद्वारे में रखा जाना चाहिए। समिति के सदस्यों ने अपनी सिफ़ारिश के साथ एक रिपोर्ट तैयार की। उन्होंने 16 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री से मुलाक़ात की और अपनी सिफ़ारिश प्रस्तुत की, जिसे उनके कार्यालय ने ट्वीट भी किया था ।

इसके अनुसरण में, सिख संगत में हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श आयोजित किए गए, जिनमें सरदार हरमीत सिंह कालका की अध्यक्षता वाली दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और सरदार जगजोत सिंह सोही की अध्यक्षता वाली तख्त श्री हरमंदिर पटना साहिब शामिल थे। उन्होंने, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार के सभी संबंधित गुरुद्वारों के संपर्क किया, जिनके माध्यम से तख्त श्री हरमंदिर पटना साहिब में सार्वजनिक दर्शन के लिए पवित्र जोड़ा साहिब के अंतिम विश्राम से पहले एक यात्रा निकालने का प्रस्ताव रखा। इसी के तहत नगर कीर्तन गुरुद्वारा मोती बाग साहिब, नई दिल्ली से गुरुवार 23 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे से यह यात्रा शुरू हुई। यह यात्रा हरियाणा और उत्तर प्रदेश होते हुए दिल्ली से पटना तक जाएगी और पटना में ही यात्रा का समापन होगा।

# हत्या के मामले में सजायाफ्ता मुजरिम ने चश्मदीद गवाह को जान से मारने की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सांडा/सीतापुर- दलित युवक की हत्या के चश्मदीद गवाह को सजायाफ्ता मुजरिम से जान से मारने की मिली धमकी। पुलिस को दिया तहरीर कहा हांथ पैर काटने और आंख निकालने की मिल रही धमकी। सजायाफ्ता मुजरिम एक महिला समेत दो की कर चुका है हत्या। हत्यारे को महिला की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा मिली है वहीं दलित युवक की दिनदहाड़े हुई हत्या का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। थाना कोतवाली बिसवां की पुलिस चौकी सांडा क्षेत्र के गाँव सइनपुरवा मजरा बोहरा में दिनदहाड़े हुई दलित युवक की हत्या के मामले में गवाह को जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। भवानीपुर निवासी शिवगोविंद ने बताया कि सन 2012 में दिनदहाड़े करीब 10 बजे एक दलित युवक की सइनपुरवा मजरा बोहरा में मेरे गांव के ही विशंभर



दयाल की हत्या हुई थी। पूरी घटना को मैंने अपनी आंखों से देखा था। जिसमें मैं चश्मदीद गवाह भी हूं। करीब 13 साल बाद 3 अक्टूबर 2025 को न्यायालय से गवाही के लिए सम्मन आया था। जिसमें मैं गवाही देने गया था गवाही पूरी नहीं पड़ सकी थी। अगली तारीख 30 अक्टूबर को पुनः न्यायालय में बुलाया गया है। मैं सच्चाई का साथ दे रहा हूं। जिससे हत्या में संलिप्त हजारी,

**एक महिला की जघन्य हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए और इसी के साथ दलित युवक की दिनदहाड़े हत्या का चल रहा मुकदमा। अब घटना के चश्मदीद गवाह को जान से मारने की कर रहा शाजिश**

राजकिशोर,राजू, राकेश, पुत्रगण जगतनारायण और संदीप,दीपू, पुत्रगण हजारी ने 21 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे मुझे जान से मार कर हांथ, पैर काटने,आंखों को निकालने की बात कह रहे थे। मेरा घर पास में ही है इसलिए इन लोगों को बाते करते सुन लिया था। उसके बाद गाली देकर उकसाने लगे मैं घर से बाहर नहीं निकला और 112 डायल कर पुलिस बुलाया था। जिन्होंने साजिश रच रहे लोगों को केवल शराबी कहकर चले गए। सुबह सांडा चौकी पर पहुंच कर भी प्रार्थना पत्र दिया है। सांडा चौकी प्रभारी ने कार्यवाही करने की बात कही है। हत्या में शामिल हजारी इससे पहले भी सइनपुरवा गाँव की एक महिला की हत्या उसके घर में घुस कर कर चुका है। जिसमें उसे आजीवन कारावास की सजा हुई थी। इस समय वह महिला के हत्या में अपील पर जेल से बाहर है। और वह दलित युवक की दिनदहाड़े सरेआम गांव के बीचोबीच हत्या कर चुका है। अब वह और उसके साथी हत्या के मामले में गवाही के पहले मुझे जान से मारने का प्लान बना रहे हैं। योगी सरकार जहाँ दंगाई,माफिया और अपराधियों पर लगाम लगाने का दावा कर रही है,वहीं एक सजायाफ्ता मुजरिम और उसके साथी दलित युवक की दिनदहाड़े हुई हत्या के चशमदीद गवाहों को जान से मार देने की खुलेआम धमकी दे रहे हैं और ऐसे आपराधिक किस्म के लोग खुले आम घूम रहे हैं।

# प्राचीन गंगासागर रामेश्वर धाम तीर्थ 21 हजार दियों से हुआ जगमगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामकोट सीतापुर। कस्बे में स्थित रामेश्वर धाम प्राचीन गंगासागर तीर्थ मंगलवार 21 हजार दियों से जगमगा उठा। दीयों के जलते ही समूचा तीर्थ परिसर झिलमिल रोशनी से आलोकित हो उठा। दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालु इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बने। श्रद्धालुओं ने तीर्थ परिसर की परिक्रमा कर जयकारे भी लगाए।तीन दिवसीय दीपदान मेले में मेला अध्यक्ष, प्रधान रामनिवास वर्मा उर्फ पप्पू ने मुख्य अतिथि भाजपा अध्यक्ष राजेश शुक्ला ,विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष अजय भार्गव, भाजपा नेता गया प्रसाद मिश्रा का माल्यार्पण कर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। दीपदान कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला द्वारा पूजा अर्चना के उपरांत फीता काटकर कर किया गया। रामेश्वर मंदिर में पूजा अनुष्ठान मंगल प्रसाद वाजपेयी व आलोक शुक्ला शास्त्री ने कराया। दीपदान कार्यक्रम का भव्य



आयोजन आतिशबाजी के साथ किया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, दीपदान आतिशबाजी को देखने के लिए हजारों की संख्या श्रद्धालु मेले में पहुंच कर आतिशबाजी दीपदान का आनंद लिया।

## उप्र के हमीरपुर जिले के बेरी गांव में ऐतिहासिक किले के पास हुआ लट्ठमार दीवारी नृत्य

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के कुरारा कस्बे के बेरी गांव में पारंपरिक लट्ठमार दीवारी नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। यह नृत्य बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और गौरव का प्रतीक माना जाता है, जिसमें युवा कलाकार हाथों में लाठियां लेकर युद्धकला का प्रदर्शन करते हैं। गांव के छोटी रौहनिया से आरंभ होकर यह दीवारी यात्रा देवी माता मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों से होती हुई ऐतिहासिक किले तक पहुंची। ढोलक की थाप और नगाड़ों की गूंज पर नर्तक लाठियों से अद्भुत पैंतरे दिखाते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण रोमांचक हो उठा। यह लट्ठमार दिवाली नृत्य बरसाने की लट्ठमार होली से भिन्न है। इसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। कलाकारों द्वारा दिखाए गए लट्ठ कला के करतबों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह परंपरा बुंदेलखंड की वीरता और लोककला की जीवंत झलक प्रस्तुत करती है। समाजसेवी आकाश पालीवाल ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने के समय से ही बुंदेलखंड में दिवाली नृत्य की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने कहा कि बेरी स्टेट गांव में हर वर्ष सबसे शानदार दीवारी नृत्य देखने को मिलता है, जो अब केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में प्रसिद्ध है।

## कलम –दवात का पूजन कर मनाई गई चित्रगुप्त जयंती

हरदोई ।गुरुवार को गौरव जन कल्याण संस्थान एवं अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के तत्वावधान में रामनगर, नीर रोड पर स्थित बाबा रामदास आश्रम में स्थापित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में सर्वसमाज के आराध्य, न्यायाधीशों के न्यायाधीश , सम्पूर्ण मानव जाति के भविष्य निर्धारक एवं कर्मो का लेखा–जोखा रखने वाले श्री चित्रगुप्त भगवान और कलम –दवात का पूजन , हवन पं. हरिओम ने विधि विधान से करवाया। प्रसाद में पेन, फल और मिठाई वितरित की गई ।
इस अवसर पर इंजीनियर गौरव श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि भगवान राम के अयोध्या आगमन पर भगवान श्री चित्रगुप्त को निमंत्रण नहीं दिया गया जिससे नाराज होकर उन्होंने लेखा–जोखा रखना बंद कर कलम रख दी जिससे यमलोक में समस्या उत्पन्न हो गई ।

# राली जलाने पर प्रशासन का सख्त रुख, जिलेभर में जागरूकता अभियान तेज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटने और वातावरण प्रदूषित होने की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने जागरूकता की मुहिम तेज़ कर दी है। जिलेभर में जगह-जगह जागरूकता होर्डिंग लगाए गए हैं, जिन पर किसानों को संदेश दिया गया है कि ल्लफसल अवशेष को न जलाएं, इन्हें खाद बनाएं। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पराली जलाने से न सिर्फ मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है, बल्कि हवा भी जहरीली बन जाती है। इससे मनुष्य और पशुओं दोनों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। कहा कि वेस्ट डीकंपोजर का उपयोग कर किसान पराली को खेत की जैविक खाद में बदल सकते हैं, जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में वृद्धि होती है। किसानों से अपील करते हुए कहा कि धुआं खेत की जान लेता है, डीकंपोजर उसे नया जीवन देता है। धरती मां को राख नहीं, खाद चाहिए।

फसल अवशेष प्रबंधन : समय की



आवश्यकता, किसानों को मिले निशुल्क वेस्ट डीकंपोजर

पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटने और वातावरण प्रदूषित होने की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने जिलेभर में फसल अवशेष प्रबंधन अभियान तेज कर दिया है। कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा गांव-गांव पहुंचकर किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही निशुल्क वेस्ट डीकंपोजर का वितरण किया, जिससे किसान फसल अवशेषों को जैविक खाद में बदल सकें।

डीडी कृषि गिरीश चंद्र ने बताया कि यदि एक टन फसल अवशेष को काटकर

**एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अपील, धरती मां को राख नहीं, खाद चाहिए**

खेत में मिलाया जाए तो लगभग 5 किलोग्राम नाइट्रोजन, 2 से 2.5 किलोग्राम फास्फोरस तथा 5 किलोग्राम पोटाश की पूर्ति स्वतः ही मिट्टी को हो जाती है। फसल अवशेष प्रबंधन से मिट्टी को एनपीके तत्वों के साथ कई सूक्ष्म पोषक तत्व भी मिलते हैं और ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा में वृद्धि होती है। उदाहरण के तौर पर यदि एक हेक्टेयर भूमि में 50 कुंतल धान की उपज होती है, तो उससे लगभग 5 मीट्रिक टन पुआल प्राप्त होता है, जिससे 25 किलो नाइट्रोजन, 10 से 15 किलो फास्फोरस और 25 किलो पोटाश मिट्टी को वापस मिल सकता है।

कृषि विभाग के अनुसार, फसल अवशेष जलाने से मिट्टी और जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है, जिससे भूमि की उत्पादकता और फसल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसीलिए किसानों को फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

प्रशासन ने किसानों को बांटे निशुल्क वेस्ट डीकंपोजर, गांव-गांव चला प्रचार अभियान*

गुरुवार को तहसील मोहम्मदी के सुंदरपुर कोरीगवां, देवलरिया, लौकीखेड़ा, सहजनिया, मुकुंदपुर, पड़सर, मूड़ा निजाम, उमरपुर पिपरिया कप्तान, मझिगवां, मूड़ा गालिब, शिवपुरी और लहरिया सहित कई गांवों में प्रचार वाहन के माध्यम से किसानों को जागरूक किया गया। इसी प्रकार ब्लॉक बेहजम, पसगवां, कुंभी और गोला क्षेत्रों में भी किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया गया। फसल अवशेष प्रबंधन के तहत कृषि विभाग ने उपयुक्त स्थलों पर आकर्षक होर्डिंग और वॉल पेंटिंग लगवाकर किसानों को जागरूक किया है। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि पराली जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है, जबकि डीकंपोजर से उसे खेत में मिलाने पर मिट्टी को नई ऊर्जा मिलती है।

## व्यापारी के साथ हुई मारपीट को लेकर डीएम और एसएसपी से मिला प्रतिनिधि मंडल

मेरठ। व्यापारी सत्यम रस्तोगी से साथ हुई मारपीट को लेकर व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए गुरुवार को संयुक्त व्यापार संघ का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी वी के सिंह और एसएसपी विपिन टांडा से मुलाकात की। व्यापारियों ने एक सुर में कहा कि इस तरह की गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारी सत्यम रस्तोगी से साथ हुई मारपीट को लेकर आज एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी डॉक्टर वी के सिंह से मिला। जिलाधिकारी से इस प्रकरण में संज्ञान लेकर जिले की लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था को सही रखने को लेकर मांग की गई। साथ ही अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की बात रखी गई। उन्होंने कहा कि व्यापारी के साथ इस तरीके की गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, बेकाबू कार निगल गई दो जिंदगियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालौन । जालौन जिले के आटा थाना क्षेत्र में झांसी-कानपुर हाईवे पर गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां पुलिस बेकाबू कार ने बाइक सवार ससुर-दामाद को रौंद दिया। दुर्घटना में दोनों की मौत हो गई। ससुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, इलाज के दौरान दामाद ने भी दम तोड़ दिया। यह हादसा संकट मोचन मंदिर के पास हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक, सुबह के समय संतराम (60) ससुर और अखिलेश (31) दामाद बाइक से इलाज के लिए आटा की ओर जा रहे थे। तभी आटा थाना क्षेत्र के संकट मोचन मंदिर के पास पुलिस स्टीकर लगी एक कार ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर



इतनी जबरदस्त थी कि कार बाइक सवार संतराम को लगभग 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। इस हादसे में संतराम (निवासी बघौरा, कोतवाली उरई) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनके दामाद अखिलेश जो गंभीर रूप से घायल हो गए थे मगर इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि कार तेज रफ्तार में चल रही थी और चालक ने वाहन का नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद यह हादसा हुआ। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।उ सूचना मिलते ही आटा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और कार को अपने कब्जे में ले लिया। घायल अखिलेश को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि हादसे के कारणों और चालक की तलाश के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, इस हादसे ने परिवार में कोहराम मचा दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 27 हजार कि.मी पैदल चलकर इंजीनियर सनोज पहुंचे हमीरपुर

एजेंसी

हमीरपुर। भारतीय संस्कृति को करीब से समझने और उस पर किताब लिखने के उद्देश्य से देशभर में पैदल भ्रमण कर रहे इंजीनियर सनोज कुमार कुशवाहा उत्तर प्रदेश के हमीरपुर पहुंचे जहाँ लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

सनोज मूल रूप से कुशीनगर के रहने वाले हैं। हरियाणा के सोनीपत से पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके हैं। भारतीय संस्कृति को गहराई से जानने की इच्छा ने उन्हें पैदल भारत यात्रा पर निकलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 21 अक्टूबर 2022 को अरुणाचल प्रदेश से अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। अब तक सनोज 28 राज्यों की यात्रा पूरी कर चुके हैं और 7 हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी पैदल तय कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश का यह उनका 34वां ज़िला हमीरपुर है जहाँ वे पहुँचे हैं। उनका कहना है कि वे लोगों से मिलकर स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली के बारे में जानकारी एकत्रित कर रहे हैं ताकि भारतीय संस्कृति की विविधता को अपनी किताब में सटीक रूप में प्रस्तुत कर सकें। सनोज ने बताया कि उनकी यह यात्रा अभी करीब एक वर्ष और जारी रहेगी, क्योंकि उन्हें उत्तर प्रदेश के 41 जिलों सहित देश के कई हिस्सों का भ्रमण अभी करना है। भारत भ्रमण के दौरान वे अपनी पीठ पर 20 किलो का एक बैग लेकर चलते हैं, जिसके ऊपर तिरंगा झंडा लहराता रहता है। हाथ में वे एक लकड़ी का डंडा रखते हैं, जो लंबी यात्राओं में उनका सहारा बनता है। यह यात्रा उनके अपने जिले कुशीनगर के धर्मपुर पर्वत गांव में समाप्त होगी।

## 03 वांछित गिरफ्तार

सीतापुर ।अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में निम्नलिखित थानों की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 03 वांछित को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है– थाना मिश्रित पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार– थाना मिश्रित पुलिस टीम द्वारा अ0सं0 262/25 धारा 105 बीएनएस में वांछित अभियुक्त सरवन पुत्र स्व0 प्रभुदयाल निवासी ग्राम जगन्नाथपुर मजरा फूलपुरवा थाना मिश्रित जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना कमलापुर पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार– थाना कमलापुर पुलिस टीम द्वारा अ0सं0 328/25 धारा 65(1)/351(3) बीएनएस व ५(2) पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त पंकज यादव पुत्र जुगराज निवासी ग्राम तुलसीपुर मजरा मेंहदौली थाना कमलापुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना तम्बौर पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार– थाना तम्बौर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 543/2025 धारा 303(2)(ए)/317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सुनील पुत्र रमेश निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना थानगांव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से चोरी हुआ एक अदद ओपो मोबाईल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त को मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## रोडवेज के कंडक्टर सहित दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव छिरका के नजदीक रोडवेज बस की चेकिंग करने वाले विभागीय अधिकारी के साथ गाली गलौज कर उसे जान–माल की धमकी देने वालों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को मौदहा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पड़ोसी जनपद महोबा के कस्बा चरखारी के मोहल्ला रायनपुरवा निवासी अभिषेक कुमार पुत्र संतोष कुमार ने बताया है कि वह यातायात निरीक्षक के पद पर कार्यरत है। बीती जुलाई को वह मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव छिरका के नजदीक परिवहन विभाग की बसों की चेकिंग कर रहा था। साथ में उसकी गाड़ी का चालक हनीफ व सहायक टी आई सतेन्द्र सिंह उर्फ पिन्टू था। छिरका के पास कानपुर से सागर जा रही हमीरपुर डिपो की बस संख्या यू.पी. 78एचटी 4492 को रोका। बस की कंडक्टर सीट पर कौशल किशोर बैठा था जो कि महोबा डिपो में संविदा सह चालक के पद पर कार्यरत है। निरीक्षण में बस यात्रियों की गिनती करते समय कौशल किशोर ने बताया कि बस में यात्रा कर रहे कुछ लोग उसके साथ में हैं। यातायात निरीक्षक उक्त सवारियों से जानकारी लेने लगा तो कौशल किशोर ने गाली–गलौच शुरू कर दी और किसी भाजपा नेता नरेन्द्र मिश्रा से बात करायी।इस नेता ने भी गाली गलौज कर जान–माल की धमकी दे डाली। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी यातायात निरीक्षक ने मौदहा पुलिस सहित विभागीय उच्चाधिकारियों को दी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। ऐसे में पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली और न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों कौशल किशोर व नरेन्द्र मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर मुकदमा लिखा गया है। पूरे मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग लड़की का अपहरण, पुलिस ने बनाई टीमें

हमीरपुर ।उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के बिवार थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी को बहला–फुसलाकर घर से ले जाने का मामला गुरुवार को सामने आया है। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है और आरोपित युवक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। जानकारी के अनुसार, औरैया के जरोली क्षेत्र के स्टार ईंट भट्ठा में सपरिवार रहकर मजदूरी करने वाली किशोरी अपने परिवार के साथ दीपावली के त्योहार पर अपने घर लौट आई थी। किशोरी घर में अकेली थी। तभी औरैया क्षेत्र का युवक नीलू घर आया और किशोरी को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के पिता ने बताया कि आरोपित युवक ने किशोरी से कहा कि वह डेढ़ लाख रुपये मूल्य का सोने का हार और चांदी का बिछुआ अपने साथ ले जाए। इसके अलावा, गांव के धर्मेंद्र पुत्र रामनारायण की पुत्री लक्ष्मी ने कथित रूप से किशोरी को भगाने में सहयोग किया। घटना की जानकारी पर किशोरी के परिवार ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिता ने तत्काल थाना बिवार में तहरीर देकर युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। कुनहेटा चौकी प्रभारी रवींद्र कुमार ने गुरुवार को बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर प्राप्त हो चुकी है। पुलिस टीम किशोरी और आरोपित युवक की खोज में लगी हुई है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चिंता और नाराजगी है। पुलिस ने कहा कि आरोपित को जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं और किशोरी को सुरक्षित वापस लाने के लिए टीमों को सक्रिय कर दिया गया है।

# बहनों ने तिलक लगा कर भाइयों की लंबी उम्र व सुख समृद्धि की कामना की

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गुरुवार को भैया दूज का त्यौहार बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। दीपोत्सव के पांच दिनों के त्योहारों में आखिरी दिन भाई दूज का त्यौहार मनाया जाता है। बहनों ने अपने भाइयों का तिलक करके उनकी लंबी उम्र व सुख समृद्धि की कामना की।

आज सुबह से ही भैयादूज के त्यौहार में भाइयों-बहनों में उत्साह देखने को मिला, जिन बहनों के भाई किसी कारणवश उनके पास नहीं पहुंच सके वह बहनें स्वयं ही भाइयों के घर पहुंच कर रोचना टीका करके मिठाई खिला कर भाई दूज का त्यौहार मनाया। महिलाओं ने सुबह भैयादूज की कथा सुनी और व्रत रखा ।साथ ही भाइयों की लंबी उम्र की कामना की। वही भाइयों ने भी भेंट स्वरूप उपहार दिए। स्थानीय महिला लतापुरी गोस्वामी ने बताया कि भैयादूज का त्यौहार प्रेम और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। भैया दूज से जुड़ी एक पौराणिक कथा है। भगवान सूर्य देव की पत्नी छाया थी जिनके गर्भ से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत प्रेम करती थी। यमुना लगातार निवेदन करती थी कि वह अपने ईष्ट मित्रों सहित उनके घर आकर भोजन करें। अपने कार्यों में व्यस्त रहने के कारण यमराज अपनी बहन को टालते रहे। एक दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष के दिन यमुना ने यमराज को भोजन का निमंत्रण देकर वचनबद्ध कर दिया। यमराज ने सोचा कि मैं तो सबके प्राण हरने वाला हूं। मुझे कोई अपने घर बुलाना नहीं चाहता लेकिन बहन प्यार से बुला रही है। उसका पालन करना मेरा धर्म है बहन के घर जाते समय यमराज ने नरक में निवास करने वाले सभी जीवों को मुक्त कर दिया।

# बेकाबू रोडवेज बस ने चार लोगों को रौंदा, वृद्ध की मौत, तीन घायल

एजेंसी

फिरोजाबाद । थाना जसराना क्षेत्र अन्तर्गत गुरुवार को बेकाबू रोडवेज बस ने चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक अपनी बहन की ससुराल से दूज कराकर वापस अपने घर लौट रहे थे।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे चल रहे चार लोगों को रौंद दिया। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर मौके से भाग गया। दुर्घटना देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल चारों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक ने हरी सिंह (65) को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाकी तीन घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद दूसरे अस्पतालों में रेफर कर दिया। पुलिस ने



बस को कब्जे में ले लिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सूचना पर मृतक का बेटा रतनेश कुमार भी आ गया। उसने बताया कि उसके पिता अपनी बहिन की ससुराल से टीका कराकर वापस अपने घर साइकिल लौट रहे थे।

थाना जसराना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हरिओम के रूप में हुई है। बाकी घायलों की पहचान कराने का प्रयास जारी है। मृतक के बेटे रतनेश कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। फरार बस चालक की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# गोकशी, चोरी, टप्पेबाजी, मारपीट, हत्या जैसी घटनाएं आम, क्राइम कंट्रोल में थाना सिविल लाइन पुलिस फेल

**वही खनन करवाने में नवादा चौकी, जवाहरपुरी चौकी, शेखूपुर चौकी यह चौकियां सिविल लाइन थाने की महत्वपूर्ण चौकिया है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में क्राइम कम होने का नाम नहीं ले रहा, कहीं गोकशी तो कहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ मारपीट, तो कहीं टप्पेबाजी की घटनाएं, तो कहीं नकाब लगाकर चोरी और गोली मारकर हत्या जैसी बड़ी घटनाओं पर अंकुश लगाने में सिविल लाइन इंस्पेक्टर मनोज कुमार विफल साबित हो रहे हैं।

जिले के तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को दरोगा सहित दो सिपाही को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया है। वही बृहस्पतिवार को सुबह वजीरगंज थाने में तैनात उप निरीक्षक को भी एसएसपी ने पुलिस लाइन अटैच किया है। वही क्राइम कंट्रोल में थाना सिविल लाइन पुलिस विफल साबित हो रही है। वही आपको यह भी बता दें कि थाना सिविल लाइन और सदर कोतवाली क्षेत्र रात होते ही बॉर्डर के सारे ढाबे, चाय के खोखे, शराब का अड्डा बन जाते हैं। वही रात होते ही सिविल लाइन क्षेत्र की एंक चौकी के सामने शराब पीने का बहुत पुराना अड्डा बना हुआ है। वही रात होते ही रात्रि मैं ड्यूटी कर रहे सिपाही जमकर उगाई करते हैं। चाहे वह खनन को लेकर हो, शराब पिलवाने को लेकर, कई प्रकार की गलतविधियों इन रात्रि सिपाहियों का हाथ रहता है। वही सूत्र बताते हैं कि रात्रि में एक-एक सिपाही लगभग एक हजार से पाँच हजार रूपये तक की कमाई करता है। वहीं खनन करने में नवादा चौकी, जवाहरपुरी चौकी, शेखूपुर चौकी यह सिविल लाइन थाने की महत्वपूर्ण चौकिया है। जिनसे लाखों रुपए आता है। वहीं कोतवाली क्षेत्र की एक चौकी शराब बिकवाने में माहिर है। चौकी के सामने ही दिन हो या रात धड़ले से शराब बेची जाती है। वही शराब बिकवाने में चौकी चौकी के एक सिपाही की अहम भूमिका रहती है। वहीं अगर रात में ग्रस्त और बढ़ाई जाए और शराबियों के अड्डों पर पुलिस की नजर रहे तो ज्यादातर क्राइम काम हो सकता है। लेकिन वशर्तें पुलिस ईमानदारी से रात में ड्यूटी करें। वहीं आपको बता दें कि थाना सिविल लाइन क्षेत्र के बृहस्पतिवार की दोपहर इन्द्रचौक के पास आंगनबाड़ी कार्यकत्री से टप्पेबाजों ने सोने के कुंडल व अंगूठी ठगीकर इसके बाद फरार हो गए। वहीं इन्द्रचौक पर चौबीस घण्टे रहती पुलिस पिकेट व ट्रैफिक पुलिस,फिर भी टप्पेबाज सक्रिय, बता दें कि महिला सहेली के पोते के जन्म पर डॉ सुनीति नर्सिंग होम देखने गई, घर लौटते समय टप्पेबाजों ने अपने जाल में फंसा कर ठगी का शिकार हो गई, वही ऐसी घटना बीस दिन पूर्व जिला अस्पताल के गेट पर हुई जिसमें महिला के पैसे निकाल कर महिला फरार हो गई। जिसमें पुलिस के पास सीसीटीवी फुटेज भी है लेकिन अभी तक पुलिस इसका खुलासा नहीं कर पाई।

वही विश्वसनीय सूत्रों से यह भी ज्ञात हुआ है कि की थाना सिविल लाइन पुलिस चोरी, टप्पेबाजी, मारपीट घटना गंभीरता से नहीं लेती, इसीलिए ऐसी घटनाएं अब आम होती जा रही हैं। वहीं सूत्र यह भी कहते हैं कि इनदोनों जिले के एक इंस्पेक्टर बड़े साहब के चाहते बनने में लगे हुए हैं। लेकिन क्राइम कंट्रोल में फ़ेल होते नजर आ रहे हैं।

## दो गुटों में विवाद को लेकर ग्राम प्रधान समेत 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज

हमीरपुर । प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा क्षेत्र के ग्राम उर्दना मे पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट होते ही वर्तमान प्रधान द्वारा कराए गए कार्यो को लेकर गांवदारी शुरू हो गई है।मौदहा क्षेत्र के ग्राम उर्दना में गांव के लोगों ने व्हाट्सएप ग्रुप में वर्तमान प्रधान प्रभात यादव द्वारा चार सालों से गांव में किए गए विकास कार्यों व उनके द्वारा किये गए भ्रष्टाचार का आरोप लगा सोशल मीडिया में वायरल किया था। जिसको लेकर प्रधान व ग्रामीणों में विवाद हो गया। यह मामला मौदहा कोतवाली पुलिस तक पहुंच गया। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को प्रधान पक्ष के तीन लोगों प्रधान प्रभात यादव, राजेन्द्र, संतोष व दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र पुत्र रामेश्वर, सुरेश पाल, रामचन्द्र, श्रीपाल, विनोद कुमार, विजय कुमार, जगदीश, आनन्द, गुलाब सिंह, रमेश, अरविन्द निवासी उरदना दोनों पक्षों को शांति भंग में चालान कर दिया।पुलिस ने दोनों पक्षों को हिदायत देते हुए कहा कि बिना सबूत के किसी भी व्यक्ति को बदनाम नहीं किया जाय। कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि गांव के प्रधान समेत चौदह लोगों पर शांतिभंग का मामला दर्ज कर चालान की कार्रवाई की गयी है।

## परंपरागत तरीके से मनाया गया भइया दूज का पर्व

संभल, रुदायन। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में भैया दूज का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया।आज बाजार में काफी रौनक रही।लोगों ने बाजार से काफी खरीद दारी की।सबसे ज्यादा भीड़ परचूनी की दुकान पर रही। इस अवसर पर बहिनों ने भाइयों के माथे पर तिलक किया और मीठा खिलाया।लोगों ने बहिनों को उपहार दिए। मीठा दुकान पर भी काफी भीड़ रही। सभी मार्गों पर काफी भीड़ रही।

## जेआरएफ की परीक्षा में देश में दूसरी रैंक पाने वाली लक्ष्मी तिवारी सम्मानित

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर कस्बे के तीन होनहार युवाओं को वर्णिता संस्था ने गुरुवार को सम्मानित किया है। संस्था भूले बिसरे क्रांतिकारियों की जयंती एवं पुण्यतिथि मनाकर उन्हें याद करके श्रद्धांजलि देने का काम करती है। इसके साथ ही संस्था मेधावियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करती है। गुरुवार को संस्था के अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने पीसीएस परीक्षा में सफलता पाकर पूर्ति निरीक्षक के पद पर नियुक्ति पाने वाले राजीव लोचन, वीर भानु सिंह को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं जेआरएफ परीक्षा में देश में दूसरा स्थान पाने वाली प्रगतिशील किसान राधेश्याम तिवारी की पुत्री लक्ष्मी तिवारी को कस्बे का नाम रोशन करने पर वर्णिता संस्था के अध्यक्ष ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मुरादाबाद में पुलिस ने एक वारंटी समेत 27 आरोपित किए गिरफ्तार

मुरादाबाद । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थाना पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को एक वारंटी समेत 27 आरोपितों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपितों को न्यायालय में पेश करने हेतु कानूनी कार्रवाई की जा रही है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस ने 25 आरोपित व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं शान्ति कायम रखने हेतु हिरासत में लिया है। पुलिस विभाग के अनुसार थाना डिलारी पुलिस ने एक वारंटी, थाना मैनाठेर पुलिस ने 7, थाना कटघर पुलिस 6, थाना बिलारी 4, थाना कुन्दरकी 1, थाना भगतपुर 1, थाना मझोला 2, थाना कोतवाली 2, थाना पाकबड़ा 1, नागफनी 2 आरोपितों को गिरफ्तार किया।

## यूपी के बांदा में अतर्रा पुलिस ने 12 जुआरी गिरफ्तार किए

बांदा । उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतर्रा पुलिस ने गुरुवार को दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 24,445 रुपये नकद व ताश के पत्ते बरामद किए। सभी आरोपितों को व्यक्तिगत मुचलके पर रिहा कर दिया गया है।पहली कार्रवाई में थाना अतर्रा पुलिस ने बसरेही रोड नहर किनारे फड़ सजाकर जुआ खेल रहे सात आरोपितों को दबोचा जबकि दूसरी कार्रवाई में सुभाष नगर, बांदा-बिसंडा रोड स्थित मंदिर गली में जुआ खेल रहे पांच लोगों को पकड़ा। इनके पास से व्यक्तिगत तलाशी में कुल 865 रुपये नकद, जबकि फड़ से 7,800 रुपये व 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए।

## नोएडा में छठ की तैयारियां जोरों पर, 25 अक्टूबर से नहाए खाए के साथ शुरू होगा महापर्व

गौतमबुद्ध नगर । लोक आस्था का महापर्व छठ 25 अक्टूबर से नहाए खाए के साथ शुरू होगा। नोएडा में भी इस पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के विभिन्न जगहों पर स्थित छठ घाटों पर साफ-सफाई, रंगाई और सजावट का कार्य चल रहा है।इसके साथ ही पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम कर रही है।श्रद्धा, आस्था और परंपरा के इस चार दिवसीय महापर्व को लेकर लोगों में उत्साह है। विभिन्न छठ समितियों के सदस्य दिन-रात घाट की सफाई में जुटे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोशनी, पेयजल, अस्थायी शौचालय, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी पूरी की जा रही है। घाटों को आकर्षक रूप देने के लिए फूलों की मालाएं, झालरें और रंग-बिरंगी लाइटें लगाई जा रही हैं। विभिन्न जगहों पर छठ पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहे हैं। नोएडा ग्रेटर व नोएडा में बड़ी संख्या में पूर्वांचल और बिहार के लोग रहते हैं, जो छठ महापर्व मनाते हैं। लोग यहां के विभिन्न सोसाइटियों, सेक्टरों में बने छठ घाट, हिंडन नदी, यमुना नदी और गंग नहर के किनारे भी छठ पर्व मनाने के लिए जाते हैं।नोएडा पुलिस की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम व दमकल वाहन भी मौके पर मौजूद रहेंगे। छठ पर्व की तैयारी के साथ ही बाजारों में रौनक लौट आई है। महिलाओं ने पूजन सामग्री की खरीदारी शुरू कर दी है। गन्ना, नारियल, केला, नींबू, सिंघाड़ा, मिठाई, गुड़, चावल, फल और बांस की डलिया, सूप, दौरा, और टोकरी की बिक्री तेजी से बढ़ी है। बाजारों में भीड़ इतनी बढ़ गई है कि दुकानदार भी खुश हैं।चार दिवसीय छठ पर्व का पहला दिन 25 अक्टूबर को नहाय-खाय होगा। इस दिन व्रती महिलाएं नदी या तालाब में स्नान कर पवित्रता के साथ व्रत का आरंभ करती हैं और प्रसाद में चने की दाल, लौकी और चावल का सेवन करती हैं। दूसरे दिन 26 अक्टूबर को खरना है। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं और शाम को गुड़ और चावल की खीर बनाकर प्रसाद ग्रहण करती हैं। तीसरे दिन 27 अक्टूबर को सूर्यास्त के समय सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया जाता है। घाटों पर इस अवसर पर भजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और झांकियों का आयोजन किया जाएगा। चौथे दिन 28 अक्टूबर सूर्योदय के समय छठी मैया और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पण कर पर्व का समापन होता है। व्रती महिलाएं लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं।

## असद कासिम मेमोरियल अंडर-16 राज्य स्तरीय क्रिकेट 26 से-आठ टीमों को दिया गया है प्रवेश

प्रयागराज । स्वर्गीय असद कासिम मेमोरियल अंडर-16 राज्य स्तरीय क्रिकेट 26 से दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू होगी। नौ नवम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में आठ टीमें भाग लेंगी, जिसमें छह टीमें प्रयागराज की और दो टीमें प्रदेश के दूसरे जिले की होंगी।प्रतियोगिता अध्यक्ष शाहिद अस्करी ने गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध प्रतियोगिता के कुछ मुकाबले मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर भी खेले जायेंगे। इसमें आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में शिवपुर क्रिकेट क्लब वाराणसी, डीएसए क्रिकेट क्लब प्रयागराज, भानु प्रताप क्रिकेट क्लब प्रयागराज और शुआट्स क्रिकेट क्लब प्रयागराज को रखा गया है जबकि ग्रुप-बी में एचएस क्लब वाराणसी, दौलत हुसैन इंटर कॉलेज प्रयागराज, गोपाल दास क्रिकेट क्लब प्रयागराज और किशोरी लाल क्रिकेट क्लब प्रयागराज शामिल हैं।

# पुलिस अधिकारियों ने बुजुर्गों के साथ बांटीं दिवाली की खुशियां, कराया भोजन, बांटे कम्बल

**मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत विनोबा वृद्धाश्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरूण ने वृद्धजनों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत थाना रोजा क्षेत्र के विनोबा वृद्धाश्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरूण ने वृद्धजनों के साथ दीपावली की खुशियां बांटी, वृद्धजनों को ससम्मान भोजन कराया और कम्बल वितरित किए।

बृहस्पतिवार को एसपी राजेश द्विवेदी के साथ एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण, सीओ सदर प्रयांक जैन, सीओ पुवायां प्रवीण मलिक, सीओ तिलहर ज्योति यादव सहित अन्य अधिकारी विनोबा वृद्धाश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने बुजुर्गो को ससम्मान भोजन कराया और उन्हें कम्बल वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। वहीं, बुजुर्गो ने भी पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद और आर्शिवाद दिया।एसपी ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की पूंजी और प्रेरणा हैं। दीपावली पर उनके साथ खुशियां बांटना पुलिस परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में मानवता, करुणा, संवेदनशीलता एवं आपसी सौहार्द की भावना को प्रोत्साहित करना है। एसपी ग्रामीण ने कहा कि मिशन शक्ति केवल महिला सशक्तिकरण तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति सम्मान, संवेदना और सहयोग की भावना को सशक्त बनाता है। इस दौरान रमेश भइया, विमला बहन, मोहित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# ओमकार का हत्यारोपी रिजवान गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना कांट पुलिस ने ओमकार के एक हत्यारोपी को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने आलाकत्ल डंडा भी बरामद किया है।मंगलवार रात थाना कांट क्षेत्र के गांव सप्तयारा निवासी 25 वर्षीय ओमकार की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक की मां जोगवती ने गांव के ही रिजवान पुत्र जाबिर, जाबिर पुत्र सफीक, कदीर पुत्र सफीक और समीर पुत्र सफी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक की मां का कहना था कि करीब पांच वर्ष पहले ओमकार गांव की एक लड़की भगा ले गया था। इस मामले में ओमकार जेल भी गया था। ओमकार जेल से जमानत पर छूटा था। आरोप था कि इसी रंजिश के चलते लड़की के परिजनों ने उसकी हत्या कर दी। फिलहाल, थाना कांट पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ददरौल मोड से नामजद अभियुक्त रिजवान को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद किया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रिजवान को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कांट के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य के साथ क्राइम इंस्पेकटर दिगम्बर सिंह, एसआई घनश्याम बहादुर, हेड का. अशोक भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# प्रतिबंधित पशुओं के वध मामले में सीबीआई जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। प्रतिबंधित पशुओं के वध मामले में सोशल मीडिया पर सीबीआई जांच की मांग की जा रही है। आपको बता दें कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र बीआरबी स्कूल के पीछे गोवंशों के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। तस्कर 24 से अधिक प्रतिबंधित पशुओं का वध करके मांस अपने साथ ले गए। स्थानीय लोगों ने बुधवार शाम को गोवंशों के अवशेष पड़े देखे। उन्होंने हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। अवशेषों के साथ पेड़ों से बंधी रस्सियों के टुकड़े भी मिले हैं जिससे आशंका है कि तस्करों ने यहीं पशुओं का वध किया है। हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष मुकेश वर्मा और नितिन कमठाना, पीएफए अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा सहित कई लोग घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को घटना की सूचना दी। इसके बाद सिविल लाइंस थाना पुलिस हरकत में आई और एसएचओ मनोज सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अवशेषों की स्थिति देखकर आशंका है कि यह घटना एक से दो दिन पुरानी है। इससे पता चलता है कि जब लोग दिवाली का पर्व मना रहे थे। उसी दौरान यहां वध किया गया। यह वारदात ऐसे स्थान पर हुई है जहां पास में ही फोरलेन है और पुलिस नियमित गश्त का दावा करती है। इससे पुलिस के दावों पर सवाल उठ रहे हैं ।पदाधिकारियों ने कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए इसमें लिप्त पुलिस कर्मियों की जांच के बाद कार्रवाई की मांग की और हंगामा भी किया। वहीं पुलिस ने बृहस्पतिवार की सुबह तीन गो तस्करों को मुठभेड़ गिरफ्तार कर लिया वहीं एक सिपाही को गोली भी। वही सोशल मीडिया पर अब सीबीआई जांच की मांग की जा रही। अगर सीबीआई जांच होगी तो कुछ जिम्मेदारों पर कार्रवाई होना तय है।

# शाहजहांपुर जेल पहुंचे हास्य अभिनेता राजपाल यादव, बंदियों के साथ खिंचवाए फोटो

**खूब हंसायाा-दीपावली सज्जा प्रतियोगिता के विजेता बंदियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। बॉलीवुड हास्य अभिनेता राजपाल यादव आज जिला कारागार पहुंचे। यहां उन्होंने दीपावली पर्व पर जेल में हुई सज्जा प्रतियोगिता के विजेता बंदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और ठुमके लगाकर व पुरानी फिल्मों के डायलॉग सुनाकर बंदियों तथा जेल में आए अतिथियों को खूब हंसाया। इस दौरान उन्होंने बंदियों के साथ फोटो खिंचवाकर खूब मस्ती भी की।दरअसल, दीपावली पर जेल में बंदियों के बीच सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें निर्णायक मंडल में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीस राठौर, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजीलाल आदि ने बंदियों द्वारा की गई साज सज्जा का अवलोकनकर विजेता टीमों की घोषणा की थी। इसी के तहत आज जेल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राजपाल यादव ने उक्त विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके साथ फोटो भी खिंचवाए। इस दौरान बंदियों ने शिव पार्वती की झांकी का सुंदर प्रदर्शन किया और जेल अधीक्षक की बनाई गई पेंटिंग भी राजपाल को दिखाई। वहीं, राजपाल यादव ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल की सराहना करते हुए बंदियों से कहा कि जेल में रहकर आपको मिजाजी लाल जैसा अभिभावक मिला है, जो बंदियों के सुख-दुख में उनके साथ खड़ा है और उन्हें कोई परेशानी नहीं होने देते हैं। उनकी सभी जरूरतें पूरी करने की कोशिश करते हैं। कहा कि कोई भी बंदी जेल से बाहर निकलकर कोई भी ऐसा कार्य नहीं करें, जिससे लोगों को परेशानी और दुख पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान राजपाल यादव और उनके साथ आए हुए लोगों को बंदियों द्वारा तैयार सुंदर पेंटिंग भेंट की गई। वहीं, बंदियों को विभिन्न प्रकार की दैनिक उपयोग की वस्तुएं एवं कपड़े भेंट किए गए। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह यादव, इन्द्रपाल यादव, आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भैया, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, ओंकार मनीषी, राजू बग्गा, शाहनबाज खान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# मुठभेड़ में तीन गो तस्करों के पैर में लगी गोली, सिपाही भी घायल

**सिविल लाइन्स क्षेत्र में गो-तस्कर और पुलिस के बीच बृहस्पतिवार सुबह चार बजे मुठभेड़ हो गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायू। बृहस्पतिवार की सुबह गो-तस्कर और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। फायरिंग में तीन तस्कर और पुलिस के एक सिपाही घायल हुए। सभी को अस्पताल में भर्ती किया गया है। तस्करों के पास से पुलिस ने तमंचा, कारतूस और गौकशी करने वाले वाले उपकरण बरामद किए हैं।

सिविल लाइन्स क्षेत्र में गो-तस्कर और पुलिस के बीच बृहस्पतिवार सुबह चार बजे मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में तीन तस्कर व सिपाही गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सिविल लाइन क्षेत्र के गांव नवादा के जंगल में बीआरवी स्कूल के पीछे कई दिनों से तस्कर प्रतिबंधित पशुओं का वध कर मांस ले जा रहे थे। बुधवार को ग्रामीणों ने अवशेष देखे तो हिन्दू संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। जमकर हंगामा करने के बाद पशुओं के अवशेष दफना दिए गए। पशु प्रेमी और बजरंग दल के लोगों ने मौके पर पहुंचकर गोतस्करों की गिरफ्तारी की मांग की थी और क्षेत्र में गोकशी जैसी घटनाओं को रोकने की पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस ने अज्ञात गो तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जल्द ही तस्करों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। पुलिस ने जांच पड़ताल कर तस्करों को चिन्हित कर लिया। बृहस्पतिवार की सुबह चार बजे मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लोग प्रतिवंधित पशुओं का वध करने को तस्कर आईटीआई के पास आ गए हैं। यही लोग लगातार घटना को अंजाम देते अ रहे हैं। सूचना मिलने के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस, कोतवाली पुलिस व एसओजी की टीम ने घेराबंदी कर ली। तीन लोग आते दिखे तो पुलिस ने उनको रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें सिपाही कृष्ण कुमार गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने अपनी सुरक्षा में जवाबी फायरिंग की जिसमें तीन तस्कर पैर में गोली लगने के बाद उनको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में तस्करों ने मुजाहिद पुत्र असलम, शाहरुख उर्फ हसनैन पुत्र असलम, असलम पुत्र बाबू निवासी गांव दुगरैया थाना कुंवरगांव बताया है।

तस्करों के पास से पुलिस ने दो तमंचा कारतूस, एक तमंचा कारतूस। गौकशी करने वाले वाले उपकरण बरामद किए हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीम व एसओजी ने तस्करों की घेराबंदी की, जिसमें पुलिस को देखते ही तस्करों ने गोली चला दी जो सिपाही कृष्ण कुमार के लगी। जिसमें वह घायल हो गया। अपने बचाव में पुलिस ने फायरिंग की जिससे तीनों तस्करों के पैर में गोली लगी और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।-रजनीश उपाध्याय, सीओ सिटी

## डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का रोपित बीज आज बन चुका है विशाल वट वृक्ष : प्रांत प्रचारक

देवरिया । सनातन ही संघ है तथा संघ ही सनातन है। शून्य से शतक की यात्रा पूरा करने वाला विश्व का एकमात्र संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के क्रम में 101 वें वर्ष में भारत माता का चित्र प्रथम बार भारत के सिक्के पर अंकित हुआ है।यह विचार गोरक्ष प्रान्त के प्रान्त प्रचारक रमेश ने सरस्वती विद्या मंदिर देवरिया खास में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। प्रांत प्रचारक ने कहा कि संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने जो बीज रोपित किया था, वह आज विशाल वट वृक्ष हो चुका है।इसके पूर्व प्रान्त प्रचारक और वारीपुर हनुमान मंदिर पीठाधीश्वर गोपालदास महाराज, प्रान्त कार्यवाह विनय, विभाग संघचालक राजधारी, जिला संघ चालक प्रो. मकसूदन ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के दूसरे चरण के कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व आज देवरिया जिला द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर देवरिया खास के प्रांगण में कुटुंब स्नेह मिलन कार्यक्रम दीपोत्सव से राष्ट्रोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

# पंचशील सोसायटी की अधूरे नाले को बनवाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने वित्त मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से को पत्र सौंपकर कंपोजिट विद्यालय श्यामतगंज गौंटिया से गांव तक जल भराव की स्थिति से अवगत कराया और अधूरे बने नाले को पूर्णतः बनवाने की मांग की। राम सिंह ने कहा कि बारिश के मौसम में कई गांव का पानी यहां पर महीनों तक भरा रहता है। यहां पर जल की निकासी नहीं है। कहा कि नगर निगम ने प्राथमिक विद्यालय से 120 मीटर नाले का निर्माण कर दिया। जबकि करीब इतना ही नाला बनना शेष है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहा कि अगर नाले को पूर्ण नहीं कराया जाता है, तो जलभराव की स्थिति से निजात नहीं मिलेगी। वहीं, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नगर आयुक्त को पूर्ण रूप से नाला बनवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, श्रीदत्त शुक्ला, शिक्षक विश्वास सिंह, केके सिंह, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# रोडवेज बस और कार में जबरदस्त टक्कर, दो की मौत , चार घायल

**कार में छः लोग बैठे थे, ठेकेदार भाईदूज मनाने अयोध्या अपनी बहन के यहां जा रहे थे**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में रोडवेज बस और कार में सामने से हुई टक्कर से हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।एक महिला समेत तीन बच्चे गंभीर घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि ड्राइवर साइड की आधी कार खत्म हो गई। कार चला रहे ठेकेदार का दाहिना हाथ कट गया।स्टेयरिंग उसके सीने में घुस गई। आधे घंटे की मशक्कत के बाद कार का अगला हिस्सा काटकर उसका शव निकाला गया। वहीं ड्राइवर सीट के बगल वाली सीट पर बैठी महिला को खरोंच तक नहीं आई है।

वहीं कार में पीछे बैठी एक महिला की भी मौत हुई है। कार में छः लोग बैठे थे, ठेकेदार भाईदूज मनाने अयोध्या अपनी बहन के यहां जा रहे थे।इसी दौरान गुरुवार दोपहर करीब एक बजे इटियाथोक कोतवाली क्षेत्र में गिलौली बाजार के पास परसोरिया मोड़ पर हादसा हो गया।बलरामपुर के रहने वाले नीरज श्रीवास्तव (38) बालू और सड़क निर्माण के ठेकेदार थे। नीरज गुरुवार सुबह 11 बजे घर से अयोध्या के लिए निकले थे।वह अपनी बहन मंजू श्रीवास्तव के घर भाईदूज मनाने जा रहे थे। उनके साथ कार में उनकी पत्नी नेहा श्रीवास्तव 35 वर्ष बेटे अयांश तीन वर्ष चचेरे भाई की पत्नी आंचल श्रीवास्तव तीस वर्ष और उसके दो बच्चे ओमी तेरह वर्ष गणेश दो वर्ष थे।कार गोंडा के गिलौ ली बाजार के परसोहिया मोड़ के पास पहुंची ही थी कि सामने से आ रही एक रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी।बस बेकाबू होकर सीधे खेत में चली गई। वहीं कार सड़क पर घूम कर रुक गई।कार नीरज चला रहे थे।आगे वाली सी ट पर उनके साथ उनकी पत्नी नेहा बैठी थी, ज बकि नीरज के पीछे उनके भाई की पत्नी आंच ल और बगल में बच्चे बैठे थे। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से डैमेज हो गया। कार चला रहे नीरज और पीछे की सीट पर बैठी आंचल की मौके पर मौत हो गई। जबकि ड्राइवर सीट के बगल बैठी नीरज की पत्नी नेहा सुरक्षित बा हर निकल आई। नीरज का शव कार में बुरी तर ह से फंस गया था। उसका दाहिना हाथ हादसे में कटकर कार के गेट पर लटक रहा था। वहीं पीछे बैठे तीनों बच्चे भी घायल हो गए। जिन्हें प्राइवेट अस्पताल एससीपीएम में भर्ती कराया गया है।

## पुलिसकर्मियों ने कार काटकर शव निकाला

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।चार पुलिसकर्मियों ने कार के आगे का हिस्सा काटकर नीरज के शव को बाहर निका ला।वहीं घायल बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना की सूचना पर एएस पी पूर्वी मनोज कुमार रावत अस्पताल पहुँचे और पीड़ित परिवार से मिलकर हालचाल जा ना। पुलिस ने नीरज और आंचल के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बलरामपुर में नीरज के घर पर हादसे की सूचना मिलते ही मातम छा गया। मोहल्ले लोग घर के बाहर खड़े है। बता दें कि नीरज श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा के साथ ठे केदारी करते थे।नीरज दो भाइयों में बड़े थे और छोटा भाई सोनू है।

## कार सवार बलरामपुर से जा रहे थे अयोध्या

नीरज श्रीवास्तव के चचेरे साढू कुलवंत श्रीवा स्तव ने बताया कि हादसे की सूचना उन्हें सोनू नाम के एक व्यक्ति ने फोन पर दी थी।नीरज श्रीवास्तव उनके बड़े साढू थे, जो बलरामपुर से अयोध्या जा रहे थे।रास्ते में गिलौली के पास उनका एक्सीडेंट हो गया।सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे तो पता चला कि घायल बच्चों को गोंडा अस्पताल ले जाया गया है।वहां पहु चने पर उन्हें जानकारी मिली कि नीरज श्रीवा स्तव और उनके चचेरे भाई अवनीश श्रीवास्तव की पत्नी आंचल श्रीवास्तव की मौत हो चुकी है, जबकि नीरज की पत्नी नेहा सुरक्षित हैं। ती नों बच्चों का इलाज जारी है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने परिवार सहित किया राम लला का दर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी गुरुवार को अपने परिवार सहित राम नगरी पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी में बजरंगबली के दर्शन किए। इसके बाद रामलला के दरबार में श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजन-अर्चन किया। परिवार संग दर्शन के बाद प्रदेश और देश की खुशहाली की कामना की।मीडिया से बातचीत में समाजवादी पार्टी और विपक्ष पर साधा तीखा निशाना। दीपोत्सव पर अखिलेश यादव के बयान को बताया ल्लअंधकारमय मानसिकताञ्ज का प्रतीक। कहा सपा और कंग्रेस ने हिंदू आस्था और बहुसंख्यक समाज का अपमान किया है। कंग्रेस के उस हलफनामे का जिक्र किया जिसमें भगवान राम और रामसेतु को काल्पनिक बताया गया था। कहा भाजपा की राजनीति आस्था, विकास और राष्ट्र निर्माण की राजनीति है। जबकि विपक्ष भ्रम और नकारात्मकता फैलाता है।बिहार चुनाव पर उन्होंने कहा कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में एकजुट है और जनता विकास व स्थिरता के पक्ष में एनडीए को जनादेश देगी। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जो विकास यात्रा प्रारंभ हुई है वह बनी रहे जनता यही चाहती है।

# सरकारी अभिलेखों में छेड़छाड़ हुआ उजागर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप

**बताया गया कि यह फर्जी प्रमाण पत्र पूर्व सचिव दिनेश से तैयार करवा कर सोशल मीडिया पर वायरल किया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के विकास खण्ड कटरा बाजार के ग्राम कोटिया मदारा में सरकारी अभिलेखों से छेड़छाड़ का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। ग्राम निवासी देवी शंकर श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय राम नरेश प्रसाद ने जिलाधिकारी गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के पूर्व बीडीसी गंगा प्रसाद पुत्र श्याम लाल ने परिवार रजिस्टर और मृत्यु रजिस्टर में फर्जीवाड़ा कर एक व्यक्ति की मृत्यु तिथि में हेराफ़ेरी की है।

प्रार्थी के अनुसार, वर्ष 2006 में दर्ज वास्तविक मृत्यु तिथि 3 जून 2006 थी, जिसे बदलने की नीयत से गंगा प्रसाद ने ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से दस जून 2025 को एक फर्जी नुमाइशी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया। इस प्रमाण पत्र में मृत्यु तिथि 25 जून 2008 दर्शाई गई है। बताया गया कि यह फर्जी प्रमाण पत्र पूर्व सचिव दिनेश से तैयार करवा कर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। देवी शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत की गई थी, जिस पर तत्कालीन जिलाधिकारी ने स्पष्ट आदेश दिया था कि मुकदमे की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार से सरकारी अभिलेखों में छेड़छाड़ न की जाए।इसके बावजूद, अब गंगा प्रसाद पुनः उसी फर्जी प्रमाण पत्र को ऑनलाइन जारी कराकर सरकारी रजिस्टरों में बदलाव कराने का प्रयास कर रहा है।प्रार्थी का कहना है कि परिवार रजि स्टर में पहले से अंकित तिथि 03.06.2006 पर ओवरराइटिंग की गई है। उन्होंने संबंधित अ भिलेखों की छायाप्रतियां जिलाधिकारी को सौं पी हैं और मांग की है कि फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी रिकार्ड में हो रहे बदलाव को तत्काल रोका जाए तथा संबंधित रजिस्टरों को सील कर सुरक्षित किया जाए।सूत्रों के अनु सार,जिलाधिकारी कार्यालय ने मामले की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस घटना ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में सरकारी अभिलेखों से छेड़ छाड़ और भ्रष्टाचार के मामलों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## डाला छठ के पूर्व गंगा घाटों पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था भी बनाएं: पी.गुरू प्रसाद

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद ने गुरूवार को यहां गंगा घाटों की स्वच्छता एवं व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की । सर्किट हाउस सभागार में आगामी डाला छठ एवं देव दीपावली पर्व के दृष्टिगत गंगा घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया कि घाटों पर जमी सिल्ट (गाद) की सफाई हेतु लगाए गए 73 पम्प की संख्या बढ़ाकर 150 पम्प मशीनें लगाई जाएं, ताकि घाटों की सफाई कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके। इसके साथ ही प्रत्येक घाट पर 10 कर्मचारियों की गैंग बनाकर सफाई कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख घाटों पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था की जाए।

# पटाखे फोड़ने के विवाद में बुजुर्ग की हत्या,चार घायल

**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बेसिया चैन ग्राम में बृहस्पतिवार की सुबह पटाखा दाग ने के विवाद को लेकर जगदम्बा और रक्षा राम आपस में भिड़ गए जमकर लाठी डंडा सरिया चलाया जिस में एक वृद्ध की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए।इलाज के लिए मेडिक ल कालेज में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली दे हात थाना क्षेत्र के बेसिया चैन ग्राम के निवासी 17 वर्षीय बंशी पुत्र जगदम्बा बृहस्पतिवार के दिन गेहूं की पिसाई कराने आटा की चक्की प र जा रहा था कि रास्ते में गांव के चौराहे के पा स एक दर्जन लोग घेर कर मारने पीटने लगें। शोर मचाने पर उस के पिता जगदम्बा बाबा रा म तेज चाचा 40 वर्षीय बजरंगी और उस की चाची 35 वर्षीय माया देवी मौके पर पहुंच कर बचाने लगी तभी। लाठी डंडा सरिया से हमला कर के मरणासन्न कर दिया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।इलाज के दौरान राम तेज की मौत हो गई।जगदम्बा माया देवी की हालत गंभीर बनी हुई है। बजरंगी ने घायल अवस्था में बताया कि दिवाली की रात्रि में रक्षा राम का नाती कुट्टू पुत्र शिव शंकर पटाखा दाग रहा था। जिस का गोला भोला पुत्र शंकर के ऊपर पड़ गया था। जिस को लेकर आ पस में कहा सुनी हो गई थी। आपस में बैठ कर पंचायत भी की गई थी।इस के बाद भी ये लोगो ने घेरा बंदी कर के घटना को अंजाम दिया गया है। गांव में घटना को लेकर दोनों पक्षों में तनाव व्याप्त हो गया है। मौके पर पुलिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली थी जिस में एक वृद्ध की मौत हो गई है। घटना की तहरीर मिलते ही हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# पंडरी शंकर गांव में लक्ष्मी मूर्ति का विसर्जन

**विसर्जन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बच्चे उपस्थित रहे**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पड़री शंकर बहराइच रोड पर दीपावली पर्व के उपरांत गुरुवार को माता लक्ष्मी की मूर्ति यों का विसर्जन ऐतिहासिक पोखरा पर माता लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम पड़री शंकर गांव बहराइच रोड सहित कई अन्य गांवों में आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने पंडरी शंकर गांव बहराइच रोड पर गाजे-बाजे, डीजे और भक्ति गीतों के साथ भव्य शोभायात्राएं निकालीं। इन प्रतिमाओं को विधि-विधान से जल में विसर्जित किया ग या। शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने 'जय माता दी' और 'जय लक्ष्मी मां' जैसे जयकारे लगाए। इस अवसर पर जगह-जगह प्रसाद का वितरण भी किया गया। विसर्जन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बच्चे उपस्थित रहे,जिससे उत्सव का माहौल बन गया।सुरक्षा व्यवस्था ब नाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात था। इस मौके पर जिसमे ग्राम सभा के हरि ओम पाण्डेय ( ठेकेदार ) बच्चू लाल शुक्ला,हर्षित शुक्ला, पुत्तन लाल वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, सोमनाथ वर्मा, राज कुमार वर्मा, रोहित शुक्ला, शुभम शुक्ल सुशील शुक्ला समस्त ग्राम वासी मैजूद रहें। वही श्रद्धालुओं ने माता लक्ष्मी से सुख-समृ द्धि और शांति की कामना की।इन विसर्जन का र्यक्रमों के साथ ही क्षेत्र में दीपावली उत्सव का समापन हो गया।

# दोहरे हत्याकांड में शामिल एक बदमाश गिरफ्तार

**नाली के पानी के निकास को लेकर हुई थी घटना**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गौतमबुद्ध नगर । थाना जारचा पुलिस ने सैंथली गांव मे दीपावली के दिन नाली के पानी के निकासी के विवाद के चलते हुए डबल मर्डर केस का खुलासा करते हुए एक वांछित को आज गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार आरोपित के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक सफ़ेद रंग की बिना नंबर की स्विफ्ट कार, एक देशी तमंचा और दो कारतूस बरामद किया है।पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी विजय गौतम ने बताया कि दिपावली के दिन 20 अक्टूबर को गांव सैंथली में नाली के पानी के विवाद को लेकर अजयपाल और दिपांशु की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के परिजन धारा सिंह की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की धाराओं में चार के खिलाफ मामला दर्ज किया था।उन्होने बताया कि आज एक सूचना का आधार पर पुलिस ने हत्या में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान निखिल बरहेला (25) निवासी गांव कोट गांव दादरी के रूप मे हुई है। इसे आनन्दपुर पुलिया से 100 मीटर दूर खटाना नहर के पटरी मार्ग पर से गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में शामिल अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# रास्ते के विवाद को लेकर चले लाठी डंडे,आठ लोग घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र स्थित अहि रन पुरवा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई।इस घटना में दोनों पक्षों के कुल आठ लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज गोंडा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

यह घटना शुक्रवारदोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है।जा नकारी के अनुसार,शिव बहादुर यादव और सो नू,रामभवन,माता प्रसाद के गुटों के बीच रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था।शिव बहादुर याद व ने देहात कोतवाली में तहरीर देकर आरोप ल गाया है कि जब वह सुबह दूध बेचने निकले थे, तब रास्ते में सोनू,रामभवन और माता प्रसाद ने एकजुट होकर रास्ते के विवाद पर गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उन्होंने लोहे की रॉ ड से मारपीट की।इस मारपीट में शिव बहादुर यादव के पक्ष से विजय बहादुर, विद्या देवी और शिव बहादुर को चोटें आई हैं।विद्या देवी मारपी ट के दौरान बेहोश हो गईं।इसके अलावा, राज बहादुर, कंति देवी और संगीता को भी चोटें ल गी हैं।वहीं,दूसरे गुट के सोनू,रामभवन और मा ता प्रसाद भी घायल हुए हैं।सभी घायलों का गों डा मेडिकल कॉलेज में इलाज कराया गया है। दोनों गुटों ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।देहात कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों गुटों की तहरीर के आ धार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मा रपीट का वायरल वीडियो भी संज्ञान में लिया गया है।उन्होंने आश्वस्त किया कि पूरे प्रकरण की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्र वाई की जाएगी।

# भारत का चेहरा बनकर उभरी अयोध्या : गिरीशपति त्रिपाठी

**उन्होंने कहा कि भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। 137 देशों ने भगवान राम को स्वीकार किया है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या । नगर निगम के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या की ब्रांड वैल्यू निरंतर बढ़ रही है। यहां पिछले वर्ष 22 करोड़ पर्यटक आए थे और इससे साफ है कि अयोध्या पूरे भारत का चेहरा बन कर उभरी है।महापौर त्रिपाठी पाटेश्वरी मंदिर परिसर में बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे अयोध्या जिले के छात्रों से संवाद कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। 137 देशों ने भगवान राम को स्वीकार किया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि बाहर पढ़ाई करने के कारण आप सब अयोध्या के सांस्कृतिक दूत हैं।महंत त्रिपाठी ने बनारस और मथुरा वासियों की तरह क्षेत्रीय लगाव की चर्चा करते हुए इंटरनेट प्लेटफार्म एक्स, फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप के इस्तेमाल का सुझाव दिया। भाजपा नेता रवि तिवारी ने सुझाव दिया कि अध्यात्म के क्षेत्र में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर अयोध्या में प्रोफ़ेशनल उद्योग को बढ़ावा देने की जरूरत है। प्रतिष्ठित सीए सजन अग्रवाल ने जिले का नामकरण अयोध्या के नाम पर करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया ।इस अवसर पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर आयुष सिंह , अस्तित्ववत्स पांडे, वनस्थली की छात्रा मानसी पांडे, दीक्षा आदि ने अपने अपने विचार रखे और सुझाव भी दिए। कार्यक्रम का आयोजन पार्षद प्रतिनिधि अजय पांडे ने किया।इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद संतोष सिंह, रामशंकर निषाद, अनूप श्रीवास्तव, सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, अवनीश पांडे, पार्षद हरिश्चंद्र गुप्त, विशाल पाल, देवेंद्र सिंह, विपिनेश पांडे, ओमप्रकाश सिंह नाहर, भाजपा नेता हेमंत जायसवाल, आलोक द्विवेदी, पवनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में संभ्रांत नागरिक एवं छात्र मौजूद थे। इससे पूर्व मेधावी छात्रों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## खेत गई युवती को उठा ले गया गुलदार, ड्रोन कैमरे से हो रही खोजबीन

बिजनौर। शौच के लिए जंगल गई युवती को गुलदार ने अपना शिकार बना लिया। इसके बाद क्षेत्र में हड़कम्प मच गया ▪ सूचना मिलने के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ युवती की तलाश के लिए तीन ड्रोन कैमरो की भी मदद ली । मौके पर आला अधिकारी मौजूद रहे ▪आज प्रातः लगभग 10 बजे ग्राम पहाड़पुर नन्हेडा़ निवासी योगेश कुमार उर्फ गुड्डू अपनी 20 वर्षीय पुत्री साक्षी व परिवार के अन्य सदस्यों को लेकर जंगल में काम करने के लिए गया था। जहां साक्षी अपनी मां से कहकर शौच के लिए नहर के किनारे चली गई ▪ साक्षी के गन्ने के खेत में पहुंचते ही उसे गुलदार उठा कर ले गया। सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई । आसपास के ग्रामीण भी जंगल की ओर दौड़े । सूचना मिलते ही एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा, सीओ अभय कुमार पांडे, थानाध्यक्ष धीरज सिंह नागर, तहसीलदार धामपुर तथा वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों के साथ युवती की तलाश में जुट गए। काफी समय तक पता नहीं मिलने पर तीन ड्रोन कैमरे की मदद भी ली जा रही है।

# यात्रियों की मांग को देखते हुए रोडवेज ने बस के अतिरिक्त फ़ेरे लगवाने का लिया निर्णय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मुरादाबाद । भैया दूज पर बढ़ी यात्रियों की बढ़ी भीड़ को सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम प्रबंधन को बसों के फ़ेरे बढ़ाने पड़े। बसें यात्रियों से खचाखच भरकर रवाना हुईं। फिर भी सीट के लिए यात्रियों में होड़ मची रही।भैया दूज के पर्व पर भाई बहनों के द्वारा एक दूसरे के घर जाने के लिए मुरादाबाद डिपो पर हर दिन की तुलना में चार हजार से अधिक यात्री बढ़ गए। मुरादाबाद डिपो पर बीती रात से भीड़ जुटने लगी थी। सबसे अधिक मारा-मारी दिल्ली और बिजनौर रूट पर रही। देहरादून व हल्द्वानी रूट के यात्रियों की सहूलियत के मद्देनजर रोडवेज प्रबंधन ने बसों के फ़ेरे दो गुना तक बढ़ा दिए। दिल्ली रूट पर औसतन 40 फ़ेरे बसें चलतीं हैं। जबकि, गुरुवार को इस रूट पर बसों के 50 से अधिक फ़ेरे लगे। वहीं रामपुर, अमरोहा, संभल, चंदौसी रूट पर यात्रियों की भीड़ सहेजने में दोनों डिपो के कर्मचारी और स्टेशन प्रभारी पसीना-पसीना नजर आए। देहरादून रूट पर मुरादाबाद डिपो की बसों ने 42 से अधिक फ़ेरे लगाए। इस रूट पर डिपो की कुल 22 बसें चलती हैं।रोडवेज बसों के सर्वाधिक फ़ेरे, रामपुर, बरेली, चन्दौसी, संभल, बिजनौर, गजरौला, अमरोहा, पीलीभीत, हरिद्वार, गाजियाबाद, आनंद विहार, धामपुर, स्योहारा, कांठ आदि क्षेत्रों के लिए लगाए गए। मुरादाबाद डिपो के कंट्रोल रूम प्रभारी सत्यवीर ने बताया कि दिल्ली और देहरादून रूट पर बसों के डेढ़ गुना तक फ़ेरे बढ़ाने पड़े। डिपो से 17914 यात्रियों ने सफर किया था। गुरुवार शाम चार बजे तक तक यह संख्या बीस हजार के पास पहुंच गयी। आमतौर पर मुरादाबाद डिपो से 14 से 15 हजार यात्री सफर करते हैं। कंट्रोल रूम प्रभारी ने बताया कि अन्य डिपो की बसों से भी यात्रियों से सफर किया।

# कल्पवृक्ष के समान है रामायण : आचार्य शान्तनु जी महाराज

## गौरीगंज में भगवामय रथ पर सवार कथा व्यास का पुष्पवर्षा कर भक्तों ने किया स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास मंगलम भवन पर आयोजित श्रीराम कथा के प्रथम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भगवान की असीम कृपा से ही हम सब सन्मार्ग की ओर प्रेरित होते है माता पार्वती के शंका समाधान करते हुये महादेव ने बताया कि देवी ईश्वर सगुण भी है और निर्गुण भी भक्त जिस रूप में चाहता है प्रभु उसी रूप में भक्तों को दर्शन देते है। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने मानस की महिमा बताते हुये कहा कि ये रामायण कल्पबृक्ष के समान है इसको गाने वाला जो चाहता है वो उसको मिलता है परंतु शर्त है कि इसे निर्मल मन से गाया जाय।भगवान शिव के विवाह की कथा सुनाते हुये कथा व्यास ने कहा कि शिव और पार्वती श्रद्धा और विश्वास के प्रतीक है इसीलिये रामकथा में पहले शिव और पार्वती की कथा है। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने भगवान शिव की बारात का दर्शन कराते हुये कहा कि उनकी बारात में भूत प्रेत भी शामिल थे परंतु वे भी बहुत ही संयमित थे परांठे आज की क्या स्थिति है हम सब को इस पर विचार करना चाहिये साथ ही साथ महाराज जी ने समाज मे व्याप्त अनेक कुरीतियो पर कुठाराघात किया। श्रीराम कथा में शामिल होने से पूर्व भगवामय खुली थार पर सवार कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज का विधायक राकेश प्रताप सिंह की अगुवाई में थौरी,अढ़नपुर, कादूनाला, पिण्डारा,नंदमहर चौराहा,कमला नगर,रामगंज, गौरीगंज नगर सहित कथा स्थल मंगलम भवन पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर फूल मालाओं से स्वागत किया।श्रीराम कथा के यजमान दिनेश प्रताप सिंह, मुकेश प्रताप सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर कथा व्यास का माल्यार्पण किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट किया।इस मौके पर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह,ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अनिल सिंह जामो, मुन्ना सिंह पिठला, अखण्ड प्रताप सिंह,मनीष सिंह,जगदेव मौर्या, कप्तान मिश्रा, रिंकू सिंह, धीरु सिंह,प्रदीप सिंह, गुडडू सिंह,राजाराम पासी, ध्रुवराज पासी,सहित हजारों की संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# कलम पूजन और हवन के साथ भगवान चित्रगुप्त की पूजा संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर, सीताकुंड पर कलम पूजन और हवन के साथ यम द्वितीया के दिन कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त का पूजन पूरे विधान से किया। श्री चित्रगुप्त भगवान की पूजा में शरद श्रीवास्तव पत्नी पूनम श्रीवास्तव के साथ मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। पंडित रोहित तिवारी ने पूरे विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। शहर के साथ साथ ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों से कायस्थ जन इस पूजन में शामिल हुए। कायस्थजन के अलावा भी अन्य बिरादरी के लोग भी इस पूजन में शामिल होकर कार्यक्रम की सराहना की। सबसे पहले भगवान चित्रगुप्त की कथा सुबह 11 बजे आरंभ हुई तत्पश्चात आए हुए सभी कायस्थों ने हवन में आहुतियां दी। पूरे विधि विधान के साथ पूजन और हवन के बाद श्री चित्रगुप्त भगवान की महाआरती की गई। श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर की भव्य सजावट और पूरे मंदिर परिसर की छटा देखते बन रही थी। आए हुए आगंतुकों ने मंदिर की भव्यता की भूरि भूरि प्रशंसा की। पूजन हवन और आयोजन में शामिल हुए सभी लोगों के लिए हलुआ के साथ सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई थी। जिसे चरणामृत के साथ ही प्रसाद के रूप में सभी ने ग्रहण किया और इसी तरह हर बार धूम धाम से कलम पूजन और भगवान चित्रगुप्त के चरणों में उपस्थित रहने का संकल्प लिया।यह जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी दिनकर श्रीवास्तव ने दी है।

## आस्था साहस और संकल्प का प्रतीक बने हिमांशु सिंह

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जब श्रद्धा दृढ़ हो और मन में देश व धर्म के प्रति अटूट निष्ठा हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नही होता।जामो विकास क्षेत्र के गांव बसंतपुर निवासी हिमांशु सिंह पुत्र हंसराज सिंह ने ऐसा कर दिखाया है। उन्होंने अकेले साइकिल पर सवार होकर चार धाम और बारह ज्योतिर्लिंगों की कठिन व दिव्य यात्रा पूरी कर पूरे जिले का मान–सम्मान बढ़ाया है।हिमांशु सिंह ने बीती चौदह मई को श्रीराम की नगरी अयोध्या से अपनी यात्रा का शुभारम्भ किया था और दीपोत्सव पर पुनः अयोध्या लौटकर यात्रा पूर्ण की। इस दौरान उन्होंने एक सौ उनसठ दिनों में लगभग पन्द्रह हजार किलोमीटर की लम्बी और साहसिक दूरी तय की। यह यात्रा न केवल शारीरिक सहनशक्ति की परीक्षा थी बल्कि एक गहन भक्ति और आत्मबल की यात्रा भी रही।घर वापसी पर ग्राम बसंतपुर में हिमांशु का गाजे बाजे, पुष्पवर्षा और जय श्रीराम के नारों के बीच भव्य स्वागत किया गया। पूरा गांव गर्व और आनंद से सराबोर हो उठा। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी अमेठी के प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, मण्डल अध्यक्ष श्री राजेश सिंह, रमेश सिंह ने हिमांशु को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।हिमांशु सिंह ने बताया कि उनकी यात्रा का उददेश्य देश के चार धाम बद्रीनाथ, द्वारका, जगन्नाथपुरी और रामेश्वरम तथा बारहों ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता का संदेश देना था। उन्होंने कहा कि अब उनका संकल्प इस दिव्य यात्रा को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराना है।ग्रामवासियों ने कहा कि हिमांशु ने अपने साहस, भक्ति और देशप्रेम से अमेठी जिले का नाम ऊंचा किया है। सभी ने प्रभु श्रीराम से उनके उज्ज्वल भविष्य, दीर्घायु और सफलता की प्रार्थना की।हिमांशु की यह यात्रा केवल दूरी तय करने की नहीं, बल्कि श्रद्धा, साहस और संकल्प की सीमाएं लांघने की कहानी है।

## श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा के शुभारम्भ से पूर्व गुरुवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा व्यास स्वामी हरिनारायणचार्य जी महाराज की अगुवाई में निकली भव्य कलश यात्रा में यजमान के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने धार्मिक स्थलों पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया।कलश यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने आम जनमानस को भक्ति भाव से जुडने का संदेश देते हुये क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता निवासी संतोष कुमार मिश्रा द्वारा सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास रामानुजाचार्य स्वामी हरिनारायणचार्य जी महाराज द्वारा नियमित सायं पाली में सात बजे से दस बजे तक भक्तों को कथा का रसपान कराया जायेगा। गुरुवार को कार्यक्रम स्थल से गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा के साथ कथा व्यास स्वामी हरिनारायणचार्य और यजमान अर्चना मिश्रा जयंत कुमार मिश्रा द्वारा गांव के प्राचीनतम मंदिरों में दर्शन पूजन कर बाबा दतेहरेश्वर धाम मोक्षेश्वरी मंदिर उसरहा, आदि शक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शन पूजन के बाद बाबा बालदास की तपोभूमि जयनगरा स्थित प्राचीनतम सगरा में जल भरकर जमुली होते हुये कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में भक्तगणों के साथ महिलाएं शामिल रही।


## श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा के शुभारम्भ से पूर्व गुरुवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा व्यास स्वामी हरिनारायणचार्य जी महाराज की अगुवाई में निकली भव्य कलश यात्रा में यजमान के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने धार्मिक स्थलों पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया।कलश यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने आम जनमानस को भक्ति भाव से जुडने का संदेश देते हुये क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता निवासी संतोष कुमार मिश्रा द्वारा सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास रामानुजाचार्य स्वामी हरिनारायणचार्य जी महाराज द्वारा नियमित सायं पाली में सात बजे से दस बजे तक भक्तों को कथा का रसपान कराया जायेगा। गुरुवार को कार्यक्रम स्थल से गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा के साथ कथा व्यास स्वामी हरिनारायणचार्य और यजमान अर्चना मिश्रा जयंत कुमार मिश्रा द्वारा गांव के प्राचीनतम मंदिरों में दर्शन पूजन कर बाबा दतेहरेश्वर धाम मोक्षेश्वरी मंदिर उसरहा, आदि शक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शन पूजन के बाद बाबा बालदास की तपोभूमि जयनगरा स्थित प्राचीनतम सगरा में जल भरकर जमुली होते हुये कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में भक्तगणों के साथ महिलाएं शामिल रही।


## श्रीनगर में युवक की हत्या कर गन्ने के खेंत में शव छिपाने के मामले में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के गांव श्रीनगर निवासी रवि कुमार पुत्र सत्यप्रकाश मंगलवार की शाम से घर से लापता था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। वुधवार की सुबह रवि की मोटरसाइकिल गौतम नगर के पास और शव गन्ने के खेंत से बरामद हुआ था। मृतक के परिजनों ने पुत्र की हत्या कर शव गन्ने के खेंत में छिपाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक की माँ ऊषा देवी की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही हीरालाल व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## भाई दूज को निकाली महिला हुई हादसे का शिकार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र सेहरामऊ के जोगराजपुर के नजदीक धान से भरी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली ने दो बाइकों को टक्कर मार दी इस हादसे में एक महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया शाहजहांपुर के कटरा थाना क्षेत्र के शेरपुर बतलइया गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र कालीचरन अपनी बाइक से जा रहे थे? इसी दौरान जोगराजपुर आढ़ती की धान से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर–ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी युवक ट्रैक्टर के नीचे फंस गया इसी बीच, पीछे से आ रही एक दूसरी बाइक पर सवार महिला भी इस टक्कर की चपेट में आ गये ग्रामीणों ने तत्काल दोनों घायलों को बाहर निकाला ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल महिला को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया टक्कर मारने वाल ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे में लेकर चालक की तलाश जारी कर दी है वही ग्रामीणों मे पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है और ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# शारदा सहायक नहर खंड 16 की पटरी पर से हो रहा है कब्जा

**कब्जे को हटाने से कतरा रहे है विभाग के अधिकारी**

**कर्मचारी नहर की पटरी पर करवा रहे हैं अवैध कब्जा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील मुख्यालय स्थित शारदा सहायक खंड 16 नहर की पटरी परदिनों दिन अवैध कब्जे के चलते अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है लेकिन विभागीय अधिकारी देखते हुए भी मौन है अतिक्रमण की शिकायत होने के बावजूद भी संबंधित अधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं। आपको बता दें कि तहसील मुख्यालय बल्दीराय पर शारदा सहायक नहर की पटरी पर तीन शेड लगाकर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है जिसकी ऑनलाइन शिकायत ग्रामीण प्रदीप सिंह सहित लगभग आधा दर्जन ग्रामीणो ने विभाग के अधिशासी अभियंतासे की थी। उक्त अधिकारी ने अपने ही विभागीय कर्मचारियों से इसकी जांच कराई, जांच में शिकायत सही पाए जाने के बावजूद भी कब्जेदार को बचाने का प्रयास किया गया। अधिशासी अभियंता द्वारा ऑनलाइन शिकायत में कार्यवाही के बजाय कार्यवाही को प्रस्तावित करवा दिया जिससे अवैध कब्जेदार के ऊपर कारवाही ना हो सके। ज्ञात रहे कि पत्रांक सं0 2351 में विभागीय अधिकारी द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर को संदर्भ संख्या 40017925034455 में अपनी आख्या में जांचोंपरांत अवैध कब्जा न हटाकर सिर्फ लीपा पोती करते मुकदमा चलाने की कार्यवाही को प्रस्तावित कर दिया। विभाग की ऐसी कार्यवाही से शारदा सहायक नहर खंड 16 की पटरी पर दिनों दिन अवैध कब्जा होता जा रहा है इसे विभाग की चाल समझी जाए या किसी का दबाव।

**मुकदमे के बाद नहीं होता कोई फैसला**

क्षेत्र में कई नजीर ऐसी देखने को मिली है नहर की पटरी पर विगत चालीस वर्षो से भवन का निर्माण करवा कर कब्जेदार रह रहा है शिकायत हुई विभाग द्वारा जांच करवाई गई लेकिन कब्जा न हटा कर मुकदमा चला दिया गया बस। कब्जेदार का स्थाई कब्जा हो गया आखिर शारदा सहायक नहर खंड 16 अधिनियम में क्या कब्जेदार को हटाने का कोई प्रावधान नही है या अधिकारी करना नही चाहते। यह चर्चा क्षेत्र में आम बनी हुई है ग्राम पंचायत बीही निदूरा के प्रदीप सिंह दर्जनो ग्रामीणो ने जिलाधिकारी से तत्काल नहर की पटरी से अवैध कब्जेदारो को तत्काल हटाने की मांग की है।

## रास्ते के विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के चलतुआ गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने–सामने आ गए थे। पूजा पुत्री रतनलाल ने आरोप लगाया था कि 21 अक्टूबर को लोरिंग, नौमीलाल, सतुरुधन, नोमिक, गौरी, आशा, माया, धनवती ने मारपीट की थी। पुलिस ने मामले में पूजा की शिकायत और वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सुविधा शुल्क न देने पर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से नवजात की मौत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूता के परिजनों ने पुलिस को शिकायत पत्र देते हुए स्टॉफ नर्स पर डिलीवरी के समय लेन–देन का आरोप लगाया गौरतलब है कि पूरा मामला पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है ।यहां पर बीते दिन 22 अक्टूबर को प्रसूता डिलीवरी के लिए अस्पताल आई थी। इस दौरान रुपए के लेन–देन के विवाद में नवजात की जान चली गई।इस बात को लेकर परिजनों ने नर्स पर तीन हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया था।पैसे न देने को लेकर झगड़ा करने पर नवजात की मौत होने का आरोप भी लगाया पूरनपुर के गांव उदरहा निवासी विशाल की पत्नी सोनी देवी को प्रसव पीड़ा हुई थी। परिजन उन्हें बुधवार दोपहर लगभग 12:40 बजे सीएचसी पूरनपुर लेकर पहुंचे थे। अस्पताल पहुंचने के करीब 50 मिनट बाद, लगभग 1:30 बजे, महिला ने बच्चे को जन्म दिया मृत नवजात शिशु को देखकर परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि ड्यूटी पर मौजूद नर्सों ने समय पर इलाज और देखभाल नहीं की, जिसके कारण नवजात की जान नहीं बच सकी। गुस्साए परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है।

## एक ज़मीन ऐसी, जिसकी हो गई ऐसी की तैसी

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मामला बल्दीराय थानाक्षेत्र के खनोहा गांव का है, जहां एक ऐसी बेशकीमती जमीन है, जिसके लगभग डेढ़ दर्जन खातेदार है। उक्त भूखंड पर क्या आम और क्या खास सभी की नज़रें गड़ी थी, सरकारी गैर सरकारी सभी मौके की तलाश में थे कि दिन, समय और परिस्थित अनुकूल करने के पश्चात उक्त करोड़ो की जमीन का बंदरबांट कैसे किया जाए, जिससे एक झटके में सभी के बैंक बैलेंस में वजन पैदा हो जाए ।

## पीड़ित परिवार को दिया न्याय व सहायता का आश्वासन

कादीपुर/सुलतानपुर। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खानपुर पिलाई (देवनगर) निवासी स्वर्गीय उमा शंकर दूबे की दिनांक 21 अक्टूबर 2025 को कुछ अराजक तत्वों द्वारा की गई निर्मम हत्या की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सीओ कादीपुर, सीओ जयसिंहपुर, अखण्डनगर थानाध्यक्ष, चौकी इंचार्ज सहित प्रशासनिक दल मौके पर पहुँचा। अधिकारियों ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें शांत कराने के साथ-साथ घर पर रखे पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार करने के लिए समझाया। इस दौरान पीड़ित परिजनों ने सरकार से कई मांगें रखीं कृ जिनमें मुख्यमंत्री आवास, ग्राम पंचायत में भूमि अधिग्रहण कर भूमि प्रदान करने, परिवार की सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस देने, और हत्या में संलिप्त सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई कर जल्द जेल भेजने की माँग प्रमुख रही। प्रतिनिधि ने मौके पर ही परिजनों को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया तथा प्रशासन को निर्देशित किया कि पीड़ित परिवार की सभी मांगों का निस्तारण शीघ्र किया जाए।

# कई किसानों ने अन्नदाता किसान यूनियन की सदस्यता की ग्रहण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। अन्नदाता किसान यूनियन के विस्तार और संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से किसानों में जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में तहसील कलीनगर के अध्यक्ष सुखजीत सिंह के कीरतपुर स्थित आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष गुरविंदर सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने अन्नदाता किसान यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में पहुंचे प्रदेश प्रवक्ता सुखजीत सिंह औलख, प्रदेश महामंत्री बलजिंदर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों का किसानों ने स्वागत किया। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने किसानों को उनकी समस्याओं और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए यूनियन के उद्देश्यों से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन आज भी किसान अपनी मूलभूत सुविधाओं और फसलों के उचित मूल्य से वंचित है। ऐसे में एकजुट होकर ही अपनी आवाज को मजबूत किया जा सकता है। जिला अध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने कहा कि संगठन का लक्ष्य है कि क्षेत्र का कोई भी किसान उपेक्षित न रहे और उसकी हर समस्या का समाधान यूनियन के माध्यम से किया जाए। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जुड़ने का आह्वान किया।इसी दौरान सदस्यता ग्रहण करने वाले किसानों ने भी यूनियन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में संगठन को और विस्तार देने तथा किसानों की सुरक्षा और हितों के लिए संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में अनेक किसान व पदाधिकारी मौजूद रहे। गुरुवार दोपहर तीन बजे जिलाध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने बताया कि संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान जारी रहेगा।

## बाइक सवार दंपति से लूट का पुलिस ने किया खुलासा आरोपी गिरफ्तार

पूरनपुर घुघंचाई थाना क्षेत्र के गांव अभयपुर माधौपुर निवासी जोगिंदर सिंह अपनी पत्नी मनजीत कौर के साथ 13 अक्टूबर की दोपहर लगभग 2:45 बजे पूरनपुर से अपने घर लौट रहे थे। दंपति जैसे ही गजरौला जप्ती के पास पहुंचे, तभी बाइक सवार बदमाश ने महिला के कान से कुंडल नोच लिया और मौके से फरार हो गया था। अचानक हुई इस वारदात से दंपति घबराकर शोर मचाने लगे, लेकिन तब तक बदमाश मौके से भाग चुका था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर सुराग जुटाए और गुरुवार को घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बाइक सवार बदमाश सन्तराम पुत्र राजेन्द्र निवासी चन्दोखा थाना घुघंचाई को दबोचा है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने महिला से लूटे गए कुंडल और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया। गुरुवार दोपहर दो बजे कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद जेल भेजा जाएगा।

# सत्ता की हनक या सिस्टम पर बुलडोजर

## बिना स्वीकृत नक्शे के ही खड़ा कर दिया गया बीजेपी कार्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कानून और नियमों को ताक पर रखकर सत्ता की हनक में बीजेपी कार्यालय का निर्माण कर दिया गया, वो भी बिना नक्शा स्वीकृत कराए! अवैध निर्माण की नोटिस भी जारी हुई, लेकिन सिस्टम ने अजीब चुप्पी साध ली। न सुनवाई, न पेशी सब कुछ सत्ता के दबाव में दब गया। अब सूत्रों से जो जानकारी सामने आई है, वह और भी चौकाने वाली है 'फीलगुड' और सत्ता के दबाव में नियम विरुद्ध तरीके से नक्शा पास करा दिया गया! सवाल उठता है कि जब अवैध निर्माण पहले ही उजागर हो चुका था, तो अब कौन-सी मजबूरी में नक्शा वैध कर दिया गया? जानकारी के मुताबिक संबंधित ज़मीन भारत दीक्षित के नाम पर थी (मानचित्र सं. 635/15) जो स्वीकृत नहीं था। इस पर वाद सं. 36/16 और अवैध निर्माण की धारा-10 के तहत नोटिस जारी हुआ था। नियम के मुताबिक भू-उपयोग परिवर्तन (स्ंदक न्मे बेंदहम) के बाद ही कोई निर्माण कार्य किया जा सकता था, लेकिन सत्ता की ढाल में यह सारा खेल बिना प्रक्रिया पूरा कर लिया गया। अब सवाल यह है कि क्या अवैध निर्माण पर चलने वाला बुलडोजर अब सत्ता के दबाव में रुक जाएगा या फिर यह मामला भी सत्ता की ताक़त के आगे कानून की हार बनकर रह जाएगा?

# मंडी समिति में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की 26 अक्टूबर को विशाल जनसभा की तैयारी तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की ओर से 26 अक्टूबर को पूरनपुर मंडी समिति में एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। इस जनसभा में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक वीएम सिंह एव योग गुरु स्वामी रामदेव भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। जनसभा में लगभग 150 किसान संगठन और हजारों की संख्या में किसान भाग लेंगे। जनसभा को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक कर रहे हैं और अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस जनसभा में किसानों की समस्याओं, गन्ने के मूल्य, फसल बीमा और न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। शेरपुर कला के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि

हाजी रियाजत नूर खां ने गुरुवार दोपहर एक बजे जानकारी देते हुए बताया कि जनसभा को लेकर पूरी टीम तैयारियों में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज बुलंद करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए यह जनसभा एक महत्वपूर्ण कदम होगी। ग्रामीण इलाकों में भी जनसंपर्क अभियान चलाकर किसानों को आमंत्रित किया जा रहा है। पूरनपुर मंडी समिति में होने वाली यह जनसभा जिले में किसान एकता और हक की लड़ाई का बड़ा मंच साबित हो सकती है।

## सम्पादकीय

# कभी-कभी हार न मानना ही उपदेश बन जाता है

कुछ साल पहले, मेरा एक करीबी दोस्त शराब की लत में बुरी तरह फंस गया था। एक होनहार, काबिल नौजवान को शराब की लत में गिरते देखना दिल दहला देने वाला था। एक रात वह अपनी कार लेकर, पूरी तरह नशे में, लोनावला (मुम्बई) तक चला गया। मैं उसे बार-बार फोन करता रहा, उससे रुकने, वापस मुडने और किसी सुरक्षित जगह पर गाड़ी रोकने की विनती करता रहा। उसने मेरे ज्यादातर फोन का जवाब नहीं दिया। आखिरकार जब उसने फोन उठाया तो उसकी आवाज लडखड़ा रही थी और वह गुस्से में था। मुझे लगा कि उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या कर रहा है। महीनों बाद, जब वह किसी तरह शराब पीना छोड़ पाया तो वह मुझसे कॉफी हाऊस पर मिला और कुछ ऐसा कहा जो मैं कभी नहीं भूलूंगा। उसने कहा, ''बॉब, तुम्हें याद है वह रात जब मैं नशे में गाड़ी चला रहा था और तुम मुझे बार-बार फोन कर रहे थे। तुम्हें लगा था कि मैं तुम्हें सुन नहीं पा रहा हूं लेकिन मैं सुन रहा था और उस धुंध में, एक ही बात मेरे दिमाग से नहीं निकल रही थी, कि क्या मैं इतना काबिल हूं कि बॉब मुझे फोन करता रहे? क्योंकि यही वह वक्त था जब मैं खुद को सबसे ज्यादा नाकाबिल महसूस कर रहा था। मैं पीना बंद नहीं कर पा रहा था। मैंने सबको निराश किया था, खुद को भी। लेकिन तुम्हारे फोन मुझे कुछ और बता रहे थे कि कोई अब भी मुझे बचाने लायक समझता है।'' मैं काफी देर तक चुप रहा। उसके शब्दों ने मुझे बरसों में सुनी किसी भी बात से ज्यादा गहरा धक्का पहुंचाया। हम अक्सर सोचते हैं कि लोगों को उपदेश देने, उन्हें डांटने या उन्हें लंबा-चौड़ा उपदेश देने से वे वापस आ जाएंगे। लेकिन कभी-कभी, बस हार न मानने का काम ही उपदेश बन जाता है। हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां लोगों को आसानी से नजरअंदाज कर दिया जाता है। एक बार असफल हो जाओ और तुम्हें नकार दिया जाता है। किसी कमजोरी से जूझो और तुम्हें निराशाजनक करार दे दिया जाता है। अपना रास्ता भटक जाओ और अचानक हर कोई यह दिखावा करने लगता है कि वे तुम्हें जानते ही नहीं थे। हम इसे व्यावहारिक होना कहते हैं। लेकिन असल में इससे यही पता चलता है कि हम भूल गए हैं कि अनुग्रह कैसे काम करता है। मेरा दोस्त इसलिए संयम में नहीं लौटा क्योंकि किसी ने उसे पाप के बारे में उपदेश दिया था। वह कई कारणों से लौटा लेकिन उनमें से एक यह था कि किसी को विश्वास था कि वह अभी भी योग्य है। उस विश्वास ने उसके अंदर एक ड्क्षचगारी जलाई जब उसके अंदर खुद की कोई रोशनी नहीं बची थी। इस समय हमारे आस-पास ऐसे लोग हैं जो चुपचाप अपने ही राक्षसों से लड़ रहे हैं। जैसे नशे की लत, अवसाद, असफलता और शर्म। आपको शायद पता न हो लेकिन आपका धैर्य, आपका फोन कॉल, उनका साथ न छोडना ही शायद उन्हें बचा सकता है। जब हम किसी को उसके सबसे बुरे समय में देखते हैं और फिर भी उसे प्यार के लायक समझते हैं तो हम वही दोहराते हैं जो परमेश्वर हर दिन हमारे साथ करता है। वह पुकारना कभी बंद नहीं करता। जब हम पूरी गति से गलत दिशा में गाड़ी चला रहे होते हैं, तब भी वह फोन करता रहता है, फुसफुसाता रहता है और कहता है, 'तुम अब भी मेरे हो।' तो अगली बार जब कोई आपको निराश करे तो जल्दी से वहां से न जाएं। यह न सोचें कि उनकी मदद नहीं की जा सकती। याद रखें कि आपकी दृढ़ता एक दिन उन्हें यह कहने पर मजबूर कर सकती है, ''क्या मैं सचमुच इतना योग्य हूं''। और हो सकता है कि आंसुओं और जागृति के माध्यम से पूछा गया यह प्रश्न, उनके घर वापसी के सफर की शुरूआत हो।

# बिहार चुनावः मुद्दों एवं मूल्यों से दूर भागती राजनीति

**बिहार में शराबबंदी एक बड़ा सामाजिक और राजनीतिक मुद्दा रहा है। यह मुद्दा केवल कानून का नहीं, बल्कि नैतिकता, सामाजिक सुधार और जनजीवन की स्थिरता से जुड़ा हुआ है। शराबबंदी की सफलता या विफलता को लेकर जनता के मन में अनेक प्रश्न हैं, क्योंकि इस नीति ने जहां कई परिवारों को विनाश से बचाया, वहीं भ्रष्टाचार, अवैध तस्करी और पुलिसिया मनमानी को भी जन्म दिया। दिलचस्प यह है कि इस बार के चुनाव में लगभग सभी प्रमुख दल इस मुद्दे से दूरी बनाए हुए हैं। एनडीए खेमे के नेता खुलकर इस पर बोलने से बच रहे हैं। केवल प्रशांत कुमार जैसे कुछ नेता हैं जो पूर्ण शराबबंदी की पुनः स्थापना का नारा उठा रहे हैं। यह सवाल उठता है, अगर शराबबंदी सचमुच जनता के हित में थी, तो सत्ता पक्ष इससे डर क्यों रहा है? क्या यह स्वीकारोक्ति है कि कानून तो बनाया गया, लेकिन उसका क्रियान्वयन असफल रहा? शराबबंदी क्यों जरूरी है, उस महिला से पूछिये, जिसकी बिछुए शराब पीने से लिये उसके पति ने बेच दी।**

बिहार में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। हर दल अपने-अपने घोषणापत्र, नारों और वादों के साथ जनता को लुभाने में जुटा है। मंचों पर भाषणों की गरमी है, प्रचार रथ दौड़ रहे हैं, लेकिन इस शोर में सबसे बड़ी कमी है-जनता के असली मुद्दों की आवाज़। राजनीति का यह शोर विकास की असली जरूरतों को दबा रहा है। बिहार जैसे राज्य में जहां गरीबी, बेरोजगारी, अपराध, और सामाजिक पिछड़ापन अब भी विकराल रूप में मौजूद हैं, वहां चुनावी विमर्श का इनसे विमुख होना चिंताजनक है। यह लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव का विरोधाभास ही नहीं, दुर्भाग्य है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर क्यों बिहार चुनाव में कोई भी दल उन मुद्दों को ईमानदारी से नहीं उठा रहा जो सीधे-सीधे जनता के जीवन से जुड़े हैं? क्यों शराबबंदी, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, अपराध-माफिया शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे वास्तविक सवाल राजनीतिक एजेंडे से गायब हैं? बिहार में शराबबंदी एक बड़ा सामाजिक और राजनीतिक मुद्दा रहा है। यह मुद्दा केवल कानून का नहीं, बल्कि नैतिकता, सामाजिक सुधार और जनजीवन की स्थिरता से जुड़ा हुआ है। शराबबंदी की सफलता या विफलता को लेकर जनता के मन में अनेक प्रश्न हैं, क्योंकि इस नीति ने जहां कई परिवारों को विनाश से बचाया, वहीं भ्रष्टाचार, अवैध तस्करी और पुलिसिया मनमानी को भी जन्म दिया। दिलचस्प यह है कि इस बार के चुनाव में लगभग सभी प्रमुख दल इस मुद्दे से दूरी बनाए हुए हैं। एनडीए खेमे के नेता खुलकर इस पर बोलने से बच रहे हैं। केवल प्रशांत कुमार जैसे कुछ नेता हैं जो पूर्ण शराबबंदी की पुनः स्थापना का नारा उठा रहे हैं। यह सवाल उठता है, अगर शराबबंदी सचमुच जनता के हित में थी, तो सत्ता पक्ष इससे डर क्यों रहा है? क्या यह स्वीकारोक्ति है कि कानून तो बनाया गया, लेकिन उसका क्रियान्वयन असफल रहा? शराबबंदी क्यों जरूरी है, उस महिला से पूछिये, जिसकी बिछुए शराब पीने से लिये उसके पति ने बेच दी। ऐसी त्रासद घटनाएं बिहार के जन-जन में देखने को मिलती है। वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। हमारा हर दिन भी कई विरोधाभासों के बीच बीतता है। आज तो हमारी सारी नीतियों में, हमारे सारे निर्णयों में, हमारे व्यवहार में, हमारे कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। लेकिन बिहार चुनाव ऐसे विरोधाभास के कारण कथनी करनी के अंतर का अखाड़ा ही बनते हुए प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि हमारे जीवन में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों का व्यवहार दोगला हो गया है। उनके द्वारा दोहरे मापदण्ड अपनाने से हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रहे हैं। चुनाव एवं चुनावी मुद्दें समस्याओं के समाधान का माध्यम बनने चाहिए, लेकिन वे समस्याओं को बढ़ाने का जरिये बनते रहे हैं। यही कारण है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महिला-सुरक्षा, अपराध-नियंत्रण की प्राथमिकता के नारे हमारे लिए स्वप्न ही बने हुए हैं। ये तो कुछ नमूने हैं जबकि स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी हमें अहसास नहीं हो रहा है कि हम स्वतंत्र हैं। राजनीतिक विरोधाभासों और विसंगतियों से उत्पन्न समस्याओं से हम आज़ाद नहीं हुए हैं। हमारे कर्णधारों के चुनावी भाषणों में आदर्शों का व्याख्यान होता है और कृत्यों में भुला दिया जाता है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि हम हर स्तर पर वैश्वीकरण व अपने को बाजार बना रहे हैं। अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हैं। पर हमने अपने आप को, अपने भारत को, अपने बिहार को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को नहीं पहचाना। नियति भी एक विसंगति का खेल खेल रही है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी पाने वाले जेल जा रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? पहले नेता के लिए श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, हमने 15 गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। बिहार इस नियति से कब मुक्त होगा, यही इस चुनावों में विमर्श का सबसे बड़ा मुद्दा होना चाहिए। बिहार की सबसे बड़ी त्रासदी बेरोजगारी है। लाखों युवाओं के पास न काम है, न अवसर। हर चुनाव में इस पर वादे किए जाते हैं, लेकिन परिणाम लगभग शून्य रहते हैं। प्रदेश के नौजवान पलायन को मजबूर हैं, मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। चुनावी सभाओं में नौकरियों का झांसा तो मिलता है, लेकिन ठोस योजनाएं और नीतियां कहीं दिखाई नहीं देतीं। राजनीतिक दलों के पास न तो रोजगार सृजन की दीर्घकालिक योजना है, न शिक्षा और कौशल विकास को जोड़ने की कोई ठोस रणनीति। चुनावी भाषणों में 'बिहार के विकास' की बातें होती हैं, लेकिन युवा भविष्य की वास्तविक चिंता कहीं नहीं झलकती। बिहार में महिला सुरक्षा, अपराध और माफिया तंत्र का प्रश्न भी उतना ही ज्वलंत है। हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है। भूमि विवादों, रंगदारी और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधियों की गतिविधियाँ अब भी जारी हैं। मगर किसी भी दल की ओर से इन पर कोई ठोस नीति या वचन नहीं दिखाई देता। राजनीतिक दल जानते हैं कि इन विषयों पर बात करना असुविधाजनक है, क्योंकि यह सीधा शासन व्यवस्था की विफलता को उजागर करता है। इसलिए वे इन पर मौन साधे हुए हैं। अपराध और महिला सुरक्षा पर चुप्पी बताती है कि सत्ता प्राप्ति की होड़ में संवेदनशीलता की कोई जगह नहीं बची है। बिहार की राजनीति आज भी जातीय समीकरणों और तुष्टिकरण की जकड़ में फंसी हुई है। विकास और



सुशासन की बातें केवल नारों तक सीमित हैं। उम्मीदवार चयन से लेकर प्रचार तक, हर जगह जातीय गणित प्राथमिकता में है। परिणाम यह है कि मुद्दे हाशिये पर चले जाते हैं और वोट बैंक की राजनीति सर्वोच्च स्थान पा लेती है। विकास के नाम पर किए गए बड़े-बड़े दावे चुनाव बीतते ही धुंधले पड़ जाते हैं। गांवों में आज भी सड़कें टूटी हैं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, और प्रशासनिक तंत्र भ्रष्टाचार से ग्रस्त है। ऐसे में जब राजनीतिक दल मुद्दों पर संवाद करने के बजाय केवल आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त हों, तो जनता का विश्वास कमजोर पड़ना स्वाभाविक है। आज बिहार को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो चुनाव को जन-कल्याण के दृष्टिकोण से देखे, न कि केवल सत्ता प्राप्ति की दौड़ के रूप में। शराबबंदी, रोजगार, अपराध-मुक्ति, महिला सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दे बिहार राज्य की आत्मा हैं। इन्हें नज़रअंदाज़ करना, बिहार के भविष्य को अंधेरे में धकेलने जैसा है। विकास का अर्थ केवल सड़कें और पुल नहीं, बल्कि मानव विकास है, जहां हर व्यक्ति सुरक्षित, शिक्षित, रोजगारयुक्त और सम्मानजनक जीवन जी सके। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जनता अब केवल नारों से नहीं, परिणामों से प्रभावित होती है। बिहार चुनाव हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या राजनीति अब केवल सत्ता का खेल बनकर रह गई है? क्या लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनसेवा-अब खो गया है? जब जनता के असली मुद्दे, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा और सामाजिक न्याय, चुनावी भाषणों से गायब हो जाएं, तब यह लोकतंत्र के क्षरण का संकेत है। जरूरत है कि राजनीतिक दल फिर से उन बुनियादी प्रश्नों पर लौटें, जिन पर बिहार का वर्तमान और भविष्य निर्भर करता है। यदि वे ऐसा नहीं करते, तो बिहार की जनता का यह चुनाव एक बार फिर केवल चेहरों और गठबंधनों का उत्सव बनकर रह जाएगा, जहाँ जनहित और जनसरोकार फिर से पीछे छूट जाएंगे। बिहार को नारों नहीं, नीतियों की राजनीति चाहिए और यह तभी संभव है, जब मुद्दों पर बात करने का साहस राजनीति में लौट आए। **–ललित गर्ग**

# सेहत पर भारी पड़ती रहन-सहन, खानपान की बदलती प्राथमिकताएं

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

देशवासियों के रहन-सहन और खान-पान में तेजी से बदलाव आ रहा है। लोगों की प्राथमिकताएं चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, सभी जगह बदलाव का दौर चल रहा है। बदलती प्राथमिकताएं सेहत पर भारी पड़ने लगी है तो गंभीर चिंता का कारण भी बनती जा रही है। बदलाव को इसी तरह से भली-भांति समझा जा सकता है कि प्राथमिकताओं में वाहन, दवा और जंक फूड प्रमुखता लेते जा रहे हैं। यूनिसेफ की पिछले दिनों जारी रिपोर्ट के अनुसार बदलाव का यह दौर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में नेक टू नेक देखा जा रहा है। अनाज का स्थान जंक फूड ले चुका है। ग्रामीण क्षेत्र में जंक फूड का उपयोग जहां 10 प्रतिशत हो गया है वहीं, अनाज उपयोग 5.4 प्रतिशत रह गया है। इसी तरह से शहरी क्षेत्र में जंक फूड की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत हो गई है तो अनाज पर खर्च का प्रतिशत केवल केवल 4 प्रतिशत रह गया है। वाहन आदि पर व्यय ग्रामीण क्षेत्र में 7.8 फीसदी हो गया है तो शहरी क्षेत्र में कुछ ही अधिक 8.2 प्रतिशत हो गया है। यह रहन-सहन व खान-पान के बदलाव की तस्वीर है। साइड-इफ़ेक्ट यह कि अनाज से ज्यादा खर्च स्वास्थ्य यानी की इलाज पर ग्रामीण क्षेत्र में 6.5 प्रतिशत तो शहरी क्षेत्र में इससे कुछ कम 5.9 प्रतिशत होने लगा है। शिक्षा पर खर्च में ग्रामीण क्षेत्र जहां 3.8 प्रतिशत पर अटका है वहीं शहरी क्षेत्र 6 प्रतिशत है। निश्चित रुप से शहरी क्षेत्र में शिक्षा प्राथमिकता बनी हुई है। यूनिसेफ की चिंता यह नहीं है कि किस पर कितना व्यय हो रहा है। चिंता का कारण यह है कि जंक-फूड के साइड-इफ़ेक्ट सामने आने लगे हैं। आज अधिक कैलोरी वाले जंक-फूड पेट भरने का प्रमुख साधन बन गया है। साइड इफ़ेक्ट देखिये कि बच्चों से लेकर बड़ों तक देश में मोटापा तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसी तरह से मोटापा के कारण होने वाली बीमारियों के साथ आज की युवा पीढ़ी हृदय रोग की शिकार होती जा रही है। दुनिया के देशों में जहां डायबिटिज यानी मधुमेह की गिरफ्त को कम करने में जुटे हैं वहीं हमारे देश में मधुमेह की गिरफ्त लगातार मजबूत होती जा रही है। मधुमेह से ग्रसित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही अन्य बीमारियों की पकड़ अधिक होती जा रही है। जंक फूड के चलते इम्यूनिटी प्रभावित हो रही है। अधिक कैलोरी के कारण शरीर थुलथुल होता जा रहा है। हालांकि मोटापे की समस्या से समूची दुनिया जूझ रही है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार डिब्बाबंद खाने के चलते साल 2030 तक देश में 2.7 करोड़ से अधिक बच्चे मोटापे की चपेट में आने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बच्चे हो या बड़े सबकी पंसद बर्गर, पिज्जा, चिप्स, कुरकुरे, मैगी, बिस्कुट और इसी तरह से डिब्बाबंद खाद्य सामग्री के साथ जूस और सॉफ्ट ड्रिंक पसंद बनते जा रहे हैं। इसका एक तो बड़ा कारण ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में समाज रुप से बढ़ती मार्केटिंग सुविधा, चंद मिनट से लेकर कुछ मिनटों में ही सामग्री की उपलब्धता, फिर स्वाद और आक्रामक विज्ञापनों के मोहजाल के कारण पैक्ड खाद्य सामग्री के प्रति तेजी से रुझान बढ़ा है। आकर्षक नाम, आकर्षक आउटलेट, वेल अरेंज्ड डिलिवरी सिस्टम व गिग वर्कर्स की टीम द्वारा आर्डर के साथ ही चंद मिनटों में उपलब्धता और इसके साथ ही इंस्टेट खाने की आदत के कारण यह सब हो रहा है। चिंता का कारण है कि खाना जो पौष्टिकता और समयानुकूल होता था वह अब कहीं खो गया है। अब स्वाद और इंस्टेट खाने का मोह होने लगा है। एक अन्य कारण शहरों में अध्ययन के लिए जाने, पीजी और लाइब्रेरी की कल्चर ने युवाओं का जंक फूड की गिरफ्त में अधिक ले लिया है। कौन खाना बनाए- के चक्कर में एक फोन पर सहज उपलब्धता को देखते हुए भी जंक फूड को बढ़ावा मिला है। फिर यह शहरों से गांवों तक पहुंच गई है जिससे गांवों में भी जंक फूड आम होता जा रहा है। यूनिसेफ ही नहीं समूची दुनिया की चिंता का कारण यह है कि खानपान और रहन-सहन की बदलती प्रवृति स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रही है। आज समूची दुनिया मोटापा की समस्या को लेकर गंभीर है तो हृदय रोग की गिरफ्त में कम आयु के भी आने लगे हैं। अब तो साइलेंट अटैक का दौर और चल गया है और संभलने तक का मौका नहीं मिलता है। ऐसे में पंरपरागत खानपान की और लौटना ही होगा। पिछले दिनों ही अधिक कैलोरी और मोटापे की लगातार विकराल होती समस्या के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं लोगों से अधिक तैलीय खाद्य पदार्थ के उपयोग को कम करने के लिए देशवासियों से आग्रह कर चुके हैं।

## सेहत मंत्र

# सर्दी- जुकाम से बचाएगा आपको गुलाब की पंखुड़ियों और तुलसी से बना फालूदा

अक्सर लोग गर्मियों में ही फालूदा खाना पसंद करते हैं। पर बहुत ही कम लोगों को पता है कि फालूदा के कई प्रकार हैं, जिसमें से एक है गुलाब की पंखुड़ियों और तुलसी से बना 'गुलाब-तुलसी फालूदा'। गुलाब के यूं तो कई फायदे हैं। आयुर्वेद में गुलाब के फूल के कई गुण बताएं गए हैं। गुलाब की पंखड़ियों में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं, जो हमें कई मौसमी बीमारियों से दूर रख सकते हैं। साथ ही ये हमारे एड्रीनल ग्रंथि को प्रभावित करते हैं। गुलाब की पंखुड़ियों से कई सारी चीजें बनाकर खा सकते हैं। गुलाब की पंखुड़ियों को सुबह उठ कर खाने से पेट में गैस और एसिडिटी आदि की तकलीफ नहीं होती। इसके अलावा यह हमारी त्वचा के लिए भी काफी लाभदायक है। आप गुलाब की पंखुड़ियों का इस्तेमाल करके आप काढ़ा, गुलकंद और फालूदा भी बना सकते हैं। वहीं अगर हम फालूदा में तुलसी की कुछ पत्ते पीस कर मिला तो सह आपके लिए अधिक लाभकारी हो जाएगा। तुलसी को खाने के अपने ही फायदे हैं। ठंड के मौसम में अक्सर लोग इसका काढ़ा बनाकर पीने या रोज सुबह उठकर इसे खाने को कहते हैं। इससे आप सर्दी-जुकाम से बचे रहते हैं।

वहीं फालूदा के नाम पर लोगों को फालूदा कुल्फी ही याद आती है। पर सोचिए अगर आपसे कहा जाए कि फालूदा खाकर आप सर्दी-जुकाम से बच सकते हैं, तो आपको कैसा लगेगा। तो आइए हम आपको एक स्वास्थ्यकारी गुलाब- तुलसी फालूदा बनाने का तरीका बताते हैं। यह गुलाब-तुलसी फालूदा को अगर आप रोज सुबह ब्रेकफस्ट में खाएं, तो आप किसी भी इंफ़ेक्शन और मौसमी बीमारी से बचे रह सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# यूपी का चमत्कारी पाटेश्वरी मंदिर, त्रेता युग से जल रही है अखंड धूनी

हिंदू धर्म में मां सती के 51 शक्तिपीठों को विशेष दर्ज़ा प्राप्त है। मां सती के 51 शक्तिपीठ अलग-अलग जगह मौजूद हैं और इन शक्तिपीठों के निर्माण का कारण पुराणों में विस्तार से बताया गया है। इन 51 शक्तिपीठों में उत्तर प्रदेश का पाटेश्वरी देवी मंदिर भी शामिल है। यह स्थान सिद्ध शक्तिपीठ के साथ योगपीठ है। यह मंदिर तंत्र साधना के लिए भी प्रसिद्ध है और साधक यहां पर विशेष अनुष्ठान करते हैं। मंदिर के गर्भगृह में स्थित मां की मूर्ति स्वयंभू मानी जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर का इतिहास और महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जहां अब पाटेश्वरी देवी का मंदिर है। वहां पर मां सती का बायां कंधा और पट गिरा था। जिसका खास महत्व माना जाता है। मंदिर में मां पाटेश्वरी देवी की प्रतिमा भी विराजमान है। यह मंदिर उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में स्थित है, जोकि आज भी लोगों के बीच आस्था का केंद्र बना हुआ है। नवरात्रि के मौके पर मां पाटेश्वरी की विशेष पूजा की जाती है। ऐसे में इस दौरान अधिक संख्या में दूर-दूर से भक्त आते हैं। जो लोग मां की पिंडी के पास चावल की ढेरी बनाते हैं, जिसके बाद उसकी पूजा कर चावल को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि जो भी भक्त मां पाटेश्वरी की सच्चे मन से पूजा करते हैं, उनको मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है।

## पर्यटन



# प्रकृति से जोड़ने के लिए बच्चों को कराएं हिल स्टेशन की सैर

पहाड़ों के बीच में बसा हिमाचल प्रदेश का खूबसूरत शहर मनाली अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर है। देश ही नहीं दुनिया भर से लोग यहां छुट्टियां बिताने आते हैं। मनाली के खूबसूरत हरे-भरे नज़ारे, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ यकीनन आपके बच्चों को प्रकृति से जोड़ेंगे। मनाली- पहाड़ों के बीच में बसा हिमाचल प्रदेश का खूबसूरत शहर मनाली अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर है। देश ही नहीं दुनिया भर से लोग यहां छुट्टियां बिताने आते हैं। मनाली के खूबसूरत हरे-भरे नज़ारे, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ यकीनन आपके बच्चों को प्रकृति से जोड़ेंगे। दिल्ली से मनाली की दूरी सिर्फ 600 किलोमीटर है। यहां आप स्कीइंग, ट्रैकिंग और राफ्टिंग का भी मज़ा ले सकते हैं। मनाली से थोड़ी दूरी पर स्थित रोहतांग पास भी लोगों के आकर्षण का केंद्र है। शिमला- हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला बहुत मशहूर हिल स्टेशन है। खासतौर पर कपल्स के बीच यह बहुत पॉप्युलर हैं। यहां आप खूबसूरत कुदरती नज़ारों के साथ ही टॉय ट्रेन का भी मज़ा ले सकते हैं। ऊंचे पहाड़, चारों तरफ फैली हरियाली और सुहाना मौसम गर्मियों की छुट्टियां बिताने के लिए यह परफ़ेक्ट जगह है। नैनीताल- उत्तराखंड का खूबसूरत शहर नैनीताल भी गर्मियों में पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है। तीन ओर से घने पेड़ों की छाया में ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच स्थित नैनीताल समुद्रतल से 1938 मीटर की ऊंचाई पर बसा है। कुदरती नजारों के साथ ही यह झीलों के लिए मशहूर है। कहा जाता है कि कभी यहां 60 से ज्यादा झीलें हुआ करती थीं। यहां आने के लिए नज़दीकी रेलवे स्टेशन काठगोदाम में है। मसूरी- उत्तराखंड में बसे मसूरी को पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है। मसूरी का कैंप्टी फॉल, लेक मिस्ट, संतरा देवी मंदिर, म्युनिसिपल गार्डन, चाइल्डर्स लॉज, गन हिल, मसूरी झील आदि सैलानियों के बीच बहुत मशहूर है। मसूरी की प्राकृतिक सुंदरता यकीनन आपका भी मन मोह लेगी।

# प्यार और ममता की मिसाल बहन ने बहन को दी नई ज़िंदगी

## रामनगर की शिक्षिका ने करुणा और त्याग का अद्भुत उदाहरण पेश किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता





रामनगर बाराबंकी आज के स्वार्थ और वैमनस्य के युग में, जब रिश्ते अक्सर स्वार्थ की दीवारों में सिमटते जा रहे हैं, वहीं रामनगर की एक शिक्षिका ने अपने निस्वार्थ प्रेम और अदम्य साहस से मानवता को नया संदेश दिया है। कस्बा रामनगर निवासी गुलशन शुक्ला की धर्मपत्नी सुधा शुक्ला, जो पूर्व माध्यमिक विद्यालय कस्बा रामनगर में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं, ने अपनी बड़ी बहन साधना मिश्रा को किडनी दान कर बहन के रिश्ते को एक नई ऊँचाई दी है। साधना मिश्रा, जो उच्च प्राथमिक विद्यालय सदौली (ब्लॉक बंकी) में अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं, पिछले दो-तीन वर्षों से अस्वस्थ थीं। निरंतर उपचार के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि उनकी दोनों किडनियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, और अब केवल किडनी ट्रांसप्लांट ही जीवन बचा सकता है। ऐसे कठिन समय में सुधा शुक्ला ने बिना किसी झिझक के अपनी एक किडनी बहन को दान करने का निर्णय लिया। 16 अक्टूबर को लखनऊ स्थित मेदांता हॉस्पिटल में चिकित्सकों की टीम ने सफल ऑपरेशन कर सुधा शुक्ला की एक किडनी साधना मिश्रा के शरीर में ट्रांसप्लांट कर दी। परिजनों के अनुसार, दोनों बहनें अब स्वस्थ हैं और चिकित्सकों की देखरेख में धीरे-धीरे स्वस्थ हो रही हैं।यह घटना न केवल बहन के निस्वार्थ प्रेम की मिसाल है, बल्कि आज के समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश भी है – कि रिश्तों की गहराई केवल खून के संबंधों से नहीं, बल्कि भावनाओं और बलिदान की सच्चाई से बनती है। सुधा शुक्ला का यह त्याग और साहस भावी पीढ़ियों को यह सिखाता है कि सच्चा प्रेम वही है, जो अपनों के जीवन के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने से भी पीछे न हटे।ह्लजहां स्वार्थ के सागर में रिश्ते डूबते दिखते हैं, वहीं सुधा शुक्ला जैसी बहनें प्रेम का दीप जलाकर मानवता को जीवित रखती हैं।

# सुख समृद्धि की कामना से बहनों ने किया भाइयों का टीका

## जनपद में धूमधाम से मनाया गया है भैया दूज पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। पांच दिवसीय दीपोत्सव श्रृंखला के अंतिम दिवस यम द्वितीया बहनों के नाम रहा। पूर्ण श्रद्धा से बहनों ने भाइयों का टीका कर उनके लंबी उम्र की दुआ की। भाईयों ने बहनों को उपहार दिए। परिवारिक मूल्यों और रिश्तों के मजबूती?का द्योतक भैया दूज पर्व पर आशीर्वाद और कामना से बहनें ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। सिद्धौर से रामकृष्ण धीमान ने बताया कि स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर समेत ग्रामीण अंचलों में भैया दूज पर्व पूर्ण श्रद्धा एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कस्बा सिद्धौर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बहनों ने बड़े ही उत्साह के साथ पूजन अर्चन कर भाइयों की लंबी उम्र एवं उनके सुखमय जीवन की कामना करते हुए तिलक किया। भैया दूज पर्व को लेकर बहनों में खाशा उत्साह रहा तो भाई भी प्रसन्न एवं प्रफुल्लित दिखे ।

''रामनगर''तहसील क्षेत्र के सभी कस्बों और गांव -गांव में घर आंगन रिश्तों की मिठास से महक उठे।कहीं बहन के घर भाई पहुंचे तो कहीं बुआ फूफा बहन बहनोई और बेटी दामाद का आगमन परिवारों के मिलन का सुखद अवसर बना।ग्रामीण अंचल में मान्य जनों के चरण धोकर स्वागत करने की परंपरा ने भी त्योहार की गरिमा बढ़ा दी।त्योहार के चलते क्षेत्र की बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही।मिठाई और उपहार की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

'' जैदपुर '' हरि ब्लॉक क्षेत्र में ,निज़ामपुर, गढ़ीराख मऊ, जैदपुर सहित आसपास के कई गांवों में यह पर्व संपन्न हुआ। कई स्थानों पर बहनों ने सामूहिक रूप से एकत्र होकर यम व यमुना जी बहन भाई की कथा सुनी। मान्यता है कि इस दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर गए थे, जिसके बाद से यह परंपरा चली आ रही है।

# व्यापारी आत्महत्या कांड, एक अभियुक्त की जमानत याचिका खारिज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। चर्चित व्यापारी नीरज जैन के आत्महत्या मामले में आरोपी शुभम वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका, सुनवाई पश्चात जिला जज नीतीश कुमार राय ने खारिज कर दी। अभियोजन कथानक का उल्लेख करते हुए सहायक शासकीय अधिवक्ता रमाकांत द्विवेदी ने बताया कि नीरज जैन पुत्र अशोक कुमार जैन बड़े कपड़ा व्यवसाई था।कल्पना साड़ी सेन्टर के नाम से उनका धनोखर चौराहे पर बड़ा शोरूम/दुकान है।12 अक्टूबर की रात नीरज जैन ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार कर आत्महत्या की थी। नीरज जैन ने एक सुसाइड नोट लिख कर छोड़ा था जिसमे कहा गया है कि उमाकांत उपाध्याय,उनके लड़के सत्येंद्र बबलू, निवासी लखपेड़ाबाग,रंजीत बलराम साड़ी सेन्टर हरदोई रोड,अमरीश रस्तोगी,बीरबहादुर, रंजीत शुक्ला वा शुभम वर्मा ने आत्महत्या से पहले डराया धमकाया था और कहा था कि पैसा दस प्रतिशत ब्याज सहित वापस कर दो या गोली मार कर मर जा या हम लोग आकर गोली मार देंगे।उक्त लोगों के उकसाने से व्यापारी नीरज जैन ने अपनी पिस्टल से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी। न्यायालय ने आरोपी शुभम वर्मा की ओर से प्रस्तुत अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।बचाव पक्ष की ओर से प्रस्तुत तर्कों को भी कोर्ट ने नहीं माना। मालूम हो कि इस आत्महत्या मामले की रिपोर्ट मृतक नीरज जैन के भाई धीरज जैन ने दर्ज कराई है।

# मामूली विवादों में खूनी संघर्ष दर्जन से अधिक जख्मी,दो गभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिले के विभिन्न अंचलों में मामूली से बात को लेकर खूनी संघर्ष हुआ। दबंगों ने एक दलित परिवार पर नासिर हमलावर हुए पाल क्यों है जात सूचक गलियों से भी नवाजा। रामसनेहीघाट थाना अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र के दलसिंहपुर गांव के निवासी आनंद कुमार रावत पुत्र राजेश कुमार बुधवार की देर शाम को खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा गोबर की खाद भरकर ला रहा था! ट्रैक्टर को आगे-पीछे करने को लेकर विवाद हो गया। करीब दस लोग घायल हुए।इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित पक्ष आनंद का आरोप है कि बनवारी लाल, शिवा,बाल गोविंद, पवन कुमार,विनोद कुमार सहित उनके परिवार की महिलाओं व लड़कियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों,धारदार हथियार तथा ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया।देखते ही देखते खूनी संघर्ष हो गया।जिसमे भैरव प्रसाद रावत,पुष्पा देवी, धर्मेंद्र कुमार, तारावती,अनंत कुमार,अमन कुमार, ज्ञानवती,सुरेंद्र कुमार,सर्जन लाल और मंजू देवी घायल हो गए। इनमें से भैरव प्रसाद रावत,पुष्पा देवी और धर्मेंद्र कुमार की हालत गंभीर होने पर उन्हें सीएचसी रामसनेहीघाट से जिला अस्पताल इलाज के लिए रेफर किया गया है। इसी क्रम में थाना मसौली अंतर्गत कस्बा त्रिलोकपुर मे उधारी को लेकर दो पक्षों मे जमकर लाठी डंडे चले जिसमे एक दिव्यांग क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित तीन लोग घायल हुएय। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायलों को लाकर सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया जिसमे सचिन के सिर मे गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

बताते हैं कि कस्बा त्रिलोकपुर निवासी सचिन यादव पुत्र रमाकांत यादव गांव के बाहर स्थित शराब ठेके के निकट लकड़ी की गुमटी मे पानी, गिलास सहित नमकीन आदि की दुकान चलाता है।बुधवार की देर शाम कस्बे के ही दीपराज, रत्नेश पुत्रगण शिवलाल ने उधार सामान मांगा।सचिन यादव ने उधार न देने की बात कही।इस पर दबँग भाई गंदी गंदी गालिया देते चले गयेथोड़ी देर बाद अपने अन्य साथियो के साथ लाठी डंडो सहित आए? और मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नही दुकान मे रखा सामान व नगदी भी उठा ले गये।

वही दूसरे पक्ष के दिव्यांग क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक यादव पुत्र शिवलाल का कहना है कि बुधवार की देर शाम मेरे भाई दीपराज व रत्नेश खेत से वापस लौट रहे थे तभी सचिन यादव पुरानी रंजिश को लेकर पहले से घात लगाकर बैठे अपने साथी सुनील चौहान पुत्र भारत चौहान, राजकुमार पुत्र राजितराम, मनोज व मंटू पुत्रगण जयकरण, लवकुश पुत्र स्वामीदयाल, धीरज पुत्र लाला, मनीष पुत्र भरतलाल के साथ हमला कर दिया दीपराज व रत्नेश भाग कर केशवराम के घर मे घुस गये जहा पर भी लोगो ने घर मे घुस कर मारपीट की जिसमे अजय व दिव्यांग बीडीसी दीपक यादव के चोट आयी है। सूचना पर पहुंची त्रिलोकपुर चौकी पुलिस ने घायलो को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया जिसमे सचिन यादव के सिर मे गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनो पक्षों की ओर से मिली तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर जाँच शुरू की है।

# डाला छठ के पूर्व गंगा घाटों पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था भी बनाएं: पी.गुरू प्रसाद

एजेंसी



वाराणसी । उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद ने गुरूवार को यहां गंगा घाटों की स्वच्छता एवं व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की । सर्किट हाउस सभागार में आगामी डाला छठ एवं देव दीपावली पर्व के दृष्टिगत गंगा घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया कि घाटों पर जमी सिल्ट (गाद) की सफाई हेतु लगाए गए 73 पम्प की संख्या बढ़ाकर 150 पम्प मशीनें लगाई जाएं, ताकि घाटों की सफाई कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके। इसके साथ ही प्रत्येक घाट पर 10 कर्मचारियों की गैंग बनाकर सफाई कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख घाटों पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था की जाए, जिससे रात के समय श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरे किए जाएं, ताकि पर्व के दौरान घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और सुगमता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में आयुक्त वाराणसी मंडल एस. राज लिंगम, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, अपर नगर आयुक्त सविता यादव, विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता आर.के. सिंह, महाप्रबंधक जलकल अनूप सिंह आदि भी मौजूद रहे।

## बोलेरो-बाइक की जोरदार टक्कर, घायल युवक की अस्पताल में मौत

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में हलिया थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार में बुधवार रात बोलेरो और बाइक की आमने-सामने हुई भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की गुरुवार सुबह मौत हो गई। हादसे के बाद से गांव में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार, हलिया क्षेत्र के धमौली गांव निवासी लालचंद (35) बुधवार रात अपनी बाइक से पिपरा बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब साढ़े आठ बजे जब वह हलिया-लालगंज मार्ग पर स्थित देसी शराब की दुकान के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और लालचंद गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। गुरुवार सुबह उपचार के दौरान लालचंद की मौत हो गई। सूचना पर हलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक की पत्नी गीता देवी की तहरीर पर बोलेरो और उसके अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बोलेरो वाहन पुलिस के कब्जे में है और चालक की तलाश की जा रही है।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर ट्रक ने खड़े डंपर में मारी टक्कर, चालक का पैर कटकर हुआ अलग

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के कुदरकोट थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। नगला बिद्दी और गढ़बाना के बीच किलोमीटर 278.4 के पास खड़े एक डंपर में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक (नंबर ङ्घट 38ड्ड 4501) ने जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि ट्रक माल लादकर बिहार की ओर जा रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । और चालक सोनू पुत्र उदयवीर निवासी चरयाना (जनपद अलीगढ़) गंभीर रूप से घायल हो गया।

## हैंड पंप में करंट प्रवाह से मौत दूसरा झुलसा

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम मतऊ पुरवा मजरे लहड़रा में करंट लगने से 49 वर्षीय राकेश कुमार की मृत्यु हुई।हैंडपंप से पानी भरते समय मोटर में करंट आने से हादसा हुआ।परिजन और ग्रामीणों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। करंट से एक अन्य ग्रामीण पिंटू यादव भी झुलस गया।पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस दुखद घटना से गांव में त्योहार के दिन शोक हो गया।

## महादेवा महोत्सव -25, तैयारी बैठक शनिवार को

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील रामनगर में महादेवा तीर्थ में प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार के मेले/ महोत्सव आयोजन तिथियों के अनुसार होते चले आ रहें। संयुक्त मजिस्ट्रेट एसडीम गुंजिता अग्रवाल के अनुसार उक्त के दृष्टिगत पूर्व परम्परा की भांति इस वर्ष श्री लोधेश्वर महादेवा मेला जो अगहन माह में भगवान शिवजी के प्रकोटत्सव के उपलक्ष्य में महादेवा महोत्सव के नाम से प्रचलित है और आमजनमानस की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए महादेवा महोत्सव के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है।महोत्सव-2025 में विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के सम्बंध में एक आवशयक बैठक 25 अक्टूबर को दोपहर दो बजे ? मेला समिति के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में होना निश्चित है।

## जुआ अधिनियम के तहत 03 अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् वांछित अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में दिनांक 23.10.25 को क्षेत्राधिकारी मिश्रिख आलोक प्रसाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना मछरहेटा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान जुआ खेलते कुल 03 अभियुक्तों 1.मुकेश पुत्र प्रहलाद 2.संदीप पुत्र नंदराम 3.प्रदीप पुत्र महेश निवासीगण मोहल्ला तेलियाना कस्बा व थाना मछरेहटा सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। मौके से एक अदद ताश की गड्डी- 52 ताश के पत्ते तथा कुल 5520/- रूपये (2020/-रुपये जामातलाशी, 3,500/-रुपये मालफड़) बरामद हुए। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 284/25 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है। पंजीकृत अभियोग- मु0अ0सं0 284/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर ।

## मोबाइल फोन छीनने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

जौनपुर,। खेतासराय थाना पुलिस ने बाइक सवार तीन युवकों को मोबाइल छीनने के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि खेतासराय थानांतर्गत बुधवार को मानीकला गांव में एक महिला से बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा मोबाइल छीनने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत हुआ था । गुरुवार को 24 घण्टे के अन्दर मुखबिर की सूचना पर महिला से मोबाइल छीन कर भागने वाले तीनों अभियुक्तों राहुल उर्फ अमित यादव पुत्र नन्दलाल निवासी लखमापुर थाना खेतासराय, विकास पुत्र रामजियावन निवासी मवई थाना खेतासराय ,साहिल पुत्र श्यामलाल निवासी मवई थाना खेतासराय जौनपुर को छीना गया मोबाइल फोन के साथ मानीकला हाल्ट के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

## पैसे के लेनदेन में मारपीट, घायल युवक की बीएचयू ले जाते समय मौत

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में हलिया थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव में सोमवार रात पैसों के लेनदेन को लेकर हुई मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अहुगी कला गांव निवासी 30 वर्षीय नंदलाल का सोमवार रात गांव के ही कुछ लोगों से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। बात बढ़ने पर आरोपितों ने नंदलाल की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजन ने तत्काल उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया, जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर मीरजापुर और बाद में बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया। इलाज के लिए ले जाते समय बुधवार देर रात रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। इस मामले में मृतक की पत्नी आरती देवी ने हलिया थाने में तहरीर देकर गांव के ही आशीष, सतीश, वंदना और शिवकुमारी पर आरोप लगाया है।

# डाला छठ और देव दीपावली की तैयारियों में जुटा प्रशासन, नगर आयुक्त ने घाटों का किया निरीक्षण

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी में लोक उपासना के महापर्व डाला छठ और देव दीपावली को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। गुरुवार को नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने नमो घाट से लेकर अस्सी घाट तक चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता को निर्देशित किया कि सभी घाटों पर जमी सिल्ट की सफाई का कार्य 24 घंटे के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि घाटों की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करने के लिए टीम लगातार कार्यरत रहे। साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी घाटों पर नियमित झाड़ू लगाने और कूड़ा उठाने की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त विनोद गुप्ता को घाटों पर मार्ग प्रकाश व्यवस्था (स्ट्रीट लाइट) की जांच कर दोषपूर्ण लाइटों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी श्रद्धालु को अंधेरे या असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अलावा, जल निगम के अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी घाटों पर सीवर सफाई कार्य पूर्ण कर लिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी गंदगी या सीवर का पानी नजर न आए। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य है कि डाला छठ एवं देव दीपावली पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ, प्रकाशमान और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। सभी अधिकारी अपने कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सविता यादव, विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता आर.के. सिंह, तथा महाप्रबंधक जलकल अनूप सिंह भी उपस्थित रहे। इससे पहले नगर आयुक्त ने स्वच्छता और समुचित व्यवस्थाओं की तैयारियों की समीक्षा बैठक भी की।

# नहाय खाय के साथ 25 अक्टूबर से शुरू होगा छठ पूजा महापर्व

एजेंसी



मुरादाबाद । नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर से होगी। वैदिक पंचाग के अनुसार चार दिनों तक चलने वाले इस पूजा महोत्सव को 25 से 28 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। पूर्वांचलवासी संस्थाओं की ओर से इस साल भी पीतलनगरी में छह स्थानों पर सामूहिक छठ महापर्व का आयोजन किया जाएगा। इन संस्थाओं ने नगर निगम से सफाई और प्रशासन से घाट निर्माण, सुरक्षा और जल की व्यवस्था के लिए अनुरोध किया था।सर्व जन हिताय संस्था के संरक्षक जोगेंद्र सिंह व मालती राय के अनुसार पर्व के आगाज के पहले दिन शनिवार को व्रती महिलाएं स्नान करने के बाद बिना लहसुन-प्याज की लौकी की सब्जी, चावल और दाल आदि तैयार कर प्रसाद ग्रहण करेंगी। इसी के साथ महापर्व का आगाज होगा। दूसरे दिन 26 अक्टूबर को महिलाएं गुड़ की खीर और रोटी बनाकर शाम को छठी मइया को भोग लगाएंगी। इसी दिन शाम से महिलाओं का 36 घंटे का उपवास शुरू हो जाएगा। व्रतधारी महिलाओं व अन्य महिलाओं द्वारा 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत पूर्ण होगा। मुरादाबाद में पांच दिवसीय दीपावली पर्व सम्पन्न होने के साथ ही शहर में आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई है। बाजारों में भी छठ की तैयारियां शुरू हो गई है। महिलाएं बांस की टोकरी, सुपली, ठेकुआ बनाने के सांचे, फल और पूजा सामग्री की खरीदारी कर रही है। मुरादाबाद महानगर में छठ पूजा का आयोजन सीएल गुप्ता आई हॉस्पिटल के पास रामगंगा नदी घाट, सम्राट अशोक नगर अमृत सरोवर, लाइनपार आदर्श नगर, कपूर कंपनी प्राचीन शिव मंदिर, डीपी यादव चौराहा छठ मइया पार्क, रेलवे हरथला कॉलोनी आरपीएफ मैदान आदि स्थानों पर किया जाएगा। इस दौरान इन सभी पर साफ-सफाई को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पूरी हुई छठ पूजा स्थायी घाट की मांग पूर्वांचल वासी संस्था के महासचिव अमित कुमार दुबे ने बताया कि पूर्वांचलवासी 25 साल से शहर में स्थायी घाट की मांग कर रहे थे जो इस साल पूरी हो गई है। नगर निगम मुरादाबाद द्वारा छठ पूजा के लिए एक स्थायी घाट और एक अस्थायी घाट छठ पूजा के लिए बनवाया गया है।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे वनडे में हराया, सीरीज में बनाई अजय बढ़त

एजेंसी



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को टॉस जीतकर भारत के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी की करते हुए रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की बदौलत 9 विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाए। अक्षर पटेल ने 44 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जंपा ने चार जबकि जेवियर बार्टलेट ने तीन विकेट चटकाए। मिचेल स्टार्क ने भी दो विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया के सामने 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 2 विकेट से जीत दर्ज की। कप्तान शुभमन गिल 9 रन बनाकर आउट हो गए जबकि विराट कोहली फिर से शून्य पर आउट हुए। रोहत शर्मा ने 73 रन की शानदार पारी खेली, इस दौरान उन्होंने 97 गेंदों का सामना किया और 7 चौके व 2 छक्के लगाए। वहीं अय्यर अर्धशतक के साथ क्रीज पर हैं। अय्यर ने 77 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली जिसमें 7 चौके शामिल थे। केएल राहुल ने 11 जबकि सुंदर 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। भारत ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है जबकि एलेक्स केरी और जेवियर बार्टलेट की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हुई है। टॉस के बाद मिचेल मार्श ने आज के मैच के लिए हमारी टीम में दो बदलाव हैं। एलेक्स केरी और जेवियर बार्टलेट ने जॉश फिलिपे और नेथन एलिस की जगह ली है। वहीं भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा हम भी पहले गेंदबाजी करना चाहते थे लेकिन पहले बल्लेबाजी करने पर भी खुश हैं। बारिश में चीजें मुश्किल हो जाती हैं और आशा करते हैं कि आज कोई बाधा नहीं आएगी। हमारी टीम में कोई बदलाव नहीं है।

# दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया, श्रृंखला 1-1 से की बराबर

एजेंसी



रावलपिंडी। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को रावलपिंडी टेस्ट में आठ विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। स्पिन जोड़ी केशव महाराज और साइमन हार्मर ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए मेज़बानों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। महाराज ने मैच में कुल 9 विकेट (9/136) जबकि हार्मर ने 8 विकेट (8/125) हासिल किए। छोटे लक्ष्य 68 रन का पीछा करते हुए एडन मार्करम और रयान रिकेलटन ने आसान जीत दिलाई। पाकिस्तान ने पहली पारी में 333 रन बनाए थे, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 404 रन बनाए थे और 71 रनों की बढ़त हासिल की थी। चौथे दिन की शुरुआत में पाकिस्तान का स्कोर 94/4 था और कप्तान बाबर आज़म 49 रन बनाकर क्रीज़ पर डटे हुए थे। उन्होंने पचासा पूरा किया, लेकिन कुछ ही गेंद बाद साइमन हार्मर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर मेज़बानों को बड़ा झटका दिया। इसके बाद पाकिस्तान की पारी बिखरती चली गई। मोहम्मद रिज़वान का कैच शॉर्ट लेग पर लपका गया और इसी के साथ हार्मर ने अपनी पारी की पांचवीं सफलता हासिल की। कुछ देर बाद नोमान अली भी विकेटकीपर को कैच थमा बैठे, जिससे हार्मर ने अपने फ़र्स्ट-क्लास करियर का 1000वां विकेट झटका। शाहीन अफरीदी रन आउट होकर लगातार तीसरी बार शून्य (डक) पर आउट हुए। सलमान अली आगा ने स्वीप और रिवर्स स्वीप से दो चौके जरूर लगाए, लेकिन वह भी केशव महाराज की गेंद पर बोल्ड हो गए। महाराज ने इसके बाद साजिद खान को स्टंप कराकर पाकिस्तान की पारी 138 रन पर समेट दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए एडन मार्करम ने शानदार बैटिंग की और स्पिन तिकड़ी ऽ नोमान अली, साजिद खान और आसिफ अफरीदी ऽ को चारों ओर बाउंड्री लगाईं। मार्करम 42 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू आउट हुए, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स स्लिप में कैच दे बैठे। अंत में रयान रिकेलटन (25)* ने सीधे छक्के से मैच समाप्त किया और दक्षिण अफ्रीका को यादगार जीत दिलाई।

# इज़राइल के जिम्नास्टों को वीज़ा न देने पर इंडोनेशिया को आईओसी की फटकार

एजेंसी

लुसाने। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को इंडोनेशिया को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि इज़राइल के खिलाड़ियों को वीज़ा न देने के कारण अब इंडोनेशिया से भविष्य में किसी भी ओलंपिक या उससे जुड़े आयोजन की मेजबानी पर बातचीत नहीं की जाएगी। दरअसल, जकार्ता में चल रही वर्ल्ड आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप (19 से 25 अक्टूबर) में इज़राइली खिलाड़ियों को हिस्सा लेने के लिए वीज़ा नहीं दिया गया। इसके खिलाफ इज़राइल जिम्नास्टिक फ़ेडरेशन ने स्पोर्ट्स मध्यस्थता न्यायालय (सीएएस) में अपील की थी, लेकिन सीएएस ने इसे खारिज कर दिया। इसके चलते इज़राइल के खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सके। आईओसी की कार्यकारी बोर्ड ने कहा कि, सभी पात्र खिलाड़ी, टीमें और खेल अधिकारी बिना किसी भेदभाव के अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकें – यह मेज़बान देश की जिम्मेदारी है। आईओसी ने एक आधिकारिक बयान में भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए घोषणा की कि इंडोनेशिया की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ भविष्य में ओलंपिक खेलों, यूथ ओलंपिक, या किसी भी ओलंपिक आयोजन या सम्मेलन की मेजबानी पर कोई वार्ता नहीं की जाएगी, जब तक कि इंडोनेशियाई सरकार यह सुनिश्चित न करे कि वह सभी देशों के खिलाड़ियों और अधिकारियों को प्रवेश की अनुमति देगी। आईओसी ने यह सिफारिश भी की कि सभी अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघ इंडोनेशिया में किसी भी खेल आयोजन या बैठक की मेजबानी तब तक न करें जब तक सरकार आवश्यक गारंटी न दे दे।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स ने मोंडो डुप्लांटिस, ट्रोसचियांका यान और झांग के विश्व रिकॉर्ड को दी मान्यता

एजेंसी



नई दिल्ली। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने मोंडो डुप्लांटिस के नवीनतम विश्व पोल वॉल्ट रिकॉर्ड और तीन विश्व अंडर-20 रिकॉर्ड्स को आधिकारिक मान्यता दे दी है। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। स्वीडन के मोंडो डुप्लांटिस ने टोक्यो में हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में 6.30 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने 12 अगस्त 2025 को बुडापेस्ट में बनाए गए 6.29 मीटर के रिकॉर्ड में एक सेंटीमीटर का इज़ाफ़ा किया। यह उनके करियर का 14वां विश्व रिकॉर्ड और लगातार तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब है। डुप्लांटिस ने वर्ल्ड एथलेटिक्स के हवाले से कहा, यह मेरी कल्पना से भी बेहतर है। इस शानदार भीड़ के सामने विश्व रिकॉर्ड बनाना अविश्वसनीय है। मैं बेहद खुश हूं। इस प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि इतिहास में पहली बार सात खिलाड़ियों ने 5.90 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई पार की। वहीं 5.95 मीटर की छलांग इस बार पदक के लिए भी पर्याप्त नहीं रही। चीन की झांग जियाले और यान ज़ियी ने अगस्त में क्वुझो में हुए चीनी चैंपियनशिप में क्रमशः महिला अंडर 20 हैमर थ्रो और भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड बनाए। 18 वर्षीय झांग जियाले ने 2 अगस्त को 77.24 मीटर का थ्रो कर अपने ही पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (75.14 मी.) और 2021 में फिनलैंड की सिल्जा कोसोनेन द्वारा बनाए गए 73.43 मीटर के विश्व अंडर 20 रिकॉर्ड को तोड़ा। उन्होंने अपने आखिरी प्रयास में भी 76.15 मीटर का थ्रो किया। बाद में टोक्यो में उन्होंने 77.10 मीटर फेंककर विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता। 17 वर्षीय यान ज़ियी ने अगले दिन, 3 अगस्त को, महिला ठ20 भाला फेंक में 65.89 मीटर का थ्रो कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने अपने ही पिछले रिकॉर्ड 64.41 मीटर (क्वुझो 2024) और 64.83 मीटर (चेंगदू 2025) को पार किया। पोलैंड के ह्यूबर्ट ट्रोसचियांका ने 8 अगस्त को यूरोपीय अंडर-20 चैंपियनशिप (टाम्पेरे, फिनलैंड) में पुरुषों की अंडर-20 डेकैथलन (दसक्रीड़ा) में 8514 अंकों के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया।

# अभिनव बिंद्रा को 2026 शीतकालीन ओलंपिक का मशालवाहक चुना गया

नई दिल्ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को अगले वर्ष होने वाले शीतकालीन ओलंपिक 2026 के लिए मशालवाहक के रूप में चुना गया है। यह खेल आयोजन 6 से 22 फरवरी, 2026 तक मिलान और कोर्टिना डी'अमपेत्जो (इटली) में आयोजित किया जाएगा। अभिनव बिंद्रा ने इस अवसर पर अपनी खुशी सोशल मीडिया पर व्यक्त करते हुए लिखा, मिलानो कोर्टिना 2026 ओलंपिक टॉर्च रिले के लिए मशालवाहक के रूप में चुना जाना मेरे लिए वास्तव में सम्मान की बात है। ओलंपिक मशाल हमेशा मेरे दिल के करीब रही है – यह सपनों, दृढ़ता और खेलों के जरिए विश्व एकता का प्रतीक है। इसे फिर से लेकर चलना मेरे लिए सम्मान और प्रेरणा दोनों है। इस अद्भुत सम्मान के लिए मिलानो कोर्टिना 2026 का धन्यवाद। बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था।

# रोहित-कोहली का स्वर्णिम युग सिर्फ रिकॉर्ड में नहीं बल्कि प्रशंसकों के दिलों में भी अंकित रहेगा: चैपल

एजेंसी

एडीलेड। भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का जुनून और व्यक्तिगत गौरव को अधिक तवज्जो नहीं देना तथा रोहित शर्मा की विनम्रता और कलात्मकता सिर्फ रिकॉर्ड बुक में ही नहीं बल्कि प्रशंसकों के दिलों में भी हमेशा के लिए अंकित हो जाएगी। अपने आखिरी ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर आए रोहित और कोहली करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं और चैपल को लगता है कि इस जोड़ी की विरासत आंकड़ों से कहीं आगे जाती है। चैपल ने 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' के लिए अपने कॉलम में लिखा, ''अब जैसे-जैसे क्रिकेट की दुनिया आगे बढ़ेगी तो नए नाम उभरेंगे। नए कप्तान नेतृत्व करेंगे लेकिन यह स्वर्णिम अध्याय ऽ कोहली-रोहित युग ऽ सिर्फ रिकॉर्ड बुक में ही नहीं बल्कि हर उस प्रशंसक के दिलों में अंकित रहेगा जो समझता था कि वे किस लिए खड़े हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज चैपल का मानना है कि कोहली को सिर्फ महान बल्लेबाजों की श्रेणी में रखना उनके साथ अन्याय होगा। उन्होंने लिखा, ''कोहली कभी सिर्फ बल्लेबाज नहीं थे। वह एक आंदोलन थे। उन्होंने वो दिखाया जो बहुत कम लोग कर पाते हैं ऽ एक योद्धा जैसी मानसिकता। उन्होंने भारत की एकदिवसीय टीम को एक तेज, केंद्रित और पूरी तरह से फिट टीम में बदल दिया जो घर हो या बाहर, जीतने के लिए खेलती थी। इसके बाद उन्होंने उनके खेल और व्यक्तित्व का विश्लेषण किया और बताया कि दोनों किस चीज के प्रतीक थे। चैपल ने लिखा, ''कोहली का जुनून, उनका समझौता नहीं करना, आंकड़ों से अधिक विरासत में उनका विश्वास। रोहित की शान, उनकी विनम्रता और उनकी वापसी की कहानी जिसने हम सभी को याद दिलाया कि क्रिकेट में और जिंदगी में टाइमिंग ही सब कुछ है। चैपल यह बताना नहीं भूले कि कोहली अपने कुछ पूर्ववर्तियों के विपरीत आंकड़ों के मोह में नहीं थे। उन्होंने लिखा, ''लेकिन जो बात उन्हें (कोहली) उनसे पहले आए दिग्गजों से अलग करती थी वह थी व्यक्तिगत आंकड़ों को अधिक तवज्जो नहीं देना। जहां दुनिया शतकों और कुल स्कोर की वाहवाही कर रही थी, वहीं कोहली को सिर्फ नतीजों की परवाह थी। चैपल ने लिखा, ''उन्होंने एक बार कहा था कि वह भारत के लिए खेलते हैं रिकॉर्ड के लिए नहीं ऽ एक ऐसा बयान जिसने उनके नेतृत्व को परिभाषित किया। व्यक्तिगत उपलब्धियां अक्सर भारत की क्रिकेट कहानी का केंद्र बिंदु होती थीं लेकिन कोहली कुछ बड़ा चाहते थे। उनकी पहचान विरासत थी, आंकड़े नहीं। रोहित के मामले में, पारी की शुरुआत उन्हें लाल गेंद के एक ऐसे दिग्गज खिलाड़ी में बदल गई जो विरोधियों को बेहद सटीकता से ध्वस्त कर सकता था।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए बाबर, नसीम की पाक टी20 टीम में वापसी

एजेंसी

लाहौर। पूर्व कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाज नसीम शाह की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला और अगले महीने श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे के साथ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टी20 टीम में वापसी हुई है। पिछले साल दिसंबर से टी20 प्रारूप से बाहर चल रहे बाबर और नसीम के अलावा युवा आक्रामक बल्लेबाज अब्दुल समद की भी टीम में वापसी हुई है। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक रावलपिंडी और लाहौर में खेली जाएगी। त्रिकोणीय श्रृंखला भी 17 से 29 नवंबर तक इन्हीं स्थलों पर आयोजित की जाएगी। वर्तमान में रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में दूसरा टेस्ट खेल रहे पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद के इकबाल स्टेडियम में होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में भी भाग लेंगे। इसके बाद 11 से 15 नवंबर तक रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की एक और एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी। नसीम और बाबर पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम में भी शामिल हैं। चयनकर्ताओं ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज फखर जमां और कलाई के स्पिनर सुफयान मुकीम को नजरअंदाज किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज उस्मान खान को भी टीम में जगह मिली है लेकिन मुहम्मद हारिस टी20 टीम से बाहर हो गए हैं। रहस्यमयी स्पिनर उस्मान तारिक टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें पदार्पण का इंतजार है। एकदिवसीय टीम में फैसल अकरम, हारिस राऊफ और हसीबुल्लाह की वापसी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत को सीओपी (एशिया-प्रशांत) का उपाध्यक्ष चुना गया

**नयी दिल्ली।** भारत को पेरिस में आयोजित खेल में डोपिंग के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (सीओपी एशिया-प्रशांत) की 20वीं वर्षगांठ बैठक में पुनः उपाध्यक्ष चुना गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के प्रतिनिधियों के अलावा अन्य लोग भी शामिल हुए। यह सम्मेलन 20 से 22 अक्टूबर तक फ्रांस की राजधानी स्थित यूनेस्को मुख्यालय में आयोजित किया गया। खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''यह बैठक सम्मेलन की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया जो विश्व स्तर पर खेलों में अखंडता को बढ़ावा देने और डोपिंग को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय साधन है। सचिव (खेल) हरि रंजन राव और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के महानिदेशक अनंत कुमार की मौजूदगी वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 190 से अधिक सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। मंत्रालय ने कहा, ''कार्यवाही के दौरान भारत को 2025-2027 के कार्यकाल के लिए एशिया-प्रशांत (समूह चार) ब्यूरो का फिर से उपाध्यक्ष चुना गया। अजरबेजान को सीओपी 10 ब्यूरो का अध्यक्ष चुना गया। ब्राजील, जाम्बिया और सऊदी अरब को भी अपने क्षेत्रीय समूहों का उपाध्यक्ष चुना गया।

### खेल संचालन अधिनियम के मसौदा नियमों पर जनता की प्रतिक्रिया के लिए 14 नवंबर की समय सीमा तय

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल संचालन अधिनियम के मसौदा नियमों पर आम जनता के लिए प्रतिक्रिया देने की अंतिम तिथि 14 नवंबर तय की है। इस अधिनियम का उद्देश्य देश के खेल प्रशासन और विवाद समाधान व्यवस्था में सुधार लाना है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी), राष्ट्रीय खेल पंचाट (एनएसटी) और राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल (एनएसईपी) के मसौदा नियमों को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किया है और जनता से प्रतिक्रिया मांगी है। मंत्रालय ने कहा, ''ये नियम राष्ट्रीय खेल संचालन अधिनियम 2025 के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए तैयार किए गए हैं। इसमें आगे कहा गया है, ''यह अधिनियम खेल के सभी स्तरों पर नैतिक प्रथाओं और निष्पक्ष खेल को सुनिश्चित करने, प्राथमिक हितधारकों के रूप में खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने और देश में खेलों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना सुनिश्चित करने का प्रयास करता है। यह प्रतिक्रिया मंत्रालय को डाक द्वारा या 'रूल्स-एनएसजीए2025अस्पोर्ट्स.जीओवी.इन' पर ईमेल द्वारा भेजी जा सकती है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया इस वर्ष के अंत तक एनएसबी को अंतिम रूप देकर 2026 की पहली छमाही में इस अधिनियम को लागू करने के इच्छुक हैं। मंत्रालय ने कहा, ''टिप्पणियां/प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14 नवंबर 2025 है।

### लिवरपूल ने चैंपियन्स लीग में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को हराया, चेल्सी और बायर्न भी जीते

**मिलान।** लिवरपूल ने बुधवार को यहां चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को एकतरफा मुकाबले में 5-1 से हराकर प्रतियोगिता में वापसी की। चेल्सी और बायर्न म्यूनिख ने भी आसान जीत दर्ज की जबकि रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रीयाल मैड्रिड ने यूवेंटस को 1-0 से हराकर मौजूदा सत्र का अपना परफ़ेक्ट रिकॉर्ड बरकरार रखा। लिवरपूल ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ दिया। रासमस क्रिस्टेनसन ने 26वें मिनट में फ्रेंकफर्ट को बढ़त दिलाई लेकिन नौ मिनट बाद फ्रेंकफर्ट के पूर्व खिलाड़ी ह्यूगो एकिटिके ने लिवरपूल को बराबरी दिला दी। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक और इब्राहिमा कोनात के इसके बाद पांच मिनट के भीतर दो गोल दागकर अपनी टीम को मध्यांतर तक 3-1 से आगे कर दिया। कोडी गैप्को और डोमीनिक सोबोसलाई ने दूसरे हाफ में गोल दागकर लिवरपूल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। दूसरी तरफ रीयाल मैड्रिड ने 57वें मिनट में ज्यूड बेलिंघम के चैंपियन्स लीग में पहले गोल की बदौलत लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मैड्रिड और बायर्न सहित पांच क्लब अधिकतम नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं। चेल्सी ने अजैक्स को 5-1 से हराया जबकि बायर्न म्यूनिख ने क्लब ब्रूग को 4-0 से शिकस्त दी। एथलेटिक बिलबाओ ने काराबेग को 3-1 से हराकर मौजूदा चैंपियन्स लीग में अपने शुरुआती अंक जुटाए। गैलाटेसराय ने बोडो ग्लिम्ट को 3-1 से हराया जबकि स्पोर्टिंग लिस्बन ने मार्सिले को 2-1 से शिकस्त दी। टोटेनहैम और अटलांटा ने क्रमशः मोनाको और स्लाविया प्राग से गोल रहित ड्रॉ खेला।


# भारत के प्रसंस्कृत आलू उत्पाद दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजारों में बना रहे हैं अपनी पकड़ : जीटीआरआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के प्रसंस्कृत आलू उत्पाद दक्षिण पूर्व एशियाई बाजारों में अपनी पैठ बढ़ा रहे हैं। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि निर्जलित (डिहाइड्रेटेड) आलू के दानों एवं पेलेट्स का निर्यात 2021-22 के 1.14 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 6.33 करोड़ डॉलर हो गया है जिससे यह भारत की सबसे तेजी से बढ़ती प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात श्रेणी बन गई है। निर्जलित आलू के दाने एवं पेलेट्स सूखे हुए आलू उत्पाद हैं जो 'मैश' किए हुए आलू के लिए एक सुविधाजनक विकल्प हैं, जिन्हें पानी डालकर फिर से तैयार किया जा सकता है। अन्य प्रसंस्कृत आलू उत्पादों के निर्यात जो अच्छी वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं, उनमें आटा, स्टार्च, चिप्स और रेडी-टू-ईट (खाने के लिए तैयार) आदि शामिल हैं। इन वस्तुओं का निर्यात 2021-22 के 62 लाख अमेरिकी डॉलर से बढ़कर गत वित्त वर्ष 2024-25 में 1.88 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''लगभग 80 प्रतिशत निर्यात मलेशिया, फिलिपीन, इंडोनेशिया, जापान और थाइलैंड को जाता है जो दक्षिण पूर्व एशिया के 'स्नैक' और सुविधाजनक खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में भारत के एकीकरण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि गुजरात और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य नए निर्जलीकरण संयंत्रों, अनुबंध खेती एवं 'कोल्ड-चेन' बुनियादी ढांचे के साथ इस तेजी को बढ़ावा दे रहे हैं जिसे 5.6 करोड़ टन वार्षिक आलू की फसल का समर्थन प्राप्त है। श्रीवास्तव ने कहा कि जहां यूरोप ऊर्जा लागत एवं अनियमित फसलों से जूझ रहा है और चीन घरेलू मांग को प्राथमिकता दे रहा है वहीं भारत, एशिया के 'स्नैक' और क्यूएसआर (त्वरित-सेवा रेस्तरां) उद्योगों के लिए एक विश्वसनीय, कम लागत वाला, साल भर उपलब्ध आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में भाई दूज के दिन भी गिरावट का रुख बना हुआ है। सोने की कीमत में आज लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में सोना 4,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,690 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट गया है। वहीं, चांदी आज 4 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमत में हुई इस कमी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,880 रुपये से लेकर 1,26,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,15,390 रुपये से लेकर 1,15,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,26,030 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,25,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,26,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,15,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,15,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,26,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# बिहार के समस्तीपुर में पीएम मोदी की जनसभा को लेकर तैयारी पूर्ण, एसपीजी ने संभाली कमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



समस्तीपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 24 अक्टूबर यानी शुक्रवार को प्रस्तावित समस्तीपुर दौरे को लेकर जिले भर में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रशासनिक अमला से लेकर राजग गठबंधन के कार्यकर्ता तक प्रधानमंत्री की चुनावी सभा को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं।

शहर से सटे दुधपुरा हवाई अड्डा मैदान में होने वाली यह जनसभा बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए राजग का एक बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने जिले के वरीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर सभा स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। मैदान और उसके आसपास के क्षेत्रों की घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था को कई परतों में विभाजित किया गया है। करीब चार दर्जन वरीय अधिकारी, जिनमें आईएएस और आईपीएस रैंक के अधिकारी भी शामिल हैं, समस्तीपुर में विशेष रूप से तैनात किए गए हैं। साथ ही सैकड़ों जवान और केंद्रीय अर्धसैनिक बल सुरक्षा में मोर्चा संभालेंगे। प्रधानमंत्री की सभा के लिए दुधपुरा मैदान के पास और जीकेपीडी कॉलेज परिसर में अस्थायी रूप से तीन हेलिपैड बनाए गए हैं। इनमें से एक हेलिपैड पर प्रधानमंत्री का हेलिकॉप्टर उतरेगा, जबकि बाकी दो हेलिपैड एसपीजी और अन्य सुरक्षा बलों के विमानों के लिए आरक्षित रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे पहले कर्पूरीग्राम पहुंचेंगे। वहां वे जननायक कर्पूरी ठाकुर की झोपड़ी का अवलोकन करेंगे और स्मृति भवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से या हेलिकॉप्टर द्वारा दुधपुरा सभा स्थल पहुंचेंगे और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वे बेगूसराय के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए समस्तीपुर के साथ-साथ दरभंगा, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय और खगड़िया जिलों से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।

केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की विशेष इकाइयाँ भी निगरानी में रहेंगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके।प्रधानमंत्री की सभा को लेकर भाजपा, जदयू और राजग के सहयोगी दलों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

## बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान कार्मिकों का द्वितीय रैण्डमाईजेशन संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, कटिहार की अध्यक्षता में बिहार विधान सभा निर्वाचन- 2025 के अवसर पर प्रतिनियुक्त होने वाले विभिन्न श्रेणियों के मतदान कार्मिकों का द्वितीय रैण्डमाईजेशन के प्रक्रिया संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने द्वितीय रेंडमाइजेशन द्वारा मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त होने वाले कार्मिकों का मतदान दल का गठन करते हुए संबंधित विधानसभा आवंटित किया। कटिहार जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 2542 मतदान केंद्रों (संरक्षित 272) में प्रतिनियुक्ति हेतु महिला एवं पुरूष कुल 12382 कर्मियों का द्वितीय नियुक्ति पत्र इस रेंडमाइजेशन प्रक्रिया द्वारा अनुमोदित किया गया है। मतदान केंद्रों में सामान्य मतदान केंद्र-2148 (संरक्षित-218), मिश्रित मतदान केन्द्र-365 (संरक्षित-39), दिव्यांग मतदान केंद्र-7 (संरक्षित-7), युवा मतदान केंद्र-1 (संरक्षित-1) एवं महिला मतदान केंद्र-21 (संरक्षित-7) शामिल हैं। उक्त द्वितीय रैण्डमाईजेशन प्रक्रिया में सभी प्रेक्षक, पुलिस अधीक्षक, कटिहार के अतिरिक्त सभी निर्वाची पदाधिकारी एवं सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव प्रचार में प्रत्याशी तोड़ रहे हैं जाति धर्म और मजहब की दीवार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। अररिया जिला के छह विधानसभा क्षेत्र में द्वितीय चरण के तहत आगामी 11 नवंबर को मतदान होगा।नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद चुनावी अखाड़े में राजनीतिक दल के कार्यकर्ता समेत प्रत्याशी उतर चुके हैं और लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया जा रहा है।वहीं रूठे कार्यकर्ताओं को ऐन केन प्रकारेण मनाने का दौर भी जारी है।इन सबके बीच चुनाव प्रचार में जाति,धर्म,मजहब,ऊंच नीच,हिन्दू मुसलमान की दीवारें भी टूट रही है।चुनाव प्रचार के दौरान इन दिनों हिन्दू समुदाय कई पूर्व हो रहे हैं।दीपावली,काली,पूजा,चित्रगुप्त पूजा,गोवर्धन पूजा से लेकर लोक आस्था का महापर्व छठ भी है। आस्था के इस समंदर में न केवल हिन्दू समुदाय के लोग बल्कि मुस्लिम समुदाय से प्रत्याशी बने उम्मीदवार भी पर्व की बधाई के बहाने घर घर पहुंचकर मतदाताओं के नब्ज को टटोलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।प्रत्याशी हिन्दू के पूजा पाठ में भी शामिल हो रहे हैं तो मुस्लिमों के इबादत और जनाजे में भी शामिल होकर कब्र पर मिट्टी डालने का काम कर रहे हैं और चुनाव प्रचार के बहाने फिजा में सम्प्रदायिक सौहार्द्र की एक अलग ही मिठास घोल रही है। जोकीहाट के जन सुराज के प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री तस्लीमुद्दीन के पुत्र सरफराज आलम ने नामांकन के बाद ऐतिहासिक अति प्राचीन मां खड़गेश्वरी काली मंदिर में जाकर आशीर्वाद लिया और चुनाव प्रचार प्रारंभ किया। मां काली की साधक नानू दा से उन्होंने आशीर्वाद प्राप्त किया। अररिया के जदयू के प्रत्याशी शगुफ्ता अजीम बीती रात अलग अलग मां काली के पूजा पंडाल में घूमने के साथ नाट्य कला परिषद की ओर से आयोजित नाटक कार्यक्रम में एनडीए के स्थानीय नेताओं के साथ शिरकत की। फारबिसगंज के कांग्रेस प्रत्याशी मनोज विश्वास ने किरकिचिया मदरसा में नमाज अदायगी के बाद अपने समर्थकों के साथ बैठक की। फारबिसगंज के भाजपा विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी भी मझुआ, अमहारा,खैरखा,घोड़ाघाट,रमई आदि इलाकों में सभी वर्गों के साथ जनसंपर्क में जुटे हैं।कमोबेश नरपतगंज में भाजपा प्रत्याशी देवयंती यादव,जन सुराज के प्रत्याशी जनार्दन यादव,राजद प्रत्याशी मनीष यादव,अनिल यादव भी पूजा पंडालों और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी के साथ हिन्दू मुस्लिम सभी बस्ती में जाकर जनसंपर्क में जुटे हैं।

अररिया जदयू प्रत्याशी शगुफ्ता अजीम ने कहा कि अररिया की पहचान गंगा जमुनी तहजीब की धरती रही है। जहां हरेक समुदाय आपस में मिलजुलकर एक दूसरे के दुख सुख और पूर्व त्यौहार में भागीदारी निभाते रहे हैं। सीमांचल की पहचान तो राम बिना रमजान अधूरा और अली बिना दिवाली का रहा है।

# उत्तराखंड को विश्व बैंक से मिलेगा 680 करोड़ रुपये का सहयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड राज्य में वित्तीय पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और सेवा वितरण में सुधार के लिए एक परियोजना को विश्व बैंक के विचारार्थ अनुशंसित किया है जिसके तहत विश्व बैंक से लगभग 680 करोड़ (लगभग आठ करोड़ अमेरिकी डॉलर) की बाह्य सहायता का मिल सकती है। इसका प्रस्ताव राज्य सरकार ने प्रस्तुत किया था जिसे केंद्र सरकार ने अनुशंसित किया है।

गुरुवार को आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड सरकार ने राज्य में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सक्षम, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने तथा सेवा प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विश्व बैंक से बाह्य सहायता का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा इस प्रस्ताव को विश्व बैंक भारत कार्यालय, नयी दिल्ली के कार्यवाहक कंट्री डायरेक्टर पॉल प्रूसी को औपचारिक रूप से प्रेषित किया गया है। इस पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि उत्तराखंड सरकार के इस प्रस्ताव की प्रति संलग्न करते हुए इसे विचार एवं स्वीकृति के लिए अनुशंसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अनुशंसा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ख्यह उत्तराखंड के वित्तीय सुधार और सुशासन के प्रयासों की बड़ी स्वीकृति है। राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है कि प्रत्येक सरकारी रुपया जनता के हित में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ व्यय हो। विश्व बैंक की यह संभावित सहायता राज्य की वित्तीय प्रणालियों को डिजिटल, सुदृढ़ और परिणामोन्मुख बनाएगी। श्री धामी ने कहा कि इस परियोजना से राज्य में राजकोषीय अनुशासन, वित्तीय डेटा पारदर्शिता, और सेवा प्रदाय तंत्र की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार आएगा। उत्तराखंड सरकार के वित्त विभाग के अनुसार, यह परियोजना राज्य की ई-गवर्नेंस और डिजिटल पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट को नई दिशा देगी। इससे राज्य के प्रत्येक विभाग में वित्तीय अनुशासन, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग प्रणाली को मजबूत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह पहल उत्तराखंड को एक वित्तीय रूप से सुदृढ़, पारदर्शी और उत्तरदायी राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी। केंद्र सरकार एवं विश्व बैंक के सहयोग से राज्य की वित्तीय प्रशासनिक संरचना को सशक्त बनाने के साथ-साथ नागरिकों तक सरकारी सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी।

### प्रदेश का रजत जयंती समारोह पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा: मुख्य सचिव

देहरादून। मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन ने गुरूवार को सचिवालय में नवम्बर माह में प्रस्तावित रजत जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन प्रदेशभर में किया जाए। बैठक के दौरान 01 नवम्बर से 09 नवम्बर तक पूरे प्रदेश में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरूरेखा तैयार की गयी। मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग एवं पर्यटन के साथ ही सड़कों एवं नेटवर्क की कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उपलब्धियां अर्जित की हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में पिछले 25 साल की उपलब्धियों के साथ ही अगले 25 सालों का रोडमैप भी प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तरीय एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों को सभी विभाग आपसी सामंजस्य के साथ आयोजित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि 01 नवम्बर से 09 नवम्बर तक प्रत्येक दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में श्रमिकों, किसानों, पूर्व सैनिकों और महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

## बिहार के बेगूसराय में ट्रेन की चपेट में आने से चार रिश्तेदारों की मौत

पटना। बिहार के बेगूसराय जिले के बरौनी-कटिहार रेल खंड के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के उमेशनगर स्टेशन के ढाला के पास बुधवार देररात डाउन आम्रपाली एक्सप्रेस की चपेट में आने से चार रिश्तेदारों की मौत हो गई। साहेबपुर कमाल थानाध्यक्ष सिंटू कुमार ने इसकी पुष्टि की है। मृतकों की पहचान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रहुआ गांव के निवासी किशुन महतो के 40 वर्षीय पुत्र धर्मदेव महतो, मदन महतो की 35 वर्षीय पत्नी रीता देवी, उनकी 14 वर्षीय बेटी रौशनी कुमारी और नीतीश कुमार की सात वर्षीय बेटी आरोही कुमारी के रुप में हुई है। सभी एक ही घर में रहते थे। यह लोग रघुनाथपुर गांव के काली पूजा के मेले में शामिल होने के बाद अपने गांव रहुआ लौट रहे थे। रहुआ जाने के लिए लोग आमतौर पर रेलवे ट्रैक के किनारे के रास्ते का उपयोग करते हैं। इस मार्ग पर यह लोग आम्रपाली एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। सूचना पाकर पहुंची साहेबपुर कमाल थाना की पुलिस ने शवों को बेगूसराय सदर अस्पताल पहुंचाया।

# पंजाब में रोडवेज पनबस, पीआरटीसी ठेका कर्मचारी संघ ने किया चक्का जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी अनुबंध कर्मचारी ने गुरुवार को किलोमीटर स्कीम बसों की निविदा रद्द करने की मांग को लेकर दोपहर 12 बजे से, राज्य के सभी 23 जिलों में चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। अमृतसर में भी रोडवेज कर्मचारियों ने चक्का जाम शुरू कर दिया है। बड़ी संख्या में कर्मचारी राजमार्ग पर आकर नारेबाजी कर रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। अमृतसर में राजमार्ग जाम करने पहुंचे कर्मचारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। जालंधर में आंदोलन शुरू होने से पहले ही पुलिस ने कर्मचारियों को रोक लिया। चक्का जाम शुरू होने से करीब आधा घंटा पहले ही पुलिस ने जालंधर रोडवेज डिपो को घेर लिया और वहां भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। गेट पर बैरिकेडिंग कर कर्मचारियों को बाहर जाने से रोका गया। विरोध में कर्मचारियों ने डिपो परिसर के अंदर ही धरना शुरू कर दिया है। डिपो के अंदर कर्मचारियों की बैठक चल रही है, जिसमें आगे की रणनीति पर फैसला लिया जायेगा। पुलिस किसी भी मुलाजिम को बाहर नहीं जाने दे रही है। चंडीगढ़ में फिलहाल सरकार और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच बातचीत चल रही है। इसी वजह से अभी तक बस सेवायें पूरी तरह बंद नहीं की गयी हैं। पुलिस प्रशासन भी यूनियन से अपील कर रहा है कि चक्का जाम को टाल दिया जाये। लुधियाना में कर्मचारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया है, जिसके बाद पुलिस ने भी सुरक्षा बढ़ा दी है और राजमार्ग और बस स्टैंड के आसपास अतिरिक्त बल तैनात किया गया है,जिससे स्थिति नियंत्रण में रहे। रोडवेज पनबस, पीआरटीसी ठेका कर्मचारी संघ, के अध्यक्ष सतपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने पंजाब रोडवेज जालंधर -2 के महाप्रबंधक को मंगलवार को पत्र लिख कर अवगत कराया था कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गयी तो 23 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, पटियाला, संगरूर, बठिंडा और पंजाब के अन्य राजमार्गों पर चक्का जाम किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि सरकार और प्रबंधन ने पंजाब रोडवेज़, पनबस/पीआरटीसी के अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने और पंजाब के मुख्यमंत्री ने संगठन के साथ एक पैनल बैठक कर एक जुलाई 2024 के आदेशों के अनुसार, उनकी सात मांगों का समाधान निकालने के आदेश दिये गये थे।

## पुलिस मुठभेड़ में ज्वेलरी शॉप में हुई गोलीबारी में शामिल आरोपी पिता-पुत्र की जोड़ी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

होशियारपुर। पंजाब में होशियारपुर जिले के गज्जर गांव के पास गुरुवार को एक पुलिस दल पर पर गोलीबारी करने वाले पिता-पुत्र की जोड़ी को गिरफ्तार कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मलिक ने बताया कि यह घटना सुबह उस समय हुई जब माहिलपुर पुलिस थाने और सीआईए स्टाफ की संयुक्त टीम ने माहिलपुर थाने के अंतर्गत गज्जर गांव के पास मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों का पीछा किया।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया, तो दोनों ने पुलिस टीम पर तीन राउंड फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस द्वारा चलायी गयी एक गोली केशव बावा नाम के एक आरोपी के दाहिने पैर में लगी, जबकि उसका पिता कृष्ण गोपाल बाल-बाल बच गया। दोनों टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी हैं। घायल को उपचार के लिए होशियारपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्री मलिक ने बताया कि माहिलपुर में एक आभूषण की दुकान पर 18 अक्टूबर को हुई गोलीबारी की घटना के बाद से पुलिस अलर्ट पर है। उन्होंने कहा, ख्र हमें इलाके में कुछ संदिग्ध लोगों के घूमने की सूचना मिली थी। उनका हुलिया माहिलपुर ज्वेलरी शॉप में हुई गोलीबारी में शामिल संदिग्धों से मिलता-जुलता था। हमारी टीम ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया, तो उन्होंने गोलियां चला दीं। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। सौभाग्य से, कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ।

# बाबा केदार अपने धाम से विदा, शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर में विराजमान होंगे

- सुबह 8.30 बजे पारंपरिक रीति-रिवाज से कपाट बंद
- मुख्य पुजारी ने स्वयंभू लिंग को दिया समाधि रूप
- सीएम पुष्कर धामी ने किए बाबा केदार के दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रुद्रप्रयाग। पौराणिक रीति-रिवाजों और धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ भैयादूज के पावन पर्व पर सुबह 08:30 बजे सेना के बैंड की भक्ति धुन और जयकारों के बीच भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योर्तिलंगों में एक केदारनाथ धाम से बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली ने शीतकाल के लिए अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर 10 हजार से अधिक शिवभक्तों ने अपने आराध्य के दर्शन किए। डोली रात्रि प्रवास के लिए अपने पहले पड़ाव रामपुर पहुंचेगी। बाबा केदार की डोली शीतकालीन पूजा-अर्चना के लिए 25 अक्तूबर को पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान हो जाएगी। इसके बाद अगले छह माह तक शिवभक्त अपने आराध्य की पूजा-अर्चना और दर्शन यहीं पर कर सकेंगे। गुरुवार को केदारनाथ धाम में सुबह 4 बजे से मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद करने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। मुख्य पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ की समाधि पूजा-अर्चना करते हुए अन्य परंपराओं का निर्वहन किया। इस मौके पर बाबा केदार के स्वयंभू लिंग का पुष्प-अक्षत और भस्म से श्रृंगार कर समाधि रूप दिया गया। साथ ही भोग लगाया गया। मुख्य पुजारी ने अन्य परंपराओं को निभाते हुए बाबा केदार की पूजा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप भव्य केदार पुरी का निर्माण हुआ और चारधाम यात्रा में इस वर्ष रिकार्ड 50 लाख श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने कहा कि धामों के कपाट बंद के बाद शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहित किया जायेगा।

## घर में स्टोर किये जा रहे पटाखों में ब्लास्ट, लगभग 10 लोग झुलसे

लुधियाना। पंजाब में लुधियाना के चीमा चौक के नजदीक इंदिरा कॉलोनी में गुरुवार को एक घर में जमा किये जा रहे पटाखों में विस्फोट हो गया, जिससे 10 से अधिक लोग झुलस गये। विस्फोट होने के कारण घर में आग लग गयी और 10-15 लोगों के झुलसने की सूचना है। विस्फोट की आवाज सुनकर पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गयी और लोग वहां एकत्रित हो गये। बताया जा रहा है कि इस घर में पटाखे जमा किये जा रहे थे, ताकि अगले साल उन्हें दिवाली के समय फिर से बेचा जा सके। बुधवार से यहां पर पटाखे जमा करने का काम शुरू किया था। वीरवार दोपहर को अचानक पटाखों मे आग लग गयी और 10-15 लोग झुलस गये। लोगों ने फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। झुलसे हुए लोगों कों आसपास के लोगों ने सिविल अस्पताल पहुंचाया। अग्निशमन अधिकारी जशिन कुमार का कहना है कि जब तक वह मौके पर पहुंचे, तब तक वहां पर आग बुझ चुकी थी और झुलसे हुए लोगों को वहां से निकालकर अस्पताल पहुंचा चुके थे। उनका कहना है कि वहां पर पटाखे एकत्र करने का स्टोर बनाया गया था। उसी में विस्फोट हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063